॥ ॐ ॥ ॐ नमो वागीश्वर्यै ॥ ॐ ॥

श्री गोवर्द्धन-अभिनन्दन-ग्रन्थ

जयन्ति ते सुकृतिनो रससिद्धा कवीश्वरा: ।
नास्ति येषां यश: काये जरामरणजं भयम् ॥
"भर्तृहरिः"

सम्पादक :—
साहित्यालङ्कार काव्यतीर्थ
श्री सत्यनारायण प्रसाद शर्मा
साहित्यपुराणाचार्य ।



श्री सरस्वत्यै नमः

द्वितीय प्रकरण

१—निबन्धाः ...
२—श्रौत-स्मार्त-पौराण-देवता-विमर्शः ...
३—सुख-स्वरूप-विवेकः ...
४—साहित्यस्य सद्व्युत्पत्ति शास्त्रत्व-समर्थनम् ...
५—गीता-शास्त्र-सारः ...
६—संस्कृत-समुन्नति-साधनानि ...
७—संस्कृत-साहित्य पर एक दृष्टि ...
८—साहित्य और उसकी गति-विधि ...
९—कुछ भाषा के शब्द और उनकी आधार-शिला ...
१०—संस्कृत-साहित्य का महत्त्व ...
११—शिक्षा का महत्त्व और भारत ...
१२—प्राचीन और आधुनिक संस्कृति ...
१३—कालिदास और प्रकृति ...

तृतीय प्रकरण

१—स्नातक-परिचय ... २०
२—सम्मतियाँ ... २१५
३—श्रीराजस्थान संस्कृत-विद्यालय का संक्षिप्त इतिहास ... २१७

प्राक्कथन

'उत्तमा आत्मना ख्याता.' संस्कृत की एक लोकोक्ति है। इस विशाल सृष्टि प्रत्येक प्राणी प्रगति पथ पर अग्रसर होने की अत्यधिक चेष्टा किया करता है। उसके जीवन एक लक्ष्य बन जाता है प्रगति करना, और वह प्रगति के लिये इतना अत्यधिक लालायित हो जाता है कि इसके लिए अपने पिता, मामा, ससुर, मित्र एवं प्रिय सम्बन्धी आदि की प्राप्त करने की भी अत्यधिक चेष्टा करता है। किन्तु कतिपय जन्मना सिद्ध प्रकृतिक ऐसे महा पुरुष भी होते हैं, जो प्रगति के लिए किसी की सहायता भी अपेक्षित नहीं समझते। उन्ह के लिए ही उक्त लोकोक्ति है।

हमारे इस 'अभिनन्दन ग्रन्थ' के चरित नायक पूज्य पण्डित जी पर यह उक्ति सर्वांश चरितार्थ हुई है। पूज्य पण्डित जी का यश जो दिग् दिगन्त फैला हुआ है, इसमें दूसरे पुरुष नामधारी की सहायता नहीं है। यह समस्त पण्डित जी के ही विशाल भुजदण्डों उपार्जित किया हुआ है।

ऐसे महापुरुष का क्यों न अभिनन्दन किया जाय, जिसके जीवन का प्रत्येक अनुकरणीय हो, जिसका जीवन बालकों का चरित्र-निर्माता, युवकों का पथ-प्रदर्शक वृद्धों का अभिनन्दनीय हो, जिसने कालधर्म के अनुसार ह्रास की ओर द्रुतगति से हुई कल्याणमयी गीर्वाणवाणी को प्राचीन महर्षियों द्वारा प्रदर्शित भावुकपद्धति से एक रूपको स्थापित कर अतिशय सेवा की हो? जिस समय पं० जीने इस विद्यालय को किया था, उस समय सुदूर पर्यन्त संकल्पमात्र शुद्ध उच्चारण करनेवाला भूदेव दृष्टिगोचर होता था। श्री राजस्थान संस्कृत-विद्यालय ने सैकड़ों ऐसे सुयोग्य छात्र तैयार किए हैं, देववाणी का अध्ययन कर प्राचीन भारतीय संस्कृतिको अक्षुण्ण रखने की प्रतिज्ञा की है। इस विद्यालय में छात्रों की वेशभूषा, वेदमन्त्रोंका सुमधुर उच्चारण, अग्निहोत्र की सुगन्धित पटली, उन पवित्र आश्रमों की याद दिलाते हैं, जिनमें निवास कर प्राचीन कालमें दर्शी महर्षियों ने विश्व को अध्यात्म विद्या जैसी देन दी थी।

उपर्युक्त बात को ध्यान में रख कर विद्यालय के छात्र-स्नातक, एवं मान्यों श्रीमान् पं० जी को अभिनन्दित करने का विचार किया। इसी पुनीत अवसर पर पण्डितजी के पावन-पाणि पङ्कजों में 'श्री गोवर्धन-अभिनन्दन ग्रन्थ' समर्पण करने का श्लाघनीय विचार किया। ग्रन्थ के सम्पादन का भार उन्होंने मेरे निर्बल कन्धों पर तथा मुझे सम्बल देने के लिए एक ग्रन्थ-व्यवस्थापक समिति भी बना दी। यद्यपि मैं विशाल ग्रन्थ का सम्पादन करने की क्षमता एवं योग्यता नहीं रखता, परन्तु गुरुजनों एवं

इतने विशाल ग्रन्थ का सङ्कलन केवल ८ मास में हुआ; उसमें भी सप्ताहों तक कई बार इसका कार्य रुका रहा। जिन-जिन शिष्यों के लेख, शुभकामना, श्लोक आदि अपेक्षित थे, वे सुदूर प्रान्तों में फैले हुए होने के कारण उपयोगी सामग्री शीघ्र न भेज सके। साथ-साथ कई एक लेखकों ने भी मन्थर गति से काम लिया। फिर भी उनकी सहायता से यह ग्रन्थ इस रूप में आप लोगों के कर कमलों में विराजमान है।

इस ग्रन्थ में जिन विद्वानों की रचनाएँ हैं, वे तो धन्यवादार्ह हैं ही, परन्तु पूज्य पण्डित जी के सुपुत्र द्वय पं० उमाशङ्कर जी आयुर्वेदाचार्य एवं साहित्यालङ्कार पं० परमानन्द शास्त्री विशेष बधाई के पात्र हैं; जिन्होंने सामग्री के क्रम-विन्यास में मुझे अत्यधिक सहायता दी है। श्रीमालचन्द वर्मा विशारद को भी हार्दिक धन्यवाद है, जिन्होंने कतिपय लेखों की प्रतिलिपि करने में विशेष सहायता दी है।

ग्रन्थ जैसा भी बन सका है, वैसा आपके सामने है। इसके गुण-दोषों की परीक्षा का भार आप पर है; परन्तु मेरी अयोग्यता एवं समयाल्पता को ध्यान में रखते हुए आशा है, आप दोषों पर ध्यान नहीं देंगे। मानव-कृति में दोष रहना स्वाभाविक है, उसकी कोई भी कृति निर्दोष नहीं होती। अस्तु।

विद्वानों से विनम्र प्रार्थना है कि वे प्रेसमैनों की असावधानी से अथवा अन्य कारणों से रही हुई अशुद्धियों की सूचना अवश्य दें, ताकि अगले संस्करण में उनका संशोधन किया जा सके।

तारानगर
पौ० कृ० २
२००६

विनम्र :—
सत्यनारायण प्रसाद

समर्पण

हे महामहिम आचार्य्य !

पञ्चाशद्वर्षीय देशसेवाओं के उपलक्ष में आपके पावन पाणिपङ्कजों में श्रद्धावनत अकिञ्चनों की यह भाव-कुसुमाञ्जलि सादर समर्पित है ।

देव !

इसे सानुग्रह ग्रहण कर हमें आशीर्वाद दीजिए, हम भी आपके पद-चिह्नों पर चलते हुए देश-सेवा के पवित्र पथ पर अग्रसर हो सकें ।

तारानगर
वि० सम्वत्, २००७

हम हैं आपके—
मित्र, शिष्य, प्रशिष्य, स्नातक एवं गुरुभ्राताओं के अन्य सेवक ।

ग्रन्थ व्यवस्थापिका समिति

१ पं० गोपालचन्द्र जी शास्त्री, अध्यक्ष कनहपुरिया आयुर्वेद विद्यालय, राजगढ़।

२ के० के० श्रीनिवासाचार्य वैद्यपञ्चानन, अध्यक्ष भारद्वाज फार्मेसी, सरदारशहर।

३ पं० हनुमत्प्रसाद शास्त्री साहित्यायुर्वेदाचार्य, श्री सनातन आयुर्वेद विद्यालय, बीकानेर।

४ पं० बदरी प्रसाद जी आचार्य, अध्यक्ष ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम, चूरू।

५ आचार्य उमाशंकर वैद्य, अध्यक्ष सेवासमिति दातव्य औषधालय, सरदारशहर।

६ साहित्यालङ्कार पं० परमानन्द शास्त्री 'निर्भय', तारानगर।

७ पं० नारायणदत्त शास्त्री 'प्रभाकर', तारानगर।

८ मालचन्द्र वर्मा 'विशारद', बीकानेर।

९ साहित्यालङ्कार सत्यनारायण प्रसाद शास्त्री, साहित्यायुर्वेदाचार्य, राजगढ़।

श्री गोवर्द्धन अभिनन्दन-ग्रन्थ

मंगल-गीत

(१)

विबुध - बुधशिरः सुन्दरमधुकर - चुम्बितपादसरोजा ।
जित - युगभूधर - शृङ्गमनोरम - पीनोन्नत - सदुरोजा ॥

(२)

पीवरतुङ्गे मंजुनितम्बे सञ्चित - काञ्चन - काञ्ची ।
करसरसिजधृत - जघननिवेशित-कच्छपिकाख्यविपञ्ची ॥

(३)

गलजितकम्बुः कचजितजम्बूः सान्द्रनवाम्बुद शोभा ।
कान्तसुकोमल - कुञ्चितकुन्तल - चुम्बनजानुविलोमा ॥

(४)

नाभिविनिन्दित - सन्ततघूर्णित - देवनदीभ्रमिरोचिः ।
जानूरुत - करि - वरकर - कदलीस्तम्भमनोरमरोचिः ॥

(५)

अनुपमवदना निरुपमनयना भ्रूजितमन्मथचापा ।
तिलसुमनासा वरतनुभासा शुचिनहेमकलापा ॥

(६)

ललाटतटजित - कलङ्कविरहित - शीतलदीधितिखण्डा ।
अनगगलोचनमोहन - काञ्चनकुण्डल - मण्डितगण्डा ॥

(७)

अधरधारहृत - नूतनविकसित - किंशुककुसुमकान्तिः ।
[illegible] हसितमुखकला मौक्तिकदन्ताभकान्तिः ॥

(८)

[illegible] कमलजकान्ता [illegible] ।

शुभाभिशंसनम्

आचार्य "चन्द्रमौलि" बीकानेर

जीवनं सफलायितम् आदर्शभूतं यस्य हि !
तस्य जननियहे कथन्नो जायतामभिनन्दनम् ।
शारदा संराधने विद्याप्रचारे पाठने ।
आसीत्प्रवृत्तिर्मानसी तस्यैव स्यादभिनन्दनम् ॥१॥

स्नातकाः देशान्तरेषु कार्यव्यापृतमानसाः ।
यस्य विदुषश्चात्मजा इव तस्य स्यादभिनन्दनम् ।
भारतीय सुसंस्कृतेरादर्शभूतो विग्रहः ।
दृश्यते बुध सहजन्तस्येह स्यादभिनन्दनम् ॥२॥

जनयतात् जननी यथा गोवर्धनो जातः सुधीः ।
धुरिधन्वरत्नस्यामितं दिविगीयतेऽप्यभिनन्दनम् ॥
यस्यगुणगरिमाश्रिता अन्ते वसन्तो मेधया ।
वर्चसा ख्याता जगत्यां तस्य स्यादभिनन्दनम् ॥३॥

अभिमानभूमिर्भारतस्य पण्डितो गोवर्धनः ।
दिग्दिगन्तेष्वे तु प्रसरं गीयतामभिनन्दनम् ॥
जीवतात् शरदांशतं श्री बुद्धिमच्चूडामणिः ।
श्रीचन्द्रमौलि कवीश्वरेण गीयतामभिनन्दनम् ॥४॥

॥ गुरु-दरबार, भजन लावनी गाना ॥

दोहा—जुग जुग में जीवित रहे गुरु ब्रह्म दरबार।
विद्या वेद पुराण धन जहँ पावे फल चार ॥१॥
विद्या गुण भंडार, आपकी महिमा है भारी ॥टेक॥
सिद्धान्त चोक—तारानगर निवास हरि के दास बड़े उपकारी २।
वे पण्डित जी महाराज गोवर्धनधारी ॥
तिक्षण बुद्धि विशाल पढ़ावें बाल शीलव्रतधारी २
वे गुरु जी का दरबार सदा सुखकारी ॥
झाड़—चुन चुन के लरको ल्यावे, फिर सबकूँ आप जीमावे।
पुत्र के समान पढ़ावे, सुजन की सेवा भावे ॥
संगीत—मैं भी रहा एक मास अच्छी विद्या पाई है।
खान पान अन्न वस्त्र जुगती लगाई है ॥
घर से रुपया दिया पुस्तक भी मंगाई है।
सच्चे प्रेम नेम मुझे भागवत पढ़ाई है जी ॥
गुरु जी उत्तम उपकारी, विद्या गुण भंडार० ॥१॥
सिद्धान्त चोक—करते विद्या दान सुजन सन्मान दया में राता २।
गुरु समान कुण और मात पितु भ्राता ॥
वाणी विमल विशाल प्रभु के लाल हाथ के दाता २।
मैं करता मन में याद हिया हर्षाता ॥
झाड़—नहीं लेवत आप पढ़ाई, दिल ऐसी भक्ति भाई।
गुरु जी कीनी बहुत भलाई, इक मुखसे सकूँ न गाई ॥
संगीत—ब्राह्मणों के बाल जिन प्रेम से पढ़ाये हैं।
ब्रह्म का समाज देख हिये हर्षाये हैं ॥
सुजन की सेवा मांही सदा मन लाये हैं।
उत्तम लक्षण आप सब ही के मन भाये हैं जी ॥
गुरु जी गंगाजल झारी, विद्या के भंडार० ॥२॥
सिद्धान्त चोक—सदा धर्म का काम गुरु का धाम मोक्ष का द्वारा २।
[illegible]

झाड़—वे सदा प्रभाते न्हाते, फिर मंत्र वेद के गाते।
संध्या वंदन चित लाते, ता पीछे ग्रन्थ पढ़ाते॥
संगीत—आठ पहर साठ घड़ी वेद का विहार है।
देस की कुचाली सारी बिगड़ी सुधार है॥
महर्षी सन्तान जाके सदा यही कार है।
गुरुजी का धाम जाकी महिमा अपार है जी।
गुरुजी सच्चेतपधारी, विद्या के भण्डार॥३॥
सिद्धान्त चोक—गावे कान्हिराम सिखरपर धाम नगर गुलझारी रा
जहां बसते श्री गुरुदेव भगत नर-नारी।
करें हरि.गुण गान लगावें ध्यान हिये हरीयाली रा
जहां शीत घाम नहीं रोग, भक्ति उजियाली।
झाड़—जहां शंकर परमानन्दा, नहीं जन्म-मरणका फन्दा।
वे भजते बालमुकन्दा, नित गावत गुरु गोविन्दा॥
संगीत—बोलो राम जी हरे दुविधा दूर करे।
बोलो नारायण हरे सारे कारज सरे॥
बोलो ठाकुर जी हरे बेड़ा पार करे।
बोलो प्रेम से हरे सारे विघन टरे जी॥
गुरु के चरणूं बलिहारी विद्या के० ॥४॥
दोहा—गुरुजी के दर्बार में सब बस्तु का ठाठ।
रोटां रा कोठा भरया निर्मल जल का माट॥१॥

कवित्त

चुन चुन ल्याये धान सब ही को राख्यो मान ब्राह्मणों के बाल आप प्रेम से पढ़ाये हैं।
मेरो मुख एक याते काहे से प्रशंसा करूं सागर जेते गुण नांही गागर में समाये हैं॥
गोवर्द्धन जी शास्त्री एसो उत्तम मुनीश एक सुजन की सेवा मांही सदा व्रत लाये हैं।
हर्षकी है बात आज सुण्यो है समाज राज होय धार बाक पुष्प भेंट को चढ़ाये हैं॥१॥



चरित नायक —

काव्यसंपद—पण्डित राज गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री, महोपदेशक

(राम-चिन्तन के क्षणों में)

श्रीयुक्त ब्राह्मण-कुल-कमल-दिवाकर संस्कृत-प्राण
वैयाकरण-केसरी महोपदेशक

पं० गोवर्द्धनप्रसाद जी शास्त्री

—का—

संक्षिप्त जीवन-वृत्तान्त

लेखक :—

चन्द्रनारायण शर्मा, बी० काम ; विशारद

पाटनी पैलेस, कलकत्ता।



मुझे "श्री गोवर्द्धन-अभिनन्दन-ग्रन्थ" के यशस्वी सम्पादक ... कविराज सत्यनारायण प्रसाद शास्त्री साहित्यायुर्वेदाचार्य का ... श्रद्धेय पं०जीके जीवन-वृत्तान्त को लिखने का मिला ; तब मस्तिष्क में एक वि... सिहरन हो उठी, हृदय आनन्द के अपार सागर के अपूर्व प्रवाह में निमग्न... गया और होने लगा आत्मा में आनन्द का एक विशेष स्पन्दन।

अहा ! आज वर्षों से नग्न-घृणित चरित्र-चित्रण से कलंकित ... कलङ्क-कालिमा महापुरुष के जीवन-वृत्तान्त लिखने से धुल जायगी !

युग-युगान्तर से हृदय में विद्यमान अन्धकार भी इस प्रकाण्ड विद्वान... प्रबोध-प्रकाश से दूर हो जायेगा और मुझे प्राप्त होगा अपूर्व यश एवं अतु... सुषमाका साम्राज्य !

श्रद्धेय पं० गोवर्द्धन प्रसादजी शास्त्री महोपदेशक इस विराट ... प्रान्त के सर्वाङ्गी धर्मोद्धारक, विद्याप्रचारक एवं धुरन्धर विद्वान् हैं। ... जीवन प्रत्येक विद्याव्यसनी, सज्जन, आदर्श गुरु एवं देश-धर्म तथा जातिप्रेम... लिए अनुकरणीय है। आपके अध्यवसाय एवं उत्साहपूर्ण जीवन के ... का स्मरण कर रोमाञ्च हो उठता है, अत्यधिक विस्मय होता है और हृदय ...

जन्म—बाल्यकाल—शिक्षा

आपका जन्म सं० १६३८ विक्रम माघ शुक्ला प्रतिपदा शुक्रवार को प्रसि ब्राह्मण-वंश में हुआ। आपकी जन्मभूमि यही तारानगर है, जिसमें कि आपक अपूर्व अभिनन्दन-समारोह मनाया जायगा। आपके पूज्य पिता पं० देवीदत्त शर्मा प्रसिद्ध विद्वान एवं प्रख्यात ज्योतिषी थे। आपकी माता श्रीमती तारा दे भी सुयोग्य, सन्तति-पालन-प्रवीण एवं धर्मात्मा थीं। आप के वंश में ज्योति तो बहुत अच्छे-अच्छे हो गए हैं। कहते हैं आपके ३-४ पीढ़ी पूर्व पं० घासीरा जो ज्योतिषी तो किसी की जन्मपत्री आदि बनाते समय पहले ही कागज पर लि दिया करते थे कि यह व्यक्ति दक्षिणा-रूप में मुझे अमुक वस्तु देगा। आपकी ज्योतिष-विद्या के चमत्कार से प्रभावित होकर बीकानेरके भूतपूर्व महारा गजसिंह जी ने आपको कितनी ही भूमि पारितोषिक-स्वरूप प्रदान की थी। आपके पितामह श्रीमान् पं० गणेशदास जी भी बड़े सरल, सौम्य एवं भगवद्भक्त थे।

आपका शैशव बड़े आनन्द के साथ व्यतीत हुआ है। आप बाल्यका में बहुत ही चञ्चल प्रकृति के थे। आप शैशव में अपने दादा जी के पास रहा करते थे; वे भगवद्भक्त थे ही, अतः आपको भी भगवद्विषयक उपदेश ए कथाएँ बड़े प्रेम से सुनाया करते थे। फलस्वरूप आप सनातन-धर्म के प्रब पक्षपाती एवं भगवान् शङ्कर के अनन्य भक्त हैं। 'नवीने भाजने लग्नः संस्कारो नान्यथा भवेत्' यह उक्ति आप पर पूर्ण रूपसे चरितार्थ हुई है।

आपका अध्ययन-काल तो बड़ा जीवट एवं उत्साहपूर्ण तथा विचित्र घट नाओं से युक्त था। आपने ८ वर्ष की अवस्था में ही विशिष्ट अध्ययन की सुन आशा को ध्यान में रखकर गृह त्याग कर दिया था। इससे पहले आपने वर्ण बोध, बड़ी पहाड़ा, मामूली हिसाब एवं देवताओं की स्तुतियाँ कण्ठाग्र कर ली थीं। सबसे पहले आप सिरसा गए और [illegible] संस्कृत पाठशाला के तत्कालीन अध्या पक श्रीमान् पं० ऋषिराम जी के पास अध्ययन करने लगे। पं० ऋषिरामजी कुछ समय बाद भटिण्डा चले गए और उनके साथ आप भी भटिण्डा चले गए। वहाँ आप बड़े उत्साह एवं संलग्नता के साथ अध्ययन करने लगे। आपके सहपाठी आपकी प्रतिभा से ईर्ष्या करने लगे और एक दिन उन्होंने स्नान के समय तालाब में आपको धक्का दे दिया। परन्तु भाग्यवश वहाँ कपड़े धोते हुए [illegible] ने [illegible] आपको बाहर निकाला। आप पं०जी के पास [illegible] हठ करने लगे कि मैं तो अब यहाँ नहीं रहूँगा। पं०जी

आपको बहुत कुछ समझाया, सहपाठियों को ताड़ना भी दी ; परन्तु आप नहीं
ने और फीरोजपुर छावनी चले गए। वहां से कुछ दिन बाद ही लौट आए
र सिरसा में पं० कृष्णानन्द जी के पास तत्परता से अध्ययन करने लगे। इसी
च आपका विवाह भी हो गया, परन्तु इसका आपकी शिक्षा पर कोई दुष्प्रभाव
ीं पड़ा।

उसके बाद आपने बनारस जाने की योजना बनाई। पैसा न होने के
रण आपने पैदल बनारस जाने की ठान ली। आपने दो एक सहपाठियों को
थ लिया और बनारस की ओर चल पड़े।

कई दिन चलते चलते आप देहली पहुंचे और 'झण्डे वाली' पाठशाला में
कर विश्राम किया। वहां के छात्र एवं अध्यापकों ने वहीं रहने का आग्रह
या, परन्तु आपके हृदय में तो काशी जाने की धुन थी, आप वहां कैसे रह सकते
! निदान काशी की ओर चल पड़े। रास्ते में कहीं गाड़ीपर चढ़ लेते, कहीं
दल चलते, इस तरह करते बनारस पहुँचे। वहां आप कई पण्डितों से मिले।
ाशी के तत्कालीन प्रसिद्ध विद्वान् श्री गोविन्द शास्त्री के पास आपने ५ वर्ष तक
याकरण, काव्य, न्याय, धर्मशास्त्र, कर्मकाण्ड, ज्योतिष एवं पुराणेतिहास का अध्य-
न किया। आपने अध्ययन के साथ साथ सभा सोसाइटियों में भी जाना आना
ारम्भ कर दिया। अपने सहाध्यायीवर्ग से शास्त्रार्थ भी करते थे, इसी के फल-
वरूप आप आगे चल कर 'महोपदेशक' एवं 'सफल शास्त्रार्थी' कहलाए।
ास्त्रों का अध्ययन कर चुकने पर आप १८ वर्ष की अवस्था में गुरुदेव की
आज्ञा लेकर तारानगर आ गए। घर आते समय श्री गोविन्द शास्त्री ने आपको
आशीर्वाद दिया था कि "यही विद्या तुम्हारे लिए कल्पवृक्ष हो जायगी" और हुआ
भी ऐसा ही।

कार्यक्षेत्र और सेवाकार्य

सं० १९६६ में बनारस से विद्याध्ययन कर लौट आने के बाद तारानगर
निवासी श्रीमान् सेठ हीरालाल जी मन्त्री, बलदेवदास जी खेमाणी, हरिदास जी
आचार्य आदि तात्कालिक गण्यमान्य व्यक्तियों के विशेष आग्रह करने पर आपने
श्री राजस्थान संस्कृत विद्यालय की स्थापना की। उस समय राजगढ़ से टीका.

अतः आपने उस निमन्त्रण को अस्वीकृत कर दिया। श्री राजस्थान संस्कृत वि
लय की स्थापना के समय आपकी अवस्था केवल १८ वर्ष की थी। परन्तु; '
हि न वयः समीक्ष्यते' के अनुसार आपने यह कार्य कर दिखाया, जिससे
तारानगर के इतिहास में एक नए अध्याय का आरम्भ हुआ। आपकी म
के सामने दैव को झुक जाना पड़ा।

जैसा कि सदैव होता है, इस शुभ कार्य को आगे बढ़ाने में भी बहुत
आये, परन्तु आपकी कर्तव्यपरायणता सतत उत्साहशीलता के सामने ठहर न सके
यहाँ के कई पण्डित नामधारी क्षुद्र जन्तुओं ने अज्ञानमदाक्रान्त हो वि
को विध्वंस कर देने की कुचेष्टाएँ कीं, परन्तु आपके प्रभाव के सामने उन्हें हार म
पड़ी। जलोद्भूत बादलों का कृत्रिम अन्धकार कर्मवीर सूर्य की प्रचण्ड किरणों के
तेज को कथावशेष करने में न आज तक समर्थ हो सका है और न हो सकेगा।

आपने श्री राजस्थान विद्यालय में ही 'सनातनधर्म-सभा' की स्थापना
की। इसके द्वारा आपकी अध्यक्षता में छात्रों को वाक्पटु बनाया जाता था।
जनता ने इस सभा द्वारा अत्यधिक धार्मिक लाभ उठाया। सनातनधर्म एवं पौराणिक
जटिल विषयों पर आपका बड़ा ही मार्मिक भाषण हुआ करता था।

तारानगर का वर्तमान मिडिल स्कूल, जो आजतक न मालूम कितने ही छात्रों
को सुयोग्य बना चुका है, आप ही की कृपा का फल है। आपने ही इसे प्राइमरी
स्कूल से मिडिल स्कूल के रूप में परिणत करने की चेष्टा की।

इसके बाद आपने सनातनधर्म पुस्तकालय की स्थापना की, जिसने जनता
की बहुत वर्षों तक सेवा की थी। यह पुस्तकालय विद्यालय के अन्तर्गत ही वर्ष
वर्षों तक रहा। आप जिस प्रकार की जनसेवा करने के इच्छुक थे, वैसी सेवा इसके
द्वारा न होते देख आपने इसे विशाल रूप देना चाहा। और आपकी वही इच्छा
नगर मध्यवर्ती इस विशाल सार्वजनिक पुस्तकालय के रूप में परिणत हुई। इस
कार्य को करने में नगर के धनीमानी सज्जनों ने बहुत चेष्टा की थी। आज यह
पुस्तकालय जनता की स्वामी सेवा कर रहा है।

केवल मनुष्यों के लिए ही शिक्षा का साधन जुटा देनेसे आपकी अन्तरात्मा
प्रसन्न न हुई। आपका ध्येय था तारानगर के स्त्री-पुरुष—उभय वर्ग—को
शिक्षित एवं सदाचारी बनाना। आपने स्त्री-शिक्षा के विषय में कई एक
व्याख्यान देकर लोगों को इस ओर आकृष्ट किया। आपके भाषणों से प्रभा-
[illegible] सेठ नारायणदासजी सरावगी ने कन्याओं के पढ़ने के लिये

अपनी हवेली में स्थान दे दिया। उस समय आपकी शिष्या श्रीमती भग. देवी ने उस कन्या पाठशाला की अध्यापिका होना स्वीकृत किया जो आपके रि. स्थानीय डाक्टर श्री गुलजारी लाल जी की सुपुत्री थी। इस कार्य से प्रसन्न हो शिक्षा विभाग बीकानेर एवं रिलीफ सोसाइटी कलकत्ता ने कन्या पाठशाला अपने हाथों में ले लिया। आज इसी कन्या पाठशाला में लगभग १५० शिक्षा प्राप्त कर रही हैं।

शिक्षा प्रचार द्वारा जनसेवा के साथ-साथ आपने अन्यान्य प्रकार से जनसेवा करने का निश्चय किया। आपकी इस महत्त्वाकांक्षा एवं जनसेवा आदर्श से प्रभावित होकर तात्कालिक नाजिम ने आपको "म्युनिसिपल ी का मेम्बर चुना। आपने १८ वर्ष तक उक्त पद पर कार्य करते हुए ग्रामसेवा की।

तारानगर का निकटवर्ती बूचावास नामक गांव अग्निदेव की लपटों भस्मीभूत हो रहा था। उस समय आपने तारानगर के नवयुवकों को उस ग्राम सेवा में अपने सर्वस्व की बाजी लगा देने के लिए प्रोत्साहित किया। आप प्रेरणा से श्री हीरालाल चौधरी आदि नवयुवकों ने उस समय ग्रामीणों अत्यधिक सहायता की। आप भी उस भयङ्कर अग्नि से उत्तप्त गांव में जा नवयुवकों का उत्साह बढ़ाते रहे।

इस प्रकार जनसेवा के समस्त साधन जुटा देने के अनन्तर आपके हृदय जो पशुकल्याण की अटल भावना विद्यमान थी, उसे भी मूर्त रूप देने के लिये अ कटिबद्ध हो गए। गोशाला स्थापित करने में आपको बड़ी-बड़ी ठिना. का सामना करना पड़ा। परन्तु आप घबड़ाये नहीं। लगातार ५ मास त 'गोशाला की उपयोगिता' एवं 'गोसेवा के महत्त्व' पर आपके व्याख्यान हुए गोशाला के लिए भूमि-प्रदानार्थ आपने श्री तोलाराम वैद को प्रेरित किय स्थानीय साहूकारों के द्वारा चन्दा लिखाया गया और यह ो. स्थापित की गयी। गोशाला-स्थापन में श्री बालकनाथ जी स्वामी ने अत्यधि सहायता दी थी। उन्होंने गोशाला के सञ्चालन के लिए भी प्रतिज्ञा की थी

आपने 'हरिकीर्तन मण्डल' एवं 'ब्राह्मण पञ्चायत महासभा' आदि संस्थाएं हालमे ही स्थापित की हैं। इनके द्वारा भी तारानगरीय जनता की सेवा होती है।

जंजीरें एक-एक करके टूट रही हैं। निःसंदेह खुशी है कि भारत-माता है। हमारा हृदय हर्ष से फूला नहीं समाता। किन्तु अब जब हम स्वयं अ विधायक हैं, यह दर्दनाक पत्थर के दिल को भी दहला देनेवाला खबर क्यों ? पारस्परिक कलह का शंख आज क्यों फूँका जा रहा है ? के खून का प्यासा मानव आज इस निष्ठुरता से अपनी नस्ल की इस फसल को क्यों बरबाद कर रहा है ?

इन सब झगड़ों का कारण केवल एक ही है और वह है शिक्षा का और अज्ञान की प्रचुरता।

वैसे तो लड़नेवालों के लिए लड़ने के अनेक बहाने हैं, किन्तु मोटा यह है कि लड़ाई द्वेष से पैदा होती है, द्वेष स्वार्थ से उत्पन्न होता है अ अज्ञान से। सच पूछो तो यह अज्ञान ही अन्धकार है। सब विपदाओं के यही बोता है। अतः उन्नति की लम्बी मंजिल तय करने की इच्छा र शिक्षा पा कर ही कार्य-क्षेत्र में आते हैं।

अज्ञान को समूल नष्ट करने का एक मात्र साधन शिक्षा ही है। ही वह सच्चा आत्म-बल प्राप्त होता है, जिसके आश्रय से विश्व-शान्ति की होती है। उपर्युक्त विचारों का अध्ययन करने पर हमें यह कहते किसी प्रकार संकोच नहीं होता कि देश के राष्ट्रिय उत्थान और नैतिक अभ्युदय के लिए की बड़ी आवश्यकता है। इसके बिना उन्नति की अभिलाषा करना एक मात्र है।

ज्ञान की निर्मल ज्योति शिक्षा से ही उत्पन्न होती है। यह ज्योति ही लोगोंका जीवन है। उस पर शैतान की छाया पड़ती है, जिसका फल मानवता लिए कभी हितकर नहीं हो सकता। यदि अज्ञान विष से भरा पात्र है तो जीवन सरसा देने वाला मधुकलश है। एक मारता है, दूसरा जिलाता है। इसी सो कहते हैं कि शिक्षा का पलड़ा भारी है। बहुत भारी है। स्वभाव से ही य वजनदार है। जीवन को सुख और शान्तिमय बनाने के लिए हमें इसी श पाना होगा।

शिक्षा ज्ञान पैदा करती है और ज्ञान हमें चिरंतन सत्य के दर्शन करात है। यह संसार नाशवान् है, किन्तु यह सत्य सदा शाश्वत रहता है। कभी किसं अवस्था में इसका लोप नहीं होता। यह प्रेम—भाव को दृढ़ करता है।

सच, मजाक की बात नहीं, अब थोड़ी देर के लिए आसमान की ओर आंख

पाकर देखिये। यहां से दूर-बहुत दूर-क्षितिज के पास सूर्य चमक रहा है। उसकी र्मी पाकर फल, फूल और पौधे पनप रहे हैं। इस पर भी कोई बुद्धिहीन प्राणी अपनी आंखों को अपनी अंगुलियों से ढांप कर यह कहे कि सूर्य है ही नहीं, तो सके कहने का कोई महत्त्व नहीं होगा।

इसी प्रकार जो शिक्षा की उपयोगिता को समझता हुआ भी उसके अनुकूल म नहीं करता, वह स्वयं अपने लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए खतरनाक । उसका संग खतरे से खाली नहीं है। उसकी उपस्थिति देश और समाज के र भावी अमंगल की सूचक है। शिक्षा में असीम परिवेक्षण-शक्ति है। यह सूक्ष्म सूक्ष्म वस्तु के मर्म को समझ लेती है। यह विश्वबन्धुत्व की भावनाओं को दृढ़ ती है। यह हमें सिखाती है कि यह सारा संसार एक ही पिता के तप का फल चराचर के सम्पूर्ण जीवों में उसी की आत्मा के दर्शन होते हैं। आत्मा और रमात्मा एक है, इस गूढ़ रहस्य की खोज हमारी इस सर्वगुण-उजागरी शिक्षा द्वारा ही की गई है।

संसार के किसी भी अनुभवी गणितज्ञ से पूछिये कि एक और एक कितने हैं? वह निःसंकोच उत्तर देगा कि एक और एक दो होते हैं। लेकिन हमारी चीन शिक्षा के बल पर फली-फूली हमारी तत्त्वविद्या कहती है कि एक और एक, होता है। सुनकर आश्चर्य होता है, लेकिन समझ लेने पर आनन्द का पारावार रहता।

वस्तुतः ईश्वर और हममें कोई मौलिक अन्तर नहीं है, केवल माया और मोह र्दा हमारी आंखों पर छा जाने के कारण हम उसे नहीं देख सकते। यदि हम देखने की चेष्टा भी करते हैं तो मसाले के दूकान की तरह इस संसार में हमें एक एक की बहुत शक्लें दिखाई देती हैं। परन्तु कपट की आंखें मूंद जाने पर की तस्वीर सामने आ जाती है। इस वास्तविक शिक्षा के अर्थ को अच्छी समझ लेने पर कभी कोई किसी का अहित नहीं कर सकता।

यमुना के सुरम्य तट पर एक दिन कन्हैया की सघन छाया के नीचे [illegible] य बैठे हुए थे। प्रेम-प्रसंग चल रहा था। [illegible] रहे थे। गाने वाला स्वयं तन्मय था। [illegible] पर छा रहा था। [illegible] दोनों हाथ [illegible] की आंखों पर रख दिये। [illegible]

राधा को जवाब देने का औसान तो नहीं आया, लेकिन उसके हा‹ जाने में ही ढीले पड़ गये। फिर मुस्कराती हुई माधव की ओर मुड़ कर माधव तुम मुझे कैसा प्रेम करते हो ?

राधा ! प्रेम कैसा ? मैं तो यह समझता हूं कि तेरे और मेरे अन्तर नहीं। बात यहीं पर समाप्त हुई। कृष्ण अपने अलमस्त ग्वालों को को साथ लिए जंगल की ओर चल पड़े। फिर बहुत रात चली जाने पर वे ओर लौटे।

राधा को विनोद सूझा, झट अपने कमरे के फाटक बन्द कर दिये। .. दरवाजा खटखटाया।

"कौन है" राधा ने भीतर से पूछा।

"मैं हू राधा" ! माधव ने धीरे से कहा।

आप चाहे जो हों, यहां से शीघ्र चले जाइए, "मैं" के लिए यहां कोई नहीं है। राधा ने अनुशासन के स्वर में कहा। फटकार खाकर एक बार माधव चौंके, लेकिन चतुर थे न, शीघ्र बात को ताड़ गये और फिर हिम्मत करके खटखटाने लगे। कौन है ? भीतर से वही पूर्व परिचित ध्वनि आई।

'तू है" कृष्ण ने उत्तर दिया।

दरवाजा खुला और कृष्ण यह कहते हुए प्रविष्ट हुए, "राधा ! मैं स गलती पर था"।

यह साधारण सी घटना है। लेकिन इसमें जीवन का ध्रुव सत्य छिपा है मनुष्य का अहंभाव जब तक नहीं छूटता, तब तक दिव्य ज्योति के दर्शन होते। तू और मैं सर्वनाम का भेद मिट जाने पर ही आत्मा ऊँची उठती है शिक्षा की सतत साधना करने से ही यह गति प्राप्त होती है, पहले नहीं। दृष्टि व्यापक हो जाती है और मनुष्य विश्व के अणु-अणु में परमात्मा को देखने लग जाता है।

इन्हीं से मिलते-जुलते भावों को महात्मा कबीर ने इन शब्दों में दुहराया है।

लाली मेरे लाल की, जित देखूं तित लाल।
लाली देखन मैं गई, मैं भी हो गई लाल॥

ऐसे ही विश्वजनीनता के भाव तुलसी बाबा के शब्दों से टपक रहा है।

सिया राम मय सब जग जानी।
करूं प्रणाम जोरि युग पानी॥

इस प्रकार हम देखते हैं कि ऊंचे स्तरपर पहुंचे हुए सब लोगों की एक राय है कि शिक्षा दृष्टि-सीमा के क्षेत्र को अत्यन्त विस्तृत बना देती है।

आज हमारा यह दुर्भाग्य है कि हम शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पिछड़े हुए हैं। यहां शिक्षित कहे जानेवाले लोगों की संख्या केवल दस प्रतिशत ही है। देश का अधिकांश जन-समूह अशिक्षित है। शिक्षा-विहीन होने के कारण यहां के ८० प्रतिशत लोग मूक हैं। उनकी आवाज उनके दुःख-दर्द के भाव हम तक नहीं पहुंच सकते। यह हमारे लिए लज्जा की बात है और जो शिक्षित हैं उनमें अधिकांश ऐसे हैं, जो अंग्रेजी सभ्यता के सम्पर्क में आकर अपनी सभ्यता, वेश-भूषा, रहन-सहन और संस्कृति को ठुकरा चुके हैं। ऐसी अवस्था में हम उनसे क्या आशा कर सकते हैं कि वे हमारे उत्थान के लिए भी कुछ करेंगे ?

हमें सबसे बड़ा दुःख तो इस बात का है कि हमारी सम्पूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति विदेशी वस्तुओं से की जाती है। हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विदेशीयता आ गई है। हमारे देश में शिक्षा मातृ-भाषा द्वारा नहीं दी जाती। अंग्रेजी हमारी शिक्षा की माध्यम बनी हुई है। यह बड़ा दोष है। भाषा अपने देश की संस्कृति और सभ्यता की द्योतक होती है। हमारी जातीयता और राष्ट्रीयता को कुचलने में अंग्रेजी ने हलाहल विष से भरे इन्जेक्शन का काम किया है। यह बरबस हमपर लाद दी गई है।

यह एक स्वयंसिद्ध सिद्धान्त है कि विजेता अपने पर [illegible] को स्वाधिकार के विकट बन्धनों में जकड़ने के लिए राष्ट्रीय [illegible] और [illegible] में [illegible] और अवरोध उत्पन्न करने की चेष्टा करता है। यही नियम [illegible] पर भी लागू हुआ। जब-जब जिस जाति ने भारत के शासन-सूत्र को अपने हाथ में लिया, तब-तब उस जाति ने अपनी अंगीकृत भाषा का ही प्रचार प्रसार करने का उद्योग किया।

मुसलमानों ने अपने शासन-काल में [illegible] के प्रचार करने में किसी प्रकार की कमी नहीं उठा रखी। [illegible] लेकिन [illegible] अपनेपन का अभिमान था। [illegible] संस्कृति को नहीं छोड़ा। इतिहास इस बात का [illegible] और [illegible] के लिए मर मिटे थे। [illegible] परतन्त्र होते हुए भी [illegible]

अंग्रेजों के शासन-काल के [illegible]

और आत्म-सम्मान् का भाव एक साथ नष्ट हो गया। भारतीय रीति-नी भारतीय रहन-सहन और भारतीय वेश-भूषा से मुंह मोड़ लिया गया। म को हेय दृष्टि से देखा जाने लगा, फलतः जातीयता के भाव नष्ट हो गये थे सम्पूर्ण देश अंग्रेजों की आत्मिक गुलामी के प्रबल बन्धनों में जकड़ा गया वस्तुतः भारत के नैतिक-पतन की यह पराकाष्ठा थी।

परन्तु यह अवस्था अधिक दिनों तक नहीं रही। थोड़े ही दिनों में अंग्रेज सभ्यता का घिनौना रूप लोगों के सामने प्रकट हो गया। जिसको उन्होंने बहुमूल रत्न समझा था, वह एक कृत्रिम पालिश चढ़ा कांच का टुकड़ा निकला। बेईमान के घोड़े मैदान में आकर थक जाते हैं। बनावट परीक्षा-काल में पानी-पानी हो जाती है। किसी शायर ने ठीक ही कहा है:—

सचाई छिप नहीं सकती, बनावट के उसूलों से।
सुगन्धी आ नहीं सकती, कभी कागज के फूलों से॥

भारत के सौभाग्य से पुनः राष्ट्रीयता के भाव लोगों में जाग्रत हुए, अपनी गलती का उन्हें बोध हुआ। दुनिया के अन्य राष्ट्रों में अपना दर्जा हीन समझ कर उन्हें हार्दिक आत्म-ग्लानि हुई और वे एक साथ अपनी देशीयता की ओर झुक पड़े। इसी के फलस्वरूप आज मातृभाषा हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने की मधुर गूंज चारों ओर सुनाई पड़ रही है, देशीयता को नये सिरे से अपनाया जा रहा है। खान-पान, रहन-सहन और वेश-भूषा में भारतीयता आ रही है। विदेशीयता का गहला रंग प्रायः धुल चुका है। भावी भारत के लिए यह शुभ लक्षण है।

हमें केवल इतने ही से सन्तोष नहीं करना चाहिए। जहां तक हो सके, हमें अति शीघ्र इस अंग्रेजी शिक्षा को बदलना होगा और साथ ही हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता के पोषक ऐसे साहित्य को प्रोत्साहन देना होगा, जो हमारे नवयुवकों में आत्म-संयम, स्वावलम्बन और निर्भयता का विकास करे, जिससे वे साधारण रहन-सहन में ही ऊँचे से ऊँचे विचारों को प्राप्त कर सकें।

स्वदेशानुराग के भावों को दृढ़ करने का एक मात्र साधन मातृभाषा ही है। अतः इसके अपनाने से ही हमारे आज के विद्यार्थी, जो कल के सुयोग्य नागरिक होंगे, शीघ्र ही अपने कर्तव्य की पहिचान कर देश की उन्नति में लग जायेंगे। ऐसा होने पर हमारे देश में भाषा-ऐक्य, विचार-ऐक्य, तथा उद्देश्य-ऐक्य होने में तनिक भी देर नहीं लगेगी। सफलता की उज्ज्वल रश्मियों का शुभ्र आलोक इसी से उत्पन्न होगा। इति।

प्राचीन और आधुनिक संस्कृति

ले०—पण्डित नारायण दत्त शास्त्री 'प्रभाकर'
अध्यापक—स्टेट मिडिल स्कूल, तारानगर

आज के इस भौतिक चकाचौंध से पूर्ण विशृङ्खल युग में पुरुष वर्ग के मस्तिष्क पर कैसी मादकता छाई हुई है, उसके हृदय पटल पर कैसे कुसंस्कार जमे हुए हैं, यह विचार करने की नितान्त आवश्यकता है। कहने को तो संसार में 'प्रगतिवाद' चल रहा है, परन्तु हम तो उसे 'दुर्गतिवाद' के नाम से पुकारेंगे। जिसमें शोषण की प्रवृत्ति को मुख्य स्थान मिलता हो, अन्याय-अत्याचार को प्रोत्साहन मिलता हो, ऐन्द्रियिक कामना को सच्चा सुख समझा जाता हो; सत्य, ब्रह्मचर्य, अहिंसा, एवं शौच के पवित्र आदर्शों को पूर्वजों के सड़ियल दिमाग की उपज, एवं हिन्दू-संस्कृति की घृणित व्यवस्था कहा जाता हो, क्या उसे हम 'प्रगतिवाद' कह सकते हैं? प्रगतिवाद का यथार्थ अभिप्राय तो यही है, कि सुख एवं शान्ति के स्थापनपूर्वक उन्नति की जाय। परन्तु अपने जीवन में एक नवीन एवं स्थायी सुख को देने वाले 'अध्यात्मवाद' को भुला कर, उस जीवन की ओर जाना, जिसमें सुख और शान्ति का नाम नहीं हो, केवल भ्रान्ति और कामुकता का ही सम्बन्ध हो, क्या प्रगति है? वस्तुतः इसी 'दुर्गतिवाद' के फेर में पड़कर आज का हतबुद्धि मानव भौतिक चमत्कारों को सच्चा मान बैठा है।

यह समय का प्रभाव है, या मानव-प्रकृति की कृपा है, कुछ निर्णय नहीं किया जा सकता। इस विषय में एक प्राचीन श्लोक मिलता है यथा:—

"कालो वा कारणं राज्ञो राजा वा कालकारणम्।
इति ते संशयो माभूद्राजा कालस्य कारणम्॥"

हमारे सिद्धान्त में यह श्लोक ठीक प्रतीत होता है। मानव के मस्तिष्क में जो विचार उठते हैं, उन्हें ही संसार के आगे रखने के लिए, पूर्ण रूप देने के लिए वह अनवरत प्रयत्न करता है। इसके लिए वह अपना दल बनाता है और समाज को अपने अनुकूल बनाने की नितान्त चेष्टा करता है। अस्तु।

अब हमें प्राचीन और आधुनिक संस्कृतियों पर तुलनात्मक विचार करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। सर्वप्रथम आधुनिकता पर विचार करना है

चातुर्वर्ण्यः

वर्ण चार होते हैं—ब्राह्मण, क्षत्रि, वैश्य एवं शूद्र। वर्णव्यवस्था अनादि है। भगवान् ने गीता में कहा है :—

"चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।"

ब्राह्मण सत्वगुण प्रधान, क्षत्रिय सत्वरजोमय, वैश्य रजस्तमोमय, एवं शूद्र तम-प्रधान होते हैं। प्राचीन कालमें इस वर्ण-व्यवस्था का बड़ा आदर था। ब्राह्मण सृष्टि के गुरु माने जाते थे। भगवान मनुजी लिखते हैं:—

"एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥"

ब्राह्मणके मुख्यकर्म, अध्ययन, अध्यापन, यजन, याजन, दान एवं प्रतिग्रह—ये छ हैं। उस समय के ब्राह्मण संग्रह-प्रिय नहीं होते थे।

वे संग्रह को हीन दृष्टि से देखते थे। उनका आदर समस्त भूमण्डल में हुआ करता था। उनमें से अधिकांश शिलोञ्छ वृत्ति से जीवन यापन किया करते थे। उस समय के ब्राह्मण प्रकाण्ड विद्वान् हुआ करते थे। ब्राह्मण की जीविका शुद्ध होती थी। यथाः—

"न लोकवृत्तं वर्तेत वृत्तिहेतोः कथञ्चन।
अजिह्मामशठां शुद्धां जीवेद्ब्राह्मण जीविकाम्॥" (मनुः ४।११)

क्षत्रिय के कर्म निम्न लिखित हैं—प्रजारक्षण, यजन, अध्ययन, दान, एवं विषयों में अप्रसक्ति। उस समय के राजा लोग स्वेच्छाचारी नहीं हुआ करते थे। वैदिक मर्य्यादाओं का उल्लङ्घन नहीं किया करते थे। राजधर्म से च्युत नहीं होते थे। उनके लिए धर्मशास्त्रों की सबसे बड़ी व्यवस्था यह थी कि, निरपराध को दण्ड एवं अपराधी को मुक्ति कभी न दो। यथाः—

"अदण्ड्यान् दण्डयन् राजा दण्ड्यांश्चैवाप्यदण्डयन्।
अयशो महदाप्नोति, नरकं चैव गच्छति।"

उस समय के क्षत्रिय प्रजा-पालन एवं गोरक्षा के लिए अपने प्राणों तक न्योछावर कर दिया करते थे।

वैश्य के पशुरक्षा, दान, यजन, अध्ययन, वणिक्पथ (व्यापार) और कुसीद (ब्याज-बट्टा)—ये कर्म हैं। उस समय इन्हीं के अनुसार वैश्य अपनी जीवन-लीला यापन किया करते थे।

तीनों वर्णों की सेवा करना, यह एक कर्म शूद्र का था और शूद्र इसी में अपना महत्त्व समझता था। प्राचीन काल से यह व्यवस्था चलती आ रही है, इसी व्यवस्था से भारतवर्ष में पूर्ण सुख और शान्ति थी।

परन्तु आज इसके विपरीत हो रहा है। ब्राह्मणों के प्रतिग्रह को छोड़कर सब कर्म लुप्तप्राय हो गए हैं। आज के ब्राह्मण सर्वथा कर्तव्यभ्रष्ट हो गए हैं। जो विद्वान् एवं कर्तव्यनिष्ठ हैं, उनकी संख्या दाल में नमक के समान है। आज के ब्राह्मण और उस समय के ब्राह्मणों की तुलना करने के विचार-मात्र से ही रोमाञ्च हो उठता है। आज के ब्राह्मणों में गुणों के स्थान को अवगुणों ने ग्रहण कर लिया है। याचन आदि कौन से ऐसे घृणित कार्य हैं, जिन्हें आजका ब्राह्मण नहीं करता है। इन ब्राह्मणों के लिए शुद्ध सङ्कल्प तक बोलना कठिन हो गया है, जो कुल-पति के आसन पर सगर्व बैठा करते थे।

इधर क्षत्रियों का भी यही हाल है। वे भी, अपने प्राचीन कर्मों को छोड़ बैठे हैं। प्रजाका शोषण करना और आनन्द मनाना उनका मुख्य कर्म हो गया है। वेद मन्त्रों के स्थान पर उनका उच्च प्रासाद वेश्याओं के मधुर स्वर और तबले के नाद से गूंजता है। हवन के सुगन्ध के स्थान पर सुरादेवी का परिमल हो उनको निद्रा को दूर कर रहा है। प्रजा मरे या डूबे, कोई परवाह नहीं, उन्हें आनन्द मनाने का जन्मसिद्ध अधिकार है। वे आनन्द मनायंगे! मनायगे!

वैश्य तो सबसे ही गए बीते हो गये हैं। ऐसा कौन-सा घृणित व्यापार जिसे आज का वैश्य नहीं करता हो। गरीबों का खून चूस-चूस कर मोटा मोटी तोंद फैलाए गद्दोंपर मसनदों के सहारे पड़ा रहना उनका मुख्य कर्तव्य-सा हो गया है।

शूद्रका परिचर्यात्मक कार्य समाप्तप्राय हो गया। हो भी क्यों नहीं! बेचारे परिचर्या करते-करते भी अधोगति को ही प्राप्त हो रहे हैं। आज चिर दलित मन सारी व्यवस्था को उलट देने के लिए छटपटा रहा है। शूद्र तो इन में ऐसे भी हो गए हैं, जो त्रिवर्ग को शिक्षा देने से भी बाज नहीं आते।

अरे! आज के ये प्रगतिवादी तो इस व्यवस्था को नष्ट करने की ठान रहे हैं। परन्तु याद रहना चाहिए कि इसका नाश होने पर अनर्थ होगा।

चतुराश्रम

आयु का उल्लेख शास्त्रों में पाया जाता है। मानव २५ वर्ष तक गुरुकुल में निवास हुआ, ब्रह्मचर्य का पालन करता हुआ, गुरुमुख से समस्त शास्त्रों का अध्ययन हुआ तपश्चर्या करता था। उसके मस्तक पर अलौकिक तेज टपका करता था। २५ से ५० वर्ष तक गृहस्थाश्रम का पालन करना होता था। उसमें अतिथि ईश्वराराधना, धर्मप्रजोत्पत्ति, एवं माता-पिता की सेवा ये मुख्य कार्य होते ५० से ७५ वर्ष की अवस्था तक घर एवं जगती के समस्त झंझटों को छोड़ कर में तपस्या करनी होती थी। ७५ से १०० वर्ष की अवस्था में संन्यास ग्रहण संसार में भ्रमण करना पड़ता था तथा तीनों आश्रमों को शिक्षा देनी पड़ती थी परन्तु आज इसके विपरीत हो रहा है। ब्रह्मचर्य एवं वानप्रस्थ का तो अस्तित्व संसार से उठ गया मालूम होता है। गृहस्थ एवं संन्यास-आश्रम विकृत अवस्था दिखाई देते हैं। आज के नवयुवक के गाल पिचके हुए, चेहरा श्रीहीन, एवं शरीर निर्बल मालूम होता है। उसमें आत्मबल का अंश भी नहीं है। इधर गृह अपने कर्तव्य से च्युत हो गया है। अतिथि को देखते ही उसका गृहद्वार बन्द हो जाता है। अतिथि-सेवा तो फिर करेंगे ही क्या! संन्यासियों की ही हम क्या कह सकते हैं। जटा रखना, राख लगाना एवं चिमटा रखना ही उनका प्रधान लक्ष्य हो गया है।

पिता-पुत्र

पिता-पुत्रका मधुर एवं अविच्छिन्न सम्बन्ध जैसा प्राचीन काल में था, वैसा आज नहीं है। पहले यह सिद्धान्त था।

"लालयेत् पञ्च वर्षाणि दश वर्षाणि ताडयेत्।
सम्प्राप्ते षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रवदाचरेत्॥"

पहले दो नियमों का यदि सर्वांश में नहीं, तो कुछ अंश में पालन अवश्य होता है, परन्तु पिछले नियम की जगह तो बिलकुल उलटा हो गया है। पुत्र के समर्थ होते ही, या संसार के अनुभव करने योग्य होते ही, माता-पिता का अनुचित दबाव होने लगता है। माता-पिता को धन प्रिय लगने लग गया है। आज के माँ-बाप में स्नेह-भावना नहीं है। स्वार्थ-भावना है। अर्थोपार्जन में सब से चतुर लड़का उन्हें अधिक प्रिय है। दूसरा पुत्र चाहे, उसमें इतर गुण कितने ही क्यों न हों उनके प्रेम का पात्र नहीं हो सकता। इधर पुत्र निरंकुश हो गया है, वह अपनी स्वातन्त्र्य-वृत्ति पर माता-पिता का शासन नहीं चाहता। वह अपने अधिकारों के लिए लड़ता है। माता-पिता की सेवा करता है, तो भी स्वार्थ-भाव

से या लोभ से। जिस प्रकार माँ-बाप के चित्त में विकार आया है, उसी . उसके चित्त में भी। माँ-बाप के प्रति पुत्र की पूज्य भावना नहीं है। ... भावुकता पर थोड़ा सा आघात होते ही, उसे माँ-बाप जहर से कड़वे लगने जाते हैं। आज दोनों बराबर हैं। परन्तु प्राचीन काल के दशरथ और श्रवण इतिहास के स्मरण होते ही ठंडी साँसें निकलने लग जाती हैं।

गुरु-शिष्य

प्राचीन गुरु-शिष्य का सम्बन्ध आज कल्पना-सा प्रतीत होता है। काल के गुरु-शिष्यों को विद्या पढ़ाया करते थे, उसका पालन-पोषण करते थे, उसकी चिकित्सा का प्रबन्ध किया करते थे, एवं उसके कल्याण समस्त भार अपने ऊपर ले लेते थे। वे शिष्य को सारी गुप्त निधि सौंप देते उस समय का शिष्य भी गुरु को सर्वस्व अर्पण कर दिया करता था। अपनी हुई भिक्षा में से भी एक दाना उठाकर खाना उसके लिए पाप था। गुरु उस उसकी कड़ी परीक्षा लिया करते थे, परन्तु वह सफल हुआ करता था। गुरु [illegible] भी माँगता था, उसे देने में शिष्य जरा भी नहीं हिचकिचाता था। आरुणि आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं।

इधर आज का गुरु लोलुप, स्वार्थी एवं शिष्य से अनुचित लाभ उठाने हो गया है। वह शिष्य को पढ़ाना नहीं चाहता, मुफ्त में ही तनख्वाह चाहता है। अपने छात्र को विश्व में उन्नतिशील देखने के लिए आज का लालायित नहीं है। केवल पढ़ाने की रस्म पूरी करता है। आज का शिष्य को भाड़े का टट्टू समझता है। वह उसे पूज्य दृष्टि से नहीं देखता, वह उसे अप नौकर समझता है। उसके लिए उसके हृदय में श्रद्धा नहीं है। केवल परिपा मात्र को निभाने के लिए वह बाह्य सभ्यता का प्रदर्शन करता है। प्राचीन काल जब शिष्य दण्डमेखलाधारी होकर गुरु के सामने विनम्र भाव से साञ्जलि वि ग्रहण किया करता था, वहाँ आज का शिष्य हैट-बूट से सुसज्जित होकर अकड़ क गुरु के सामने बैठता है और गुरु के छिद्रान्वेषण में ही तत्पर रहता है।

पति-पत्नी

प्राचीन समय में 'विवाह' एक अटूट सम्बन्ध एवं पवित्र संस्कार माना जा था। स्त्री-पति की अर्धाङ्गिनी समझी जाती थी। "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:" पुरुष के सामने यह आदर्श था। उधर 'पतिसेवा', 'सतीत्वधर्म' ह

सावित्री, सीता, मदालसा के उदाहरण हमारे सामने हैं। परन्तु आज नारी को अपना गुलाम समझता है। वह उसके ऊपर अनुचित शासन कर अपने व्यक्तित्व से उसका मुँह बन्द रखता है। एकपत्नीव्रत के आदर्श सर्वथा भूल चुका है। इधर आज की नारी की जिह्वा खुलना चाहती है। शताब्दियों से प्रताड़ित नारी विद्रोह करना चाहती है। वह पुरुष को ' समझती है, अपना क्रूर शासक समझती है। आज नारी को पति-से सन्तोष नहीं मिलता। वह आपातरमणीय स्वातन्त्र्य वातावरण में श्वास चाहती है, पतीव्रत के आदर्श को रसातल में गाड़ना चाहती है तथा पुरुष बराबरी करना चाहती है। आज गृहस्थी नरक हो गयी है, इसमें पति-पत्नी पारस्परिक द्वन्द्व चलता है। नारी एक पहेली हो गई है। आज के इस वाता में सुधार की आवश्यकता है। परन्तु प्राचीन आदर्शों का सर्वथा परित्याग पुरुष के सामाजिक जीवन को सर्वथा विषमय बना देगा, इसमें कुछ भी नहीं है।

आचार

प्राचीन भारत में आचार पर कितना बल दिया जाता था, यह किसी छिपा नहीं है। 'ब्राह्मे मुहूर्ते मुदुध्येत' यह उस समय का प्रधान नारा था। समय के शान्त वातावरण में मानव के मस्तिष्क को एक विशेष प्रकार की शान्ति मिलती थी, सारे दिनभर कार्य करने की क्षमता प्रदान करती थी। उसके बाद शौच, दन्तधावन, स्नान, एवं सन्ध्योपासन की व्यवस्था थी। तदनन्तर देवाराधना, बलि-वैश्वदेव, एवं अग्निहोत्र की व्यवस्था थी। अग्निहोत्र के पवित्र धूम से समस्त गृह पवित्र हो जाता था, घरका वायुमण्डल विशेष प्रकार की गन्ध से परिपूर्ण हो जाता था। इसके बाद अतिथि पूजाकर बाल-वृद्धों को जिमाने के पीछे गृहस्थ को भोजन करने की आज्ञा मिलती थी। इसके बाद वह धनोपार्जन की व्यवस्था करता था। फिर सायंकाल वही स्नान, सन्ध्या, ईश-प्रार्थना आदि करनी होती थी। रात्रि में ज्ञान-चर्चा भी की जाती थी। इस प्रकार प्राचीन व्यवस्था के अनुसार जीवन-यापन करनेवाले पुरुष के दोनों लोक सुधर जाते थे। इधर इस समय इस भौतिकवादके फेर में पड़कर मनुष्य झूठे धन्धों में बुरी तरह फंसा हुआ है, जिससे पारलौकिक कृत्यों की ओर अत्यधिक उदासीन हो चुका है। इसी प्रकार ऐहलौकिक प्राचीन धर्म को भी हेय दृष्टि से देखने लग गया है। बीड़ी, सिगरेट, भांग, गांजा, चरस, अफीम आदि जीवनीय शक्ति का ह्रास कर देनेवाले पदार्थों का उपभोग

करने लग गया है। भोजन करने में उसे किसी प्रकार का विचार नहीं उच्छिष्ट, अनुच्छिष्ट, दूषित, अपवित्र कैसा भी क्यों न हो, यदि उसके गले में अटकता है, तो उसे खाने में कोई आपत्ति नहीं। भगवान् ने गीता में कहा है बिना अग्निहोत्र आदि किए भोजन करता है, वह राक्षस है। कान्ति और [illegible] ही इस जीवन का प्रधान लक्ष्य हो गया है। तरस है आज के भोले [illegible] दुर्बुद्धि पर !

इस प्रकार ऊपर लिखित सूक्ष्म विवेचन से यह स्पष्ट सिद्ध होता है प्राचीन संस्कृति के पालन में ही मानव का वास्तविक कल्याण निहित है। भौतिक चमत्कारों से मानव को आपातरमणीय सुख मिलता हो, परन्तु परिणाम विष से भी भयङ्कर सिद्ध होता है। पाश्चात्य देशीयों का जीवन प्रकार अशान्तिपूर्ण है, यह किसी विचारशील से छिपा नहीं है। आधुनिक मानव के अधोपतन में सबसे बड़ी हेतु है। अतः हमें प्राचीन संस्कृति के प्रयत्नशील होना चाहिए।

कालिदास और प्रकृति

लेखक :—
पं० नारायणदत्त शास्त्रीय भारद्वाज
आयुर्वेदाचार्य, साहित्यरत्न, हिन्दी प्रभाकर, राजगढ़ (बीकानेर)

अस्पृष्टदोषा नलिनीव [illegible]
हारावलीव [illegible] गुणौघैः ।
प्रियाङ्[illegible] विमर्द[illegible]
न कालिदासादपरस्य [illegible] ॥
(श्री कृष्ण कवि)

संस्कृत-साहित्य में प्रकृति-प्रेम का प्राधान्य आदिकवि से चला आ[illegible] हमारे आदि कवि वाल्मीकि के हृदय में जो अनुकम्पा थी, वह [illegible] भवभूति के हृदय को प्लावित कर [illegible] [illegible] सुन्दर [illegible]। [illegible] वाल्मीकि का प्रकृति से पूर्ण अनुराग था। बिना [illegible] के ऐसे सुन्दर [illegible]

का भी यथेष्ट चित्रण किया है। कविकुल-शिरोमणि कालिदास ने अपने का चमत्कार से पहले-पहल समस्त संसार में ख्याति प्राप्त की। वस्तुतः संस्कृत-सा का सौष्ठव और सौरभ बहुत कुछ इन्हीं के ग्रन्थों पर निर्भर है। यह कहना चित न होगा कि यदि संस्कृत-साहित्य से कालिदास को हटा दिया जाय, तो अन्य अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों के रहते हुए भी सुरभारती की लोकप्रियता में अ कमी आ जाएगी।

विश्व के विशाल साहित्य में शेक्सपियर को विद्वान अन्तर्जगत् का सर्व साहित्यकार समझते हैं, और कालिदास को बाह्य जगत् का। बाह्य जगत् चित्रण में प्रकृति के वर्णन में कालिदास ने जो मनोरम काव्य-रचना की है वह साहित्य-जगत् में अपूर्व है। इनके प्रकृति-वर्णन में इतनी सजीवता है, इतनी रमणीयता है, तथा इतनी भव्यता और स्वाभाविकता है, कि साहित्यिकों के मन हठात् आकृष्ट हो जाते हैं। उनके प्रकृति-प्रेम का अनुमान मेघदूत के एक ही श्लोक से लगाया जा सकता है।—

हस्ते लीलाकमलमलके बालकुन्दानुविद्धं
नीता लोध्र प्रसवरजसा पाण्डुतामानने श्रीः।
चूडापाशे नवकुरवकं चारुकर्णे शिरीषं
सीमन्ते च त्वदुपगमजं यत्र नीपं वधूनाम् ॥१॥

इस श्लोक में जो वर्णन है, वह शकुन्तला जैसी तापस बाला का नहीं है; अपितु धनपति कुबेर की उस अलकापुरी का वर्णन है, जहाँ की महि रत्नखचित है, जहाँ गगनचुम्बिनी प्रासादमालायें श्रेणीबद्ध खड़ी हैं, स्वर्ण सिकता है। जहाँ के यक्ष अपनी अलबेली स्त्रियों को लेकर स्फटिक भवनों पर बैठते हैं। अमर-प्रार्थित यक्षकन्याएं दिन-रात अपनी मुट्ठियों में रत्न लेकर उसकी सुनहरी बालू में डाल कर छिपाने-ढूंढ़ने का खेल खेला करती हैं। स्निग्ध रजनी में रत्नप्रदीप जला करते हैं, जहाँ के सरोवर की सीढ़ियों पर नीलम जड़ा हुआ है। सरोवर में चिकने वैदूर्यमणि की नालवाले बहुत से कमल खिल रहे हैं। जहाँ, रङ्ग-बिरंगे वस्त्र, नेत्रोन्मादिनी मधुर-मदिरा, कोमल पल्लव, सुरभित सुमन, विविध प्रकार के भूषण, चरणरञ्जक अलक्त आदि, कन्याओं के शृङ्गार की सभी वस्तुएँ कल्पवृक्ष से अनायास प्राप्त हो जाती हैं। इतना सब होते हुए भी वहाँ की बालाओं का शृंगार प्रकृति की विभूतियों से होता है, न कि शिलामणियों के टुकड़ों से। यह वर्णन इस बात को सूचित करता है, कि प्रकृति के पुजारी भावुक कवि की दृष्टि को

इन प्राकृतिक पदार्थों में जो सुषमा लक्षित होती है, वह रत्न-मुक्ता-खचित स्वर्ण आभूषणों में नहीं।

इस महाकवि की शकुन्तला मानों साक्षात् प्रकृति की दुलारी कन्या है आरम्भसे ही तपोवनमें पलने वाली शकुन्तला जिस समय आश्रम-तरुओं सींचती हुई हमारे सम्मुख आती है, उस समय आश्रम-तरुओं के प्रति का स्नेह ऐसा मालूम पड़ता है; मानों वे उसके कुटुम्बी हों। आश्रम-वृक्षों की भाँति सेवा करने वाली शकुन्तला का, तपोवन की लताओं के कब स्तवक हुए, उनमें मञ्जरियाँ कब प्रस्फुटित हुईं, इन सब बातों का ध्यान रखने शकुन्तला का अनुपम प्रकृति-प्रेम उस समय विशेष लक्षित होता है, जब महर्षि कण्व द्रवित होकर पतिगृह जाती हुई शकुन्तला को निर्दिष्ट कर कहते हैं

पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या
नादत्ते प्रियमण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम् ।
आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः—
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम् ॥

शकुन्तला के इस प्रकृति-प्रेम का प्रभाव यह होता है कि तपोवन के समस्त जड़ एवं चेतन ऐसे अनुरागी हो जाते हैं कि उसकी विदाई के समय वन-देवताओं ने तथा तरु-लताओं ने दिव्य आभूषण तक उपहारस्वरूप दे डाले।

ऐसा जान पड़ता है, मानों कवि-कुल-गुरु कालिदास की समस्त कृतियों उठान ही प्रकृति के सौन्दर्य-निरीक्षण में उनकी आरम्भिक अवस्थामें रम गया है ऋतुसंहार, जो उनका प्रारम्भिक काव्य माना जाता है, उसमें प्रकृति-वर्णन इतना प्रगल्भ एवं काव्याङ्गपूर्ण है कि परवर्ती कवियों का वर्णन कालिदास की जूठन मालूम पड़ता है। यद्यपि उसमें प्रकृति-वर्णन उद्दीपन विभाव के रूप में आया है तथापि उसका प्रथम श्लोक—

प्रचण्डसूर्यः स्पृहणीयचन्द्रमाः सदावगाहक्षतवारिसञ्चयः ।
दिनान्तरम्योऽभ्युपशान्तमन्मथो निदाघकालोऽयमुपागतः प्रिये ॥

इस बात का प्रभाव है कि कवि केवल अलङ्कारों के साथ खिलवाड़ करने वाला नहीं है, वरन् प्रकृति का भावुक प्रेमी है। और फिर—

[illegible]
[illegible]
[illegible]

आदि शरद्वर्णन कवि की सूक्ष्म एवं व्यापक दृष्टि का उनके वास्तविक ज्ञा
का प्रमाण है। मनोहर वसन्त के आते ही तो क्या कहना है!

सब वृक्षों में फूल खिल गए हैं, जलमें कमल विकसित हो गए हैं
स्त्रियाँ मतवाली हो गईं, वायुमें सुगन्ध आने लगी, सन्ध्या सुहावनी हो गई
पवन भी—

> आकम्पयन् कुसुमिताः सहकार शाखा
> विस्तारयन् परभृतस्य वचांसि दिक्षु।
> वायुर्विवाति हृदयानि हरन्नराणां
> नीहारपात विगमात्सुभगे वसन्ते॥

यह वर्णन बहुत ही स्वाभाविक है, पर गवाक्षमण्डित कमरेमें बैठकर नह
लिखा गया है, किन्तु मञ्जरित आम्र के उपवन में बैठकर प्रमत्त कोकिल को मधु
कूक सुनकर आनन्द-विभोर होने वाले कविकी लेखनीसे प्रसूत मालूम होता है
इस प्रकार ऋतुसंहार का प्रत्येक पद्य इतना सुन्दर, सरस एवं भव्य है कि जिन्हे
सुनते ही प्रकृति का मोहक सौन्दर्य आँखों के सामने खड़ा हो जाता है।

कुमारसम्भव तो प्रकृतिनटी के ललित लास्य की रङ्गशाला है। प्रथम सर्ग
का हिमालय-वर्णन संस्कृत-साहित्यमें क्या विश्वसाहित्य में बेजोड़ है। मुक्ताभास
हिमराशि-मण्डित शार्दूल जाल अत्यन्त विशाल हिमालय का वर्णन कविने हृदय
खोल कर किया है। देखिए—

> यश्चाप्सरोविभ्रममण्डनानां सम्पादयित्रीं शिखरैर्बिभर्ति।
> बलाहकच्छेदविभक्तरागामकालसन्ध्यामिव धातुमत्ताम्॥

ऐसा मधुर प्रेममय वर्णन प्रकृति की मनोरम लीलाओं में मुग्ध होकर ही
कवि कर सकता है। इस महाकवि की अनेक विशेषताओं में यह भी एक
विशेषता है कि जहाँ वे प्रकृति के स्वाभाविक चित्रणमें अतीव प्रवीण हैं, वहाँ नव
नवोन्मेषशालिनी प्रतिभाके सहारे अलौकिक और दिव्य विभूतियों का वर्णन
करने में भी नितान्त निपुण हैं।

जहाँ उन्हें एक ओर विशाल हिमालय का अत्यन्त स्वाभाविक वर्णन करने में
अत्यन्त सफलता मिली है, वहाँ दूसरी ओर औषध, प्रस्थपुरी, हिमालयनिवासी
यक्ष, गन्धर्व, किन्नर, अप्सरा, अलका, सुमेरु, गन्दमादनादि के काल्पनिक वर्णन में
भी उन्हें पूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। उनकी सूक्ष्म निरीक्षण-शक्ति का परिचय
हिमालय-वर्णन पढ़ते ही मिल जाता है।

जब संध्या समय पर्वतों के झरनों पर सूर्य की कुंकुमकिरणें पड़ती हैं, तब उनमें इन्द्रधनुष चमकने लग जाता है, पर सन्ध्या समय सूर्य के लटक जाने पर उनमें इन्द्रधनुष नहीं दिखायी देता इसी का वर्णन कवि करता है—

> सौकर्य्यनिकरं मरीचिभि र्दृश्यन्त्यवनतं विलम्बिनि।
> इन्द्रचाप परिवेश शून्यतां निर्झरास्तव पितुर्व्रजन्त्यमी॥

किन्तु झरने में इन्द्रधनुष न दिखायी पड़ने पर भी तालाबों में लटकते हुए सूर्य की समतल कान्ति पड़ने से ऐसा जान पड़ता है, मानों उनके ऊपर सोने का पुल बना हो—

> पश्य पश्चिमदिगन्तलम्बिना निर्मितं मितकथे विवस्वता।
> लम्बया प्रतिमया सरोऽम्भसां तापनीयमिव सेतुबन्धनम्॥

रूढ़ि का अनुसरण करने वाले कवियों में ऐसी कल्पना जागृत नहीं होती, परन्तु यह कल्पना उस कवि की प्रतीत होती है जो मुग्ध दृष्टि से प्रकृति निरीक्षण कर सब-कुछ भूल गया हो।

मेघदूत तो मानों प्रकृति रमणी की लालित्यपूर्ण चेष्टाओं का आगार है। बाह्य प्रकृति की जो प्रधानता मेघदूत में मिली है वह संस्कृत के और किसी काव्य में नहीं। पूर्व मेघ तो आदि से अन्त तक प्रकृति की एक मधुर झाँकी या प्राचीन भारत भूमि के स्वरूप का ही ध्यान है। जो इस स्वरूप के ध्यान में अपने को भूल कर कभी-कभी मस्त हुआ करता है वह शुक्ल जी के शब्दों में—"घूम-घूम कर भाषण दे या न दे, चन्दा इकट्ठा करे या न करे, देशवासियों की आमदनी का हिसाब लगाए या न लगाए पर है सच्चा देश-प्रेमी।" 'मेघदूत' न वासना की क्रीड़ा है, न कल्पना की विचित्रता है; किन्तु वह है, प्राचीन भारत के सबसे भावुक हृदय की अपनी प्रिय जन्मभूमि की रूपमाधुरी पर सीधी-सादी दृष्टि। 'पूर्वमेघ' के पढ़ते ही कितने मधुर शब्दों में वर्षा की सूचना मिलती है—

> मन्दं मन्दं नुदति पवनश्चानुकूलो यथा त्वां
> वामश्चायं नदति मधुरं चातकस्ते सगन्धः।
> गर्भाधानक्षणपरिचयान्नूनमाबद्धमालाः
> सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः॥

ग्रीष्म के बाद पहले-पहल वर्षा की बूँदों के पड़ने से गरमी भर तपे हुए पहाड़ी पत्थरों से वाष्प निकलती है, उसका वर्णन देखिए—

कालिदास को पूर्ण कविहृदय मिला था। वर्षा के प्रथम ज
तुरन्त की जोती हुई धरती, उससे प्रेम रखने वाली भोली-भाली
साफ-सुथरे ग्राम चैत्यों, और कथा-कोविद ग्राम-वृन्दों में उन्होंने एक
का माधुर्य अनुभव किया था। वर्षा होते ही वसुन्धरा सोंधी-सोंधी
है, उस समय सरस कृषक बालाएँ कितने स्नेह से अम्बुवाहों के प्रति दे-

"त्वय्यायत्तं कृषिफलमिति भ्रूविलासानभिज्ञैः,
प्रीतिस्निग्धैर्जनपदवधूलोचनैः पीयमानः ।
...यो है यह किसी विद्याव्यसनी सज्जन से छिपी
...जैसे कर्मठ विद्वान, परोपकारी, त्यागी व्यक्ति पर
... सकता है। मुझे विश्वास है कि भविष्यत् में
... लिखा जायगा उसमें शास्त्री जी का नाम
...। मैं ईश्वर से करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि
...चिरायु करें।

भवदीय :—
श्री नवरङ्गराय जी शास्त्री



श्रीमान् पं० ओंकारनाथ जी लाटा

साहित्यायुर्वेदाचार्य प्र० संस्कृताध्यापक, सम्पत् दूगड़ विद्यालय,
सरदार शहर

सम्प्रति संस्कृत भाषा परिशीलमासु साहित्यरसिकेषु शिक्षाप्रचारायबद्धपरिकरेषु, शिक्षानुरागिषु, सनातनधर्मोद्धरणायविहितोद्यमेषु धर्मप्रचारकेषु च सज्जनेषु के नाम बीकानेर राज्यान्तगत तारानगर निवासिनाम् सुगृहीत नाम धेयानां विद्वत्तल्लजानां श्रीमतां गोवर्द्धन प्रसाद शास्त्रिणां पुण्यचरित्रेण परिचिता न स्युः। एते महानुभावाः अस्यां भारतवसुन्धरायां महाहरत्नम्। आशेशवा देववें सुरभारतीं राष्ट्रभाषाञ्चसेवमानाः पण्डित समाजे प्राकृतजनेषु च विपुलाकीर्तिमर्जितवन्तः एतेर्जीवने सनातनधर्मसेवैव कर्त्तव्यत्वेन प्रधानी कृतेति कः खलु न वेत्ति। तारानगरीय राजस्थान संस्कृत विद्यालये प्रधानाध्यापकपदम् संस्थापकपदम् सञ्चालकपदम् चालंकुर्वद्भिरेतैरध्यापिताबहवोऽन्तेवासिनः कृतविद्याः स्वपरीक्षामुत्तीर्य विभिन्न विद्यालयेषु सम्मानपूर्णस्थानमवापु. गुरोर्महिमानंवर्द्धयामासुः संस्कृत प्रचारञ्च विदधुः। विलक्षण भाषणशक्तिरेतेषाम् यद् विदग्धा अपि मुग्धा इव शृण्वन्तिश्रोतारोऽभिनन्दन्ति च सशिरः कम्पम्, श्रीमतां सुयोग्यौ तनयौ उमाशंकराचार्य परमानन्द शास्त्रिणावपि देशसमाजसाहित्यसेवातत्परौ सवत्र सम्मानभाजौ-स्वपितुस्वस्य च यशः प्रसारयन्तीति महान् प्रमोदावसरः। बीकानेर राज्य साहित्य सम्मेलनस्य तारानगरीय पञ्चाधिवेशने श्रीमतां सहयोग. श्रमः समुत्साहश्च स्मयन्तेऽधुनापि। ह्यकालं हारभूता पण्डित धोरेया कमठा अप्येते अगृहीहंकाराः सौशील्य विनय सन्तोष सौजन्यादि गुणरत्नानामाकर भूता आदर्श भूताश्च विराजन्ते इति नितरामाह्लादते नो मानसम्। परमश्रद्धास्पदा श्रीमन्तः दीघमायुः स्वस्थं वपु स्तथा सर्वविध सुख-सम्पत्तिश्चाधिगत्य बहूनि वर्षाणि भारतभुवमलं कुर्वन्तः विद्यारत्ना मान मुत्रयन्तः सुरगिरः सदप्रचाराय सेवायै यथावद् बद्धादराः धर्मान्नत्यं विहितमतयोऽस्मानानन्द यन्तस्सुखं मनेषन्निति भूयोभूय. श्री भगवचरणेषु प्रार्थयामहे।

विधेयः

ओंकारनाथ लाटा

श्री

श्रीमन्तः, फतहपुरिया सांग-वेद-विद्यालया-
... साहित्यव्याकरणज्योतिषाचार्याः प्रधानः

श्रीगोपाल चन्द्र शास्त्रिणः

...सः, आयुर्वेदविशारदाः, विद्यारत्नम्,
राजदुर्गः (विक्रमपुरम्)

तत्र भवतां पण्डित-मूर्धन्यायनां आत्र-संसदि लब्ध-शुभ-समज्ञानां, ... शास्त्रधुरीणानां, राजस्थान-केशरिणां श्री गोवर्द्धन प्रसाद जी ... । स्वर्णजयन्ती महोत्सवे शुभकामनां प्रेषतो मम मनो-रत्नाकरे, ... लसदुल्लासलहरीपटलानि ।

प्रकृति-प्रत-घन-जाड्यान्धकार-पूरित-हृदयतया स्वोद्देश्यमार्गं गन्तु-... बाल-वृद्ध-वनितानां तारानगरीय-जनतानां स्वशास्त्रालोक-... परिभूय तमःसन्ततिं प्रकाशमार्गं दिग्दर्शयतां महात्मनामेषां ...ति शुभं नाम, सर्वेषां हृदय-पुटेषु अद्यापि अन्तस्तमो विध्वंसयत् ।

अशिक्षा-भुजगी-दंश-प्रसृमर-गरल-गतसंज्ञान्, द्विजाति-बालकान् ...यितुं श्रीराजस्थान संस्कृतविद्यालयाः साधारण भेषजमाविष्कुर्वा-... पूर्व-वैद्यानामेषां कर्मदं कस्य न मनःप्रसन्नतापारावारे निमज्जयति ।

न तारानगर एवापि तु बहुषु प्रदेशेषु संस्थापिताः संस्थाः एषां यशसा विस्तारयन्ति लोकोपकार-कर्म ।

महापुरुषाणामेषां जीवनं, ब्राह्मणानां, दीनानां, सुरभारत्याश्च सेवा-... सर्वदा व्यतीतं व्यत्येष्यति व्यत्येति चेति सन्तुष्यति नितान्तं ।

सम्प्रार्थ्यते भगवान् वेणुपाणिर्मुकुन्दः, दीर्घजीवनाय, हीरकजयन्ती-... च कर्मवीराणामेषाम् ।

बीकानेर राज्य साहित्य-सम्मेलन के भूतपूर्व अध्यक्ष

श्रीमान् पं० बद्रीप्रसाद जी आचार्य

प्रिंसिपल :—

ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम चूरू

आचार्य वर !

आपको स्वर्णजयन्ती महोत्सवपर अभिनन्दन-ग्रन्थ समर्पित किया जा रहा है, उसके लिए मैं भी कुछ लिखूं। बहुत ही इच्छा थी परन्तु समयाल्पता से कुछ अस्वस्थता से लिख नहीं सका इसका मुझे आत्मिक खेद है।

देव !

आपके लिए जो मेरे हृदय में स्थान है, अथवा आपके पवित्र चरणो में जो मेरा अनुराग है, उसे भाषा के शुष्क शब्दों में किस प्रकार व्यक्त कर सकूंगा समझ में नहीं आता ! आपने सुरभारती की जो सेवा की है एवं अपनी जाति के मुख्य कर्म पठन-पाठनादि को जिस प्रकार निभाकर दिखाया है, उसे कौन भूल सकता है।

मान्यवर !

आपकी विद्वता, सहृदयता, सौम्यता एवं मिलनसारिता तथा परोपकारिता आदि गुणों की छाप किसपर नहीं पड़ी ? कौन आपके व्यक्तित्व से प्रभावित नहीं हुआ ? आप ही का यह आशीर्वाद है कि मुझ जैसा अकिञ्चन भी उत्तर-दायित्वपूर्ण पदों पर आसीन है !

पतितपावन, आभीरकन्या मनोरञ्जन गोवर्द्धनधारी से विनम्र प्रार्थना है कि वे आपको चिरायु करें।

आपका :—

बद्रीप्रसाद आचार्य

श्रीमान् डाक्टर ओं प्रकाश जी गुप्त

इन्चार्ज स्टेट अस्पताल, तारानगर

हिन्दू संस्कृत के उत्तम सेनानी भारतीय गौरव के प्रतीक श्रद्धेय गोवर्द्धनप्रसाद जी शास्त्री की सेवा में समर्पित किये जानेवाले 'अभिनन्दन-ग्रन्थ में' ये पंक्तियां देते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष हो रहा है। मुझे इन चार वर्षों में आपके साथ रहने का मौका मिला है, इतने समय में ही मैं आपकी ओर इतना आकृष्ट हुआ हूं कि कह सकता।

आज आपके हजारों शिष्य प्रशिष्य भारत के विभिन्न स्थलों में करते हुए आपका यश विस्तृत कर रहे हैं। मुझे ज्यादा लिखने का ...स नहीं है परन्तु यह लिखे बिना नहीं रह सकता कि एक ख्यातिविद्वान् में जितने गुण चाहिये वे सब आप में हैं! दिग्गज ...होते हुए भी अभिमान आपको छू नहीं गया है। सम्पन्न होते ... आप अपने में ही मस्त ढीले-ढाले सौम्य वेश मे ही रहते हैं ...ड का नाम नहीं।

...र की कौनसी ऐसी संस्था है जिसके आप सञ्चालक, संस्थापक, ...दि न हों। कार्य करने की धुन आपमे विचित्र है; और उदारदिली ...।

... याद आता है जब बीकानेर राज्य सा० सम्मेलन पञ्चाधिवेशन ... में करने का निमन्त्रण आपके पुत्र निर्भय कई साथियों के तारानगर में ... ई आए। किन्तु नगर ने जब सुना तो सब एक ...कार में हो गए। उल्टा जबाब नत्थ किया जाने लगा। ... में बाबू आत्माराम दुवानी 'दुकान' चले गये; और पण्डित ...न जी भारग रह गये। पं० नारायण दत्त जी और निर्भय जी ...ोंने अपूर्व चेष्टा से जनता को अनुकूल बनाने की ओर

सफलता भी कुछ इन्हें मिली। परन्तु आपके ही विशेष पत्र-व्यवहार करने पर मंत्री शारदा चौधरी आदि ने आपके शिष्य होने के नाते ज्यादे से ज्यादे रकम दी जिसके फलस्वरूप ही सम्मेलन का षष्ठाधिवेशन बीकानेर राज्य भर में अभूतपूर्व हुआ।

सम्मेलन के दूसरे दिन आपने आगत सज्जनों को अपने घर भोज दिया जिसमें शहर के भी काफी आदमी शामिल थे, उसमें ३००) रु० अन्दाज व्यय हुए। सम्मेलन के प्राणाधार होने पर भी आपके मुंहसे ऐसा नहीं सुना गया कि सम्मेलन में हमने ऐसा किया, वैसा किया! वास्तव में भारत को आज ऐसे ही महापुरुषों की आवश्यकता है। आपके दो पुत्र हैं, दोनो ही विद्वान और सच्चरित्र हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप चिरजीवी हों जिससे आनेवाली पीढ़ी भी आपसे बहुत कुछ सीख सके।

आपका :—

ओं प्रकाश गुप्ता



श्रीमान् डाक्टर ब्रह्मानन्द जी कोचर

एल० एम० पी० (सी० पी०) एल० सी० पी० एण्ड एस० (बम्बई)

मेडिकल ऑफिसर

स्टेट हस्पिटल तारानगर (बीकानेर)

मुझे यह जानकर बड़ी खुशी हुई कि श्रीराजस्थान संस्कृत विद्यालय ... जीवन के ५० वर्ष पूरे कर ५१ वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसी ...सर पर इसके सञ्चालक एवं अध्यापक श्री पं० गोवर्द्धन प्रसाद जी ...जी का अभिनन्दन किया जा रहा है। यह हमारे लिए गौरव की ...त है।


स्थानीय नागरिको से यह सुन कर बहुत आश्चय हुआ कि पूज्य ...डतजी ने विद्यालय की स्थापना एवं संचालन के लिए अत्यधिक ... किए हैं। तारानगर की प्रत्येक सार्वजनिक संस्था के जन्मदाता ... ही है। आपके दो सुपुत्र है, दोनों ही योग्य एवं कर्मठ हैं। ... सैंकड़ों शिष्य स्थान-स्थान पर जन-सेवा कर रहे है। मङ्गलमय ... आपको चिरजीवी करं, यही शुभकामना है।

आपका—

डा० बी. एन. कोचर



ामचन्द्र जी अध्यापक



श्रीमान् रामस्वरूप जी वकील, अग्रवाल "आजाद"

राजगढ़ (बीकानेर)

सन् १६०१ ईस्वी में मेरे स्वर्गीय पिता जी श्रद्धेय जानकी प्रसाद जी मुंशी तारानगर (रीनी) में सब-इंस्पेक्टर पुलिस थे। मैं अपने देश यू० पी० से तारानगर उसी समय आया था। उस समय मेरी आयु १३ वर्ष की थी, श्रीमान् पं० जी को आयु १८-१६ वर्ष को होगो। आपने तारानगर में करीब दो वर्ष पहले से श्रीराजस्थान संस्कृत विद्यालय खोल रखा था। हमारा मकान विद्यालय के पास ही था। ऐसा सुनहला अवसर पाकर मैं भी पूज्य पण्डित जी से हिन्दी पढ़ा करता था, जब से अबतक मेरे परिवार पर पण्डित जी की कृपादृष्टि बनी हुई है।

पं० जी एक सात्विक विचार के सज्जन हैं। 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' आपका प्रधान ध्येय रहा है। पूज्य पण्डित जी सभी शास्त्रों के ज्ञाता है। आपने सरसा फिरोजपुर, एवं बनारस में अध्ययन किया है। सत्य के प्रचार के लिए आपने बंगाल, बिहार, यू० पी०, मद्रास, उड़ीसा, बम्बई, आदि प्रान्तों का दौरा किया है। आप निर्भीक एवं स्पष्टवादी विद्वान् हैं।

आपके दो सुयोग्य पुत्र हैं, दोनों ही बड़े विद्वान्, सुशील व देशभक्त हैं। आपके बड़े पुत्र पण्डित उमाशंकर जी आयुर्वेद के आचार्य हैं। छोटे पं० परमानन्द जी हैं, जो शास्त्री हैं, और कवि तथा लेखक भी हैं।

पं० जी की इस स्वर्णजयन्ती पर मैं शुभकामना भेज रहा हूं। आशा है कि हीरकजयन्ती भी बड़ी धूमधामसे मनाई जायेगी।

भवदीय—

रामस्वरूप अग्रवाल "आजाद"

राजपूताना के प्रसिद्ध वैद्य, आयुर्वेद विशारद

पं० रामप्रसाद जी दीक्षित

सरदार शहर

मुझे यह जानकर परमानन्द-लाभ हुआ कि श्री पं० गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री को उनके स्वर्णजयन्ती-महोत्सव पर अभिनन्दन-ग्रन्थ भेंट किया जायेगा। मुझे ऐसा लगा मानों मेरी अन्तरात्मा मुझे श्री पण्डित जी की सेवा में अपने हृदयोद्गार प्रकट करने को प्रेरित कर रही हो। अपने टूटे-फूटे शब्दों में मैं उनके यशोगान में कुछ अस्फुट विचार रख सकूंगा ऐसी आशा है।

आप आज से ३५-४० वर्ष पहले, जब कि बीकानेर रियासत में महोपदेशक एवं स्पष्ट वक्ताओं का नितान्त अभाव था, अपने लालित्य-पूर्ण भावव्यञ्जन एवं पाण्डित्यपूर्ण वक्तृत्व के लिए प्रसिद्ध हो चुके थे। उस समय आपने सनातनधर्म के पक्ष में बहुत अच्छा प्रचार किया था एवं इस दिशा में अब भी पूर्ण संलग्न हैं। इनके व्याख्यानों को सुनने का मुझे जब जब भी शुभावसर मिला, मेरे अन्तर में उन प्रवचनों की एक अमिट छाप अङ्कित होती गई।

अतएव हमारी जगन्नियंता से निरंतर प्रार्थना है कि वह श्रीयुत पण्डित जी को दीर्घायु करें जिससे कि वे माँ भारती की अधिकाधिक सेवा कर सकें।

रामप्रसाद दीक्षित वैद्य

कविराज पं० परमेश्वर प्रसाद वैद्य

आयुर्वेदाचार्य, प्रधान चिकित्सक सर्वजन हितैषी दातव्य औषधालय
राजगढ़ (बीकानेर)

मुझे यह ज्ञान कर अत्यन्त हर्ष हुआ कि श्रीराजस्थान संस्कृत विद्यालय के छात्र एवं स्नातक मण्डल ने अपने उत्तरदायित्व को समझ कर श्रीराजस्थान संस्कृत विद्यालय के संस्थापक श्रीमान् पं० गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री की अमूल्य जनहितकारी सेवाओं के उपलक्ष में उनके सम्मानार्थ श्री स्वर्णजयन्ती मनाने की योजना की है।

यह महोत्सव शास्त्री जी की सेवाओं के सामने नगण्य है किन्तु सम्मानकर्त्ता कार्यकर्त्ताओं ने अपना कर्त्तव्य समझ कर यह गौरवपूर्ण कार्य किया है।

राजस्थान में जब चारों ओर अविद्या का अन्धकार फैला हुआ था तब आपने शिक्षा प्रचार के लिए श्रीराजस्थान बीज वपन कर ज्ञान का प्रकाश फैलाना शुरू किया था। आज उसी विद्यालय के सैकड़ों स्नातक उत्तरदायित्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए जन सेवा कर रहे हैं।

ईश्वर से प्रार्थना है कि यह शास्त्री जी के चलाये हुए कार्य को चिरस्थायी रक्खें तथा पूज्य शास्त्री जी को दीर्घायु प्रदान करें।

भवदीय—
परमेश्वर प्रसाद वैद्य

श्रीमान् पं० ज्येष्ठानन्द जी वैद्य

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

श्री पं० [illegible] जी [illegible] की [illegible] विद्वत्ता, मधुर [illegible], [illegible], [illegible], एवं [illegible] किसी से छिपी नहीं है।

आप का ही प्रताप है कि [illegible] जैसे छोटे से शहर में श्री [illegible] प्रधान संस्कृत विद्यालय जैसी [illegible] में पढ़ने वालों संख्या ५० वर्षों से निरन्तर सुरभारती की अनुपम सेवा कर रही है।

आप को मैं चिरकाल से जानता हूं, आप के सद्गुणों से हर एक व्यक्ति आप की ओर सहज आकृष्ट हो जाता है।

आप जैसे, कर्त्तव्यनिष्ठ, दयालु, सुरभारती के अनन्य उपासक तथा शास्त्रों के धुरीण विद्वान् पर, हमारे, इस प्रान्त, राजस्थान को गर्व है।

हम ईश्वर से नतमस्तक होकर प्रार्थना करते हैं कि, आप का सदुपदेश एवं पथ-प्रदर्शकत्व हमें चिरकाल तक मिलता रहे।

श्री स्वर्णजयन्ती महोत्सव सानन्द सम्पन्न हो, यही मेरी शुभ कामना है।

—ज्येष्ठानन्द वैद्य

श्रीमान् वैद्य भूरामल जी शर्मा आयुर्वेद विशारद

अध्यक्ष, तारानगर रिलीफ सोसायटी औषधालय (तारानगर)

श्रीमान् पं० श्री गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री, राजस्थान के प्रकाण्ड विद्वान्, कर्मठ नेता एवं प्रतिष्ठित महापुरुष हैं। मैं आप से लगभग ४ वर्षों से परिचित हूं। आप ५० वर्ष से श्री राजस्थान संस्कृत विद्यालय, के संचालक व अध्यापक-पद को अलंकृत कर रहे हैं। मैं आप के, सौजन्य वैदुष्य, प्रतिभासम्पन्नत्वादि किन-किन गुणों पर प्रकाश डालूं ? आप सभी शास्त्रों के प्रकाण्ड पण्डित हैं, तारानगर की प्रत्येक सार्वजनिक संस्थाओं के आद्य संस्थापक हैं। आप की योग्यता, कार्य-कुशलता एवं अध्यापनपटुता, प्रत्येक विद्वान् के लिए अनुकरणीय है। छात्रों के साथ आप का व्यवहार बहुत ही सुन्दर रहा है, इसी कारण विद्यालय में १५०० छात्र शिक्षा प्राप्त कर सफलतापूर्वक जीवनयापन कर रहे हैं।

आप के दो सुपुत्र हैं। ज्येष्ठ पुत्र कविराज श्री उमाशंकर जी आयुर्वेदाचार्य हैं, जो कि सेवा समिति औषधालय सरदार शहर में प्रधान वैद्य के पद पर काम कर रहे हैं। आप सरदार शहर की तरफ से कई बार प्रतिनिधि बन कर भी बाहर गये हैं। यह तारानगर के लिए अत्यन्त गर्व की बात है।

कनिष्ठ पुत्र साहित्यालंकार कवि एवं कहानी-लेखक पं० परमानन्द जी शास्त्री स्थानीय विद्यालय में अध्यापन-कार्य कर रहे हैं। आप के कई एक संग्रह प्रकाशित होने जा रहे हैं।

पूज्य पं० जी की अमल धवल कीर्ति शुभ्रज्योत्स्ना की भांति भूतल पर प्रसरित रहेगी। आप के जीवन की साध सदा से यही रही है कि, किसी-न-किसी तरह 'सनातनधर्म' एवं 'संस्कृत विद्या' का प्रसार हो। आप ने अपने अमूल्य जीवन को इस विद्यालय की चतुर्दिक् उन्नति के लिए अर्पण कर रखा है। स्थायी कोष न होने पर भी आप इसे अच्छी अवस्था में चला रहे हैं।

पं० जी के रचनात्मक कार्यों को एक क्षुद्र प्राणी क्या गिना सकता है, यही समझ कर केवल भक्तिभाव से ही आप के स्वर्णजयन्ती महोत्सव पर अपनी श्रद्धाञ्जलियां अर्पित कर रहा हूं तथा ईश्वर से करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि आप का जीवनतरु सदा पल्लवित, पुष्पित एवं फलित रहे।

—वै० भूरामल शर्मा

श्रीमान पण्डित आशारामजी वैद्य

प्रधान चिकित्सक

जैन दिगम्बर शालन्य औषधालय तारानगर

श्रीमान् पण्डित गोवर्द्धन प्रसाद शास्त्री महोपदेशक द्वारा संस्कृत साहित्य एवं देश की ५० वर्ष तक की गयी सेवाओं के उपलक्ष में उन्हें 'अभिनन्दनग्रन्थ' समर्पित करने का जो सङ्कल्प शिष्य एवं स्नातक मण्डल ने किया वह प्रशंसनीय है।

यदि तत्वदर्शी आंखों से देखा जाय तो पण्डित जी ही राजस्थान में ऐसे अकेले कर्मठ व्यक्ति दिखाई देते हैं, जिन्होंने ५० वर्ष तक अबाध गति से स्थायी कोष न रहने पर भी एक सार्वजनिक संस्था का नि:स्वार्थ भाव से सुचारु रूपेण सञ्चालन किया है।

विगत साहित्य सम्मेलन के पञ्चाधिवेशन में आपने जो कार्य किया उसे देखकर नवयुवक भी दंग रह गये। वास्तव में आपकी कार्य करने की प्रणाली ऐसी ही है।

ईश्वर से प्रार्थना है कि आपका नेतृत्व देश को सदा प्राप्त होता रहे।

भवदीय

आशाराम वैद्य।

श्री बीरबल जी वैद्य

आयुर्वेदाचार्य, अध्यक्ष, श्री आर्य औषधालय, सेरड़ा (बीकानेर)

मुझे पं० श्री गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री की स्वर्णजयन्ती पर बधाइयाँ भेजते हुए महान् हर्ष हो रहा है। यह महोत्सव राजस्थान में अपना एक निराला आदर्श रखता है। इसके संयोजकोंको कोटिश: धन्यवाद है जिन्हो ने एक महापुरुष का सम्मान करने में इस प्रकार के उत्सव का आयोजन किया।

पूज्य पं० जो प्राचीन भारतीय संस्कृति के मूर्तिमान् प्रतीक है। आप के जीवन का अधिकतर भाग लोकोपकारी कार्यों में ही अधिक व्यतीत हुआ है।

परमेश्वर से प्रार्थना है कि यह उत्सव को सानन्द सम्पन्न कर पूज्य पण्डित जी को चिरायु करें।

वैद्य बीरबल शर्मा

दैवज्ञवर्य पं० चन्द्रभानु शर्मा वैद्य गांधी

पूज्य गुरुदेव के स्वर्णजयन्ती महोत्सव का समाचार पाकर हृदय आनन्द-विभोर हो उठा ; और स्मृति-पटलपर अंकित हो गया वह दृश्य, जिसमें कि पूज्य चरणों के समीप बैठ कर हम लोग परिणाम रमणीय, गुरुदेव के उपदेशों को श्रवण करते हुए स्वाध्याय किया करते थे।

गुरुवर हमें कितने स्नेह से पढ़ाया करते थे, उन्हें हमारी कितनी चिन्ता थी, तथा वे हमारे उत्थान को देखने के लिए कितने लालायित थे, यह वे ही जान सकते है, जिन्हो ने श्रीचरणों में रहकर कुछ अध्ययन किया है।

पूज्य गुरुदेव का वरदहस्त जिस किसी की पीठ पर पड़ जाता है, मानों उसके लिए, सुख-सम्पदाओ के द्वार सदा के लिए उन्मुक्त हो जाते है। यही कारण है कि आप का ऐसा कोई भी शिष्य नहीं जो कष्ट से काल-यापन करता हो। आसपास के लोगो में यह दृढ़ धारणा है कि कोई बेकार मनुष्य हो तो पण्डित जी के हाथ से भाषी ले आये, तत्क्षण उसकी बेकारी दूर भाग जाएगी।

मेरी शुभ कामना है कि परमपिता परमात्मा पूज्य गुरुदेव को चिरायु करें; जिससे राजस्थान के उज्ज्वल भविष्य-निर्माण में उचित सहयोग प्राप्त हो।

आप का तुच्छ शिष्य
चन्द्रभानु शर्मा

श्रीमान् पं० रूपरामजी वैद्य आयुर्वेदाचार्य

अध्यक्ष


शङ्कर आयुर्वेद फार्मेसी (चूरू)

एतादृशो बुधजनो मरुभूतलेऽस्मिं—
स्त्वामन्तरा वद गुरो ! ननु विद्यते कः !
यश्छात्रपुञ्जहृदयस्थमहान्धकारं—
दूरेऽसितुं रविरिवाशु भवेत्समर्थः ॥१

त्वत्पादपङ्कजपराग शुभाञ्जनेन—
येनाक्षिणी पलुपिते अपि पाविते स्वे।
शास्त्रार्थबोधविषये नितरां कुशाग्रः
किं जायतां न स गुरोऽप्यविलम्बितेन ॥२

शुभाभिनन्दनं गुरो ! त्वदीयमेतदद्भुतं
समुल्लसन्मनःसु छात्रसंहतेर्विशेषतः।
लसद्गवीक्षविक्षहर्षवर्षमाशु पूरयन्
शिवाङ्कराष्टाक्षवीक्षितैर्नजेत्कृतार्थताम् ॥३

आभवो—
रूपराम वैद्यः



श्रीमान् पं० हनुमान प्रसादजी शर्मा बी० ए

अध्यक्ष

प्रौढ़ शिक्षा विभाग बीकानेर

मान्य श्री पं० गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री, प्रधानाध्यापक श्री
स्थान संस्कृत विद्यालय तारानगर के कार्यकाल का स्वर्ण जयन्ती म
मनाया जाना, एक बड़े ही हर्ष एवं गौरव का विषय है। आद
के इतने लम्बे कार्यकाल को याद कर कौन ऐसा नागरिक हो
वस्तुतः हर्ष एवं गौरव का अनुभव न करे। यह सर्वथा स्वाभावि
पण्डितजी तारानगर की बहुत सी जनता के गुरु एवं श्रद्धा
मुझे भी कुछ समय के लिए उनके कार्य कलाप देखने का अवस
हुआ है; जब कि मैं तारानगर राजकीय विद्यालय में प्रधान
था। पं० जी उच्च श्रेणी के साहित्य-सेवी हैं। बीकानेर राज्य
सम्मेलन के षष्ठ अधिवेशन के तारानगर में आयोजन एवं सम्पा
श्रेय पं० जी को ही है।

परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि वे पं० जी को नाग
सेवार्थ दीर्घायु करें; ताकि उनकी हीरक जयन्ती मनाकर अत्यधि
के अनुभव का सुअवसर प्राप्त हो।

॥ सत्यं शिवं सुन्दरम् ॥

आपका

हनुमान प्रसाद सुरो

श्रीयुत जेठमल जी शर्मा

अध्यापक

स्टेट स्कूल तारानगर

हमारी प्राचीन शिक्षापद्धति गौरवमयी संस्कृति और परिशोधित आधुनिकता के प्रतीक परम पूज्य पं० जी के सफलता पूर्वक अर्द्ध शताब्दी तक अविरल शिक्षण कार्य करते रहने पर हम तारानगर वासियों को पूर्ण गर्व है।

पं० जी ने अपनी शान्त प्रकृति एवं अध्यापन कुशलता का विनियोग इस नगर की संस्कृत पाठशाला के लिए किया, यह उनका सुन्दर आभूषण और हमारा अहोभाग्य है।

मैं पं० जी को यह 'अभिनन्दन ग्रन्थ' भेंट करना उनके श्रम के अनुकूल तो नहीं समझता ; पर श्रद्धावश यत्किञ्चित् किया है यह हमारे अपने लिए आत्मतुष्टि का एक साधन अवश्य है।

मैं ईश्वर से पं० जी के दीर्घ जीवन के लिए प्रार्थना करता हुआ यह श्रद्धाञ्जलि सादर समर्पित करता हूं।

किङ्कर—

जेठमल शर्मा



पं० मोतीलाल शर्मा बी. ए.

हेड मास्टर

स्टेट मिडिल स्कूल तारानगर

त्रशिरः सुमनोऽर्चित चरण !

आपकी स्वर्ण जयन्ती मनाने का विशाल आयोजन किया जा रहा यह जान कर मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हुई।

आपने संस्कृत साहित्यकी जो सेवा की है, हजारों छात्रों को शिक्षा है, अपने कर्तव्य को जिस सुन्दर ढंग से पालन करते हुए मृतप्राय ह्मण जाति में गम्भीर गर्जना द्वारा जो प्राण फूँके हैं, वे आने वाली न्तति के लिए अनुकरणीय रहेंगे। कौन ऐसा प्राणी है जो आप से लकर सत् साहित्य एवं सनातन धर्म के प्रति हठात् आकर्षित न हो ता हो। आज हमें ऐसे ही महापुरुषों की आवश्यकता है जो ऋृंखल जनता को सही मार्ग पर ला सके। ईश्वर आपको दीर्घ यो करे।

आपका

मोतीलाल शर्मा।



श्रीयुत माल चन्द्र वर्मा "विशारद"

अध्यापक

स्टेट मिडिल स्कूल 'तारानगर'

आज प्रार्थना है ईश्वर से
स्वर्ण जयन्ती मने तुम्हारी
शहनाई के स्वर में !

सेवा व्रत के महा पुजारी
जय होवे गुरुदेव ! तुम्हारी
पृथ्वी पर घर-घर में !

प्राणिमात्र सुलबुल हो जगमें
गूंजेगी नभ और धरा में
देव प्रतिज्ञा तेरी !

आज सभी श्रम सफल हुआ है
मिटी निशायें घोर अंधेरी ।
बनी सफलता चेरी ।

ऐसा आशीर्वाद हमें दो
देश धर्म की रक्षा के हित
प्राण समर्पण कर दें ।

छात्र आपके जब चाहें तब
मुर्दों में भी जान डाल कर
नई चेतना भर दें !

—मालचन्द्र वर्मा

शिव प्रसाद जी गुप्त

हेड मास्टर

स्टेट स्कूल राजलदेसर (बीकानेर)

...ी की स्वर्ण जयन्ती मनाने का समाचार मिला, पढ़ कर ... । पूज्य पं० जी के इस महोत्सव का मैं स्वागत करता ...दय जो हमारे प्रान्त के वयोवृद्ध, ज्ञानवृद्ध, एवं विद्यावृद्ध ...ी विशाल एवं ठोस सेवाओं से बीकानेर को यह भूभाग ... परिचित है। श्री राजस्थान संस्कृत विद्यालय जैसी ...पने सुदीर्घ काल तक चलना कोई हँसी खेल नहीं है, ...पूज्य उत्साह एवं अध्यवसाय पूर्वक अपने लगाये [illegible] ...वित एवं पुष्पित बनाने की चेष्टा में लगे रहे।

... पर मैं अपनी ओर से शुभ कामना भेज रहा हूं तथा ...र्घायु के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं।

भवदीय

शिव प्रसाद गुप्त।

॥ श्रीः ॥

श्री पं० मुरलीधर जी सारस्वत

बी० ए० साहित्य रत्न, अध्यक्ष
हिन्दी विद्यापीठ चूरू।

परम श्रद्धेय पं० श्री गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री के दर्शन का सौभाग्य बीकानेर राज्य साहित्य सम्मेलन के षष्ठाधिवेशन में मिला। आपकी गम्भीर मुद्रा एवं कार्यसंलग्नता ही आपकी महत्ता की परिचायक थी। पूज्य पं० जी ने बड़ी संलग्नता के साथ देश की सेवा की है, उनका इस क्षेत्र में जितना सम्मान किया जावे वह थोड़ा है!

परम आदरणीय शास्त्री जी ने अध्यापन में अपने जीवन का अमूल्य अवसर प्रदान किया है, सैकड़ों बालकों को आपने सचाई और विवेक की कसौटी पर कस कर खरा उतारा है।

पूज्य पं० जी की पावन-स्मृति से ही हृदय आनन्द विभोर हो उठता है।

श्री स्वर्णजयन्ती महोत्सव की सफलता मैं हृदय से चाहता हूं। पतित पावन भगवान् कृष्ण हमारे कर्मठ, नेता को सद्दीर्घायु प्रदान करें।

मुरलीधर सारस्वत

श्रीमती गुलाब देवी कौशिक

प्रधानाध्यापिका

बालिका पाठशाला तारानगर

श्रद्धेय पं० गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री की स्वर्णजयन्ती जानकर मुझे परम प्रसन्नता हुई। विद्यालय के छात्रों ने इस गौरवपूर्ण कार्य का आयोजन कर भारतीय संस्कृति के प्रतीक का जो अर्चन किया है वह सराहनीय है।

आप संस्कृत-साहित्य के प्रकाण्ड विद्वान् हैं। षट्शास्त्र में आपकी अप्रतिहत गति है।

मैं जिस संस्था में कार्य करती हूं, वह पौदा इसी महापुरुष का लगाया हुआ है जो आज वृक्ष का रूप धारण करता जा रहा है। जिसमें हजारों बालिकायें अध्ययन कर अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं गौरवमय करने में समर्थ हो रही हैं। आशा है आपके सहयोग से भविष्य में यह संस्था और भी वृद्धि को प्राप्त होगी, अतः आपका जितना भी सम्मान किया जाय, थोड़ा है!

यही नहीं यहां का सार्वजनिक पुस्तकालय भी आपके शिक्षाप्रसार-प्रेम का ज्वलन्त उदाहरण है। सबसे पहले आपने ही अपनी पुस्तकें देकर इसका नामकरण किया—ऐसा सुनने में आता है।

आपसे मेरा सीधा सम्पर्क न होने पर भी, आपके कनिष्ठ पुत्र भाई परमानन्द से विशेष स्नेह है, जिससे आपकी विद्वत्ता, सुजनता, दयालुता, कर्मठता एवं स्नेहप्रवणता का यदा-कदा परिचय मिलता रहता है। आपका सारा परिवार विद्वान् है।

तारानगर की कौन-सी ऐसी संस्था है जिसके आप प्रधान हितैषी न हों।

ऐसे महापुरुष के लिये मैं श्री जगन्नियन्ता परमेश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वह इनको चिरायु करें, जिससे संस्कृत साहित्य की अभिवृद्धि होती रहे।

गुलाब देवी कौशिक



श्रीमती स्वर्णलता देवी
प्रिंसिपल महारानी सुदर्शन कॉलेज (बीकानेर)



श्रीमती लाडली देवी रैणा
[illegible] ([illegible])

श्रीमती गुलाब देवी कौशिक

प्रधानाध्यापिका

बालिका पाठशाला बारानगर

श्रद्धेय पं० गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री की स्वर्णजयन्ती जानकर मुझे रम प्रसन्नता हुई। विद्यालय के छात्रों ने इस गौरवपूर्ण कार्य का ायोजन कर भारतीय संस्कृति के प्रतीक का जो अर्चन किया है वह राहनीय है।

आप संस्कृत-साहित्य के प्रकाण्ड विद्वान् हैं। षट्शास्त्र में आपकी प्रतिहत गति है।

मैं जिस संस्था में कार्य करती हूं, वह पौदा इसी महापुरुष का गाया हुआ है जो आज वृक्ष का रूप धारण करता जा रहा है। सर्में हजारों बालिकायें अध्ययन कर अपने भविष्य को उज्ज्वल वं गौरवमय करने में समर्थ हो रही हैं। आशा है आपके सहयोग से विष्य में यह संस्था और भी वृद्धि को प्राप्त होगी, अतः आपका जितना ी सम्मान किया जाय, थोड़ा है।

यही नहीं यहां का सार्वजनिक पुस्तकालय भी आपके शिक्षाप्रसार-म का ज्वलन्त उदाहरण है। सबसे पहले आपने ही अपनी पुस्तकें कर इसका नामकरण किया—ऐसा सुनने में आता है।

आपसे मेरा सीधा सम्पर्क न होने पर भी, आपके कनिष्ठ पुत्र भाई रमानन्द से विशेष स्नेह है, जिससे आपकी विद्वत्ता, सुजनता, यालुता, कर्मठता एवं स्नेहप्रवणता का यदा-कदा परिचय मिलता रहता । आपका सारा परिवार विद्वान् है।

बारानगर की कौन-सी ऐसी संस्था है जिसके आप प्रधान हितैषी हों।

ऐसे महापुरुष के लिये मैं श्री जगन्नियन्ता परमेश्वर से प्रार्थना रती हूं कि वह इनको चिरायु करें, जिससे संस्कृत साहित्य की अभि-द्धि होती रहे।

गुलाब देवी कौशिक



श्रीमती स्वर्णलता देवी

प्रिंसिपल महारानी सुदर्शन कॉलेज (बीकानेर)



श्रीमती साहनी देवी वैद्य

[illegible]



आयुर्वेदाचार्य

बन्धुद्वय



परमानन्द शास्त्री



श्री दीपचन्द्र शर्मा

संस्कृताध्यापक

ग्रामोत्थान विद्यापीठ संगरिया (बीकानेर)

"अरे महाराज, कुछ याद किया कर, सुख पायेगा" वयोवृद्ध गुरुदेव के छात्रावस्था में कटु लगनेवाले तथा भविष्य में शिव-वरदान रूप ये शब्द आज भी मेरे कानोंमें गूंजते हैं।

कितनी सुन्दर शिक्षा है! कितनी सरसता टपकती है!! कहते ही बनता है। पूज्य गुरुजी की प्रकाण्ड विद्वत्ता, भाषाशैली एवं आकर्षण शक्ति आदि विशेषताएँ वर्णनीय हैं।

मैं प्रायः लोगों से कहा करता हूं कि "हमारे गुरुजी इतने वृद्ध होने पर भी कभी चश्मा नहीं लगाते" उन्हें आजकल के नवयुवकों से अधिक दिखाई पड़ता है, यह शब्द मैं कितने गर्वके साथ कहता हूं, यह मेरा हृदय ही जानता है।

मैं शुद्ध सनातन ब्रह्म से यही प्रार्थना करता हू कि पूज्य गुरुदेव इसी तरह हमें शिक्षा देते रहें।

आपका चरण सेवकः—
दीप चन्द्र शर्मा




श्रीमान् मनीरामजी चौधरी

अध्यक्ष

तहसील कांग्रेस कमेटी मारानगर

मान्यवर,

श्री राजस्थान संस्कृत विद्यालय द्वारा आपने जो संस्कृत साहित्य की सेवा की है, वह सदा, आनेवाली पीढ़ी को कार्यक्षेत्र में उतरने के लिये प्रोत्साहन देती रहेगी। हमारा देश बहुत वर्षों से अशिक्षा के गर्त में पड़ कर स्वत्व को भूल चुका था, इधर-उधर इने-गिने लोग शिक्षित कहलाते थे। उस समय आपने इस शिक्षण संस्था को स्थापित कर भारत की स्वतन्त्रता के सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य शिक्षा प्रचार का आरम्भ किया था। शिक्षा ही मनुष्य को कार्यक्षेत्रमें उतरने की प्रेरणा देती है। शिक्षा ही कायर में जान डाल कर होनहार सैनिक बनाकर मातृभूमि के लिये सर्वस्व की बाजी लगा देनेवाला विजेता तैयार करती है। ऐसी शिक्षा देने में ही जिस महापुरुषने अपना जीवन लगा दिया हो उसकी जितनी पूजा की जाय थोड़ी ही है। आप हमारे प्रान्त के प्रसिद्ध विद्वान् हैं। आप सीधे-सादे वेष में रहने वाले सुशील, सन्तोषी एवं सच्चरित्र हैं।

आज हमारे देश के लिए बातें न बना कर हृदय से कर्तव्य-पालन करने वाले आप जैसे सत्पुरुषों की आवश्यकता है।

इस समय आप के हजारों शिष्य भारत के प्रान्त-प्रान्त में अज्ञानता का नाश कर रहे हैं एवं आप की उज्ज्वल कीर्ति के विस्तार में चार चांद लगा रहे हैं।

आप के दो पुत्र हैं। दोनों ही देशभक्त एवं कर्मठ व्यक्ति हैं। श्री जगन्नियन्ता से प्रार्थना है कि वह पूज्य पण्डित जी को चिरायु करे जिससे हम अधिकाधिक लाभ उठा सकें।

भवदीय—

मनीराम चौधरी

श्री महावीर प्रसाद शारदा

पूज्य गुरुदेव !

गुरु का स्थान कितना ऊँचा है, यह मुझ-जैसा प्राणी क्या समझ सकता है, फिर भी यह जानता हूं कि गुरु-ऋण एक महान् ऋण है। दिन-रात सेवा करने पर भी क्या शिष्य इस महान् ऋण से छूट सकता है ? इस में सन्देह ही है।

महर्षि कल्प !

आप हमारे कुलगुरु हैं। आप ही के आशीर्वाद से हमारा कुल फूल-फल रहा है। मैं किस रूप से आप का अभिनन्दन करूँ ? जो कुछ इस जीवन में मिला वह आप ही की कृपा से। उन्हीं हृदय-भावों को श्रीचरणों में भेंट कर ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह पूज्य गुरुदेव को चिरजीवी करे।

आप का शिष्य—
महावीर प्रसाद शारदा



श्रीमान् महावीर प्रसाद जी कन्दोई

श्रीमान पण्डित गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री की स्वर्णजयन्ती कर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई। आप तारानगर के ही नहीं स राजस्थान के प्रतिभा-सम्पन्न व्यक्ति हैं। श्री राजस्थान संस्कृत विद्या के आप संस्थापक हैं। आप ने इस संस्था की उन्नति करने के अपने जीवन का अधिकतर समय लगाया है।

आप के ही परिश्रम के कारण आज यह संस्था अपने ५० पूर्ण कर अपने संस्थापक का अधिकाधिक सम्मान कराने में स हुई है। आप सचरित्र परोपकारी एवं मिलनसार व्यक्ति हैं। विद्व होने के साथ-साथ आप सार्वजनिक कार्यकर्त्ता भी हैं।

तारानगर में जितने भी लोकोपकारी कार्य हैं उन सब में व जितनी सार्वजनिक संस्थाएँ हैं उनमें, पण्डित जी का मुख्य हाथ रहा आप ने नवयुवकों को जन-हितकारी कार्यों में अग्रसर होने को सर्व प्रोत्साहित किया है। भारतीय संस्कृति के आप पक्के अनुयायी है आप तारानगरके ब्राह्मण समाज में सब से प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं।

पण्डित जी के दो पुत्र हैं दोनों ही विद्वान्, सचरित्र एवं सार्वजनि कार्यों में काफी दिलचस्पी लेते हैं।

स्वर्ण महोत्सव सफल हो तथा पण्डित जी सपरिवार प्रसन्न रहें यही भगवान् से प्रार्थना है।

सेवक—

महावीर प्रसाद कन्दोई

श्री गोपाल कृष्ण धाँगड़ 'कानपुर'

आज उस महापुरुष के लिए शुभकामना भेजते हुए परम हर्ष हो रहा है कि जिसने अपने जीवन के ५० वर्ष सार्वजनिक कार्यों में व्यतीत किए हैं। मैं पूज्यपाद पण्डितराज श्रद्धेय गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री को अच्छी तरह से जानता हूं। इन-सा सन्तोषी, सच्चरित्र एवं कर्तव्यपरायण, अद्भुत प्रतिभा-सम्पन्न विद्वान् देखने में नहीं आया। आप मेरे मातृकुल के श्रद्धेय कुल-गुरु हैं। आप से मेरा घनिष्ठ सम्बन्ध है।

आप के दो सुपुत्र हैं, दोनों ही विद्वान्, देशभक्त एवं कर्मवीर हैं। बड़े श्री उमाशङ्कर जी आयुर्वेदाचार्य हैं, जो सिद्धहस्त चिकित्सक हैं। आप आजकल सेवा समिति दातव्य औषधालय के अध्यक्ष हैं तथा सरदार शहर कांग्रेस कमेटी के प्रधान कार्यकर्ता हैं, और एक लाख जनता की ओर से राजपूताना प्रा० कां० के प्रमुख रीजनल कौंसिल के सदस्य भी हैं। छोटे, साहित्यालंकार पं० परमानन्द शास्त्री निर्भय, विशारद हैं, आप अपने पिता जी की तरह प्रतिभा-सम्पन्न हंसमुख एवं मिलनसार व्यक्ति हैं, इसके अतिरिक्त कहानी-लेखक एवं कवि भी हैं। आप से मेरा बहुत ही स्नेह है।

अन्त में ईश्वर से करबद्ध प्रार्थना है कि पूज्य चरण की यह स्वर्ण-जयन्ती सानन्द सम्पन्न हो तथा पण्डित जी चिरजीवन प्राप्त कर हमारा पथ-प्रदर्शन करते रहें।

गोपालकृष्ण धांगड़

दैवज्ञवर्य, वैद्यमनीषी

पञ्चाङ्गकर्ता

श्री मान् पं० गिरिधारीलल जी

ज्योतिषशास्त्री (नोहर)

पूज्यपाद गुरुदेव की स्वर्णजयन्ती जानकर अन्तस्तल में अत्यन्त आनन्द हुआ। आप जैसे कर्मठ विद्वान्, एवं शिष्य हितैषी गुरु का जितना भी सम्मान किया जाय थोड़ा है। आपने श्री राजस्थान संस्कृत विद्यालय की स्थापना कर अबोध शिशु-समाज को ज्ञान की पवित्र पयस्विनी में अवगाहन करा कर उन्हें क्रिया क्षेत्र में अग्रसर होने का जो सुयोग दिया है, उसके लिए संस्कृत समाज ही नहीं, प्रत्युत सारा भारत भी आपका चिर-ऋणी रहेगा।

ईश्वर करे आपका पथ प्रदर्शन हमें चिर काल तक मिलता रहे।

किङ्कर

गिरिधारीलाल

तारानगर के उत्साही कार्यकर्ता, तहसील
कांग्रेस-कमेटी के सेक्रेटरी प्रतिभासम्पन्न
नव युवक

श्रीयुत आशाराम दूदानी

आदरणीय गुरुदेव,

आपके स्वर्णजयन्ती महोत्सव मनाने का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्ष से. किया जा रहा है। बड़े-बड़े विद्वान् इस कार्य में भाग लेकर अपना अहो भाग्य समझते है। मैं भी अपने हृदय के भावों को अपनी भाषा में व्यक्त कर सकूंगा इसमें सन्देह है।

तपोधन !

मैं यह बिना हिचकिचाहट के कह सकता हूं कि आपके जीवन का प्रत्येक कार्य शिक्षाप्रद एवं अनुकरणीय है। आपने ब्राह्मण जाति को ही नहीं अपितु प्रत्येक जाति को उज्ज्वल शिक्षा एवं सदुपदेश देकर कर्त्तव्यशील बनाने की चेष्टा की है, वह किसी से छिपी नहीं है। ब्राह्मण जाति के मनुनिर्दिष्ट कर्मों को अपने जीवन में उतारने का जो प्रयत्न आपने किया है वह स्तुत्य है। ऐसी ही कर्त्तव्य निष्ट विद्वान के चरणों में मस्तक टेक कर अन्तर्दाह-शमन किया जाता है। आपके इस अभिनन्दन पर मेरी हार्दिक शुभ कामना यही है कि आपकी हीरक जयन्ती मनाने का सुअवसर भी हमें प्राप्त हो।

सेवक
आशाराम दूदानी

पं० गङ्गाजल जी शर्मा

मु० नोहर (बीकानेर)

मुझे अत्यन्त प्रसन्नता है कि श्रद्धेय गुरुदेव की स्वर्णजयन्ती मनाने का आयोजन किया जा रहा है, आप इस सम्मान के सर्वथा योग्य हैं। आप ने अपने जीवन में कितने लोकोपकारी कार्य किये हैं, यह तो वे ही जानते हैं, जो आप के चरणों में सर्वदा निवास करते हैं। आज तारानगर में जितने भी संस्था रूपी महीरुह अपनी छाया से लोगों को सानन्द दे रहे हैं, उन सब का बीजारोपण पूज्य गुरुदेव के ही कर-कमलों से हुआ है। रंक से लेकर राजा तक प्रत्येक प्राणी के हृदय में आप के लिए वही भाव है जो भगवान् राम और कृष्ण के लिए है। आप के उपदेश और विद्याध्ययन काल की स्मृति आते ही हृदय में आनन्द छा जाता है।

विश्वम्भर भगवान् से विनय है कि वह जयन्ती सफल कर

श्रीमान् गङ्गाजल जी सुखानी

श्रद्धेय गुरुदेव पण्डित श्री गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री की स्वर्ण-
जयन्ती जान कर अत्यानन्द हुआ। भारतीय संस्कृति के
अनुसार आप इस सम्मान के सर्वथा योग्य हैं। आपने
बड़े परिश्रम से श्री राजस्थान संस्कृत विद्यालय का
सुदीर्घ ५० वर्ष तक सञ्चालन किया है
सुरभारती, प्राचीन संस्कृत एवं देश
की सेवा का पवित्र भाव आपके
हृदय में कूट-कूट कर

भरा हुआ है। आपके उपदेशामृत का पान कर अनेक स्त्री-पुरुषों ने
अपनी ज्ञान पिपासा शान्त की है। मङ्गलमय
हरि से प्रार्थना है कि वह आपको चिरायु करें
हम लोगों को आपकी हीरक-जयन्ती
दिखाये।

—गङ्गाजल सुखानी

श्रीमान् पण्डित मनुदत्त जी शर्मा

सम्पादक

साप्ताहिक 'ज्ञानोदय' हिसार।

जब मैंने यह सुना कि राजस्थान संस्कृत विद्यालय तारानगर की स्वर्ण जयन्ती की तैयारियाँ की जा रही हैं, तो मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई; और मैं तुरन्त समझ गया कि यह योजना पं० गोवर्द्धन प्रसादजी शास्त्री की ५० वर्षीय अविचल तपस्या का ही फल है। आपने उक्त विद्यालय में रहते हुए विद्या दान द्वारा समाज की जो सेवा ५० वर्ष तक की है, वह सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

आपका जीवन सदा परन्तु उच्च भावोपेत ही रहा है। लगभग बीस वर्ष की बात हो चुकी, जब मैं तारानगर आने को उद्यत था; उस समय मेरे पिताजी ने कहा कि तुम तारानगर से श्री पं० गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री के दर्शन किये बिना वापस मत आना। मैंने भी पिताजी की आज्ञानुसार पूज्य पण्डित जी के दर्शन किये। उनके साथ वार्तालाप करने से मैं ठीक समझ गया कि पूज्य पिताजी ने जो गुण पण्डित जी में बताये थे वे सब के सब मैं प्रत्यक्ष रूपसे अनुभव कर रहा हूं। उनकी सौम्यता सौजन्यता, तथा भावोच्चता से मैं बहुत आकर्षित हुआ। तभी से मेरी श्रद्धा पं० जी के प्रति उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है। मैं ही क्या, बल्कि जिस किसी ने आपके एक बार दर्शन कर लिए वह तुरन्त आपकी मिलन सारिता से प्रभावित हो गया।

आपने स्वल्प जीविका साधन होते हुए भी वे ब्राह्मणोचित कार्य कर दिखलाये जो एक धनी ब्राह्मण नहीं कर सकता। अतः आपके सन्तोष साहस और धैर्य का प्रभाव छात्र एवं पठित समाज पर पड़ना अनिवार्य है। मैं आशा करता हूं कि आप अपनी सन्तान तथा शिष्य मण्डली के लिए ऐसा कार्य क्षेत्र तैयार कर जायेंगे, जिनमें उन्हें देश तथा जाति की सेवा करने का अवसर मिलता रहेगा। मेरी यह भी कामना है कि आपका अनुकरण प्रत्येक संस्कृत पण्डित करे। आज के स्वतन्त्र भारत में आप जैसे गुणी और मेधावी पण्डितों की अत्यन्त आवश्यकता है। अन्त में यही शुभ कामना है कि आपकी शुद्ध एवं उन्नत आत्मा का आशीर्वाद हमें सदा मिलता रहे॥

भवदीय

मनुदत्त शर्मा।

श्रीगोपाल गोशाला

प्रधान मन्त्री
तारानगर

आचार्यवर,

आपकी स्वर्ण जयन्ती जान कर गोशाला को जितनी खुशी हुई है वह अकथनीय है, क्योंकि सर्व प्रथम श्री गलकनाथ जी की प्रेरणा से आपने तीन मास तक लगातार "गो पालन" और "गो सेवा के लाभ" पर व्याख्यान देकर स्थानीय जनता को आकर्षित करके इस पवित्र आश्रम की स्थापना की। श्री तोलाराम जी सेठको भी आपने जमीन देने के लिए तैयार किया। वह जैनी था तो भी उसने गोशाला के लिए भूमि दे दी। आज उसी जगह गोशाला का मकान है। विद्यालय में ही सर्व प्रथम यह मीटिङ्ग हुई जिसमें गोशाला का चन्दा लिखा गया। समय समय पर आपने गोशालाके उत्तरदायित्वपूर्ण सभापति, सहकारी सभापति आदि पदपर रहकर इसकी बहुत-बहुत सेवा की है। आप हमारे नगर के माने हुए यशस्वी विद्वान् हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप चिरजीवी हों।

विनीत
श्री गोपाल गोशाला

श्रीयुत भजन लाल पंसारी

मन्त्री

श्री हरिकीर्तन संघ तारानगर

गुरुदेव,

वैसे तो आप गुरु होनेके नाते ही पूज्य हैं, परन्तु मैं जिस संस्थाकी ओर से यह श्रद्धाञ्जलि भेंट करता हूं, वह भी आपके ही द्वारा संस्थापित की गई है।

जब इस नगरी में 'कीर्तन' शब्द को भी, कोई नहीं जानता था, उस समय सर्व प्रथम आपके ही विद्यालय में सर्वसाधारण मनोहारिणी, मनोरम सुमधुर हरि धुन' लगी थी, और उसे देखकर तारानगर निवासी चकित हो गए। इसके बाद ३ अखण्ड हरिकीर्तन यज्ञ भी इस नगर में हो चुके हैं।

आचार्य,

आप व्याकरण दर्शन, साहित्य आदिके केवल पण्डित ही नहीं हैं, परन्तु भगवान् कृष्ण और शङ्कर के अत्यन्त उपासक भी हैं।' श्रीमद्भागवत महापुराण, एवं श्रीमद्भागवद्गीता की कथा आप 'इतनी सुन्दर रोचक' एवं मनोहर करते हैं कि श्रोता गण, उस समय चित्र लिखित से होकर भगवान् के ध्यान में तल्लीन हो जाते हैं।

आप तारानगर की प्रत्येक संस्थाओं के आपसंस्थापक हैं श्री राजस्थान संस्कृत विद्यालय के तो आप प्राण ही हैं। आप ही का प्रबल प्रताप है कि प्रचुर व्यय से चलने वाली यह संस्था अच्छी तरह से चल रही है। ईश्वर से करबद्ध प्रार्थना है कि वे आपको चिरायु कर हमें आपकी हीरक जयन्ती मनाने का भी मौका दें।

आपका

भजनलाल पंसारी।

पं० रामचन्द्र शर्मा "विशारद"

मन्त्री

मनोरञ्जन क्लब तारानगर

पूज्यपाद वयोवृद्ध गुरुदेव के चरण कमलोंमें पुष्परूपी दो शब्द भेंट करना अपना मुख्य कर्तव्य समझता हूं। आपके इस विशाल एवं अभूत पूर्व अभिनन्दन समारोह को देखकर यह मनोरञ्जन क्लब अपूर्व आनन्द का आस्वादन कर रहा है।

श्रीराजस्थान संस्कृत विद्यालय, श्री सार्वजनिक पुस्तकालय जैसी उपयोगी संस्थाएँ आपके ही सतत-प्रयास एवं शिक्षा-प्रेमका सुन्दर फल है। आप में सबसे बड़ी विशेषता यह है कि आप जिस कार्य को हाथ में लेते हैं; उसे पूर्ण करके ही छोड़ते हैं, श्री बीकानेर राज्य साहित्य सम्मेलन का पञ्चाधिवेशन का इस नगर में सम्पन्न होना इसका ज्वलन्त उदाहरण है। इस नगर की समस्त सार्वजनिक संस्थाओं का बीजारोपण आपके ही कर कमलों से हुआ है। इस मनोरञ्जन क्लब को भी आपका प्रोत्साहन समय-समय पर मिलता रहता है। उस अनादि शक्ति से मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि वह हमारे पथ प्रदर्शक को चिरायु करे।

भवदीय

रामचन्द्र शर्मा

श्रीयुत पुष्करदत्त शर्मा "विशारद" विद्याभूषण

मन्त्री

श्री ब्राह्मण पञ्चायत महासभा तारानगर

यह सुनकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि तारानगर के सम्माननीय वयोवृद्ध विद्वर श्रीमान् पं० गोवर्द्धन प्रसाद जी शास्त्री की स्वर्ण जयन्ती मनाई जा रही है। पूज्यास्पद पण्डितजी की साहित्य एवं जन सेवा को ध्यानमें रखते हुए यह आवश्यक प्रतीत होता था कि उनका विस्तृत स्वागत किया जाय। इस नगर की तात्कालिक अन्धकारमय स्थितिमें 'श्री राजस्थान संस्कृत विद्यालय को जन्म देकर आपने केवल शिक्षा की दिशामें ही एक नव प्रेरणा नहीं दी, प्रत्युत धार्मिक एवं सामाजिक दिशा में भी प्रशंसनीय निर्देशन किया है। सामाजिक दिशा में आप ही के सतत प्रयास के फलस्वरूप इस 'श्री ब्राह्मण पञ्चायत महासभा' की स्थापना हुई थी। आपके अनवरत परिश्रम का परिचय केवल इसी से मिल जाता है कि अल्पसमय में ही 'ब्राह्मण पञ्चायत महासभा' की आर्थिक स्थिति सभी प्रकार से सन्तोष जनक हो गई है। आप प्रारम्भ से अबतक इस संस्थाके अध्यक्ष पद पर आसीन रहते हुए इसका सुचारु रूपसे सञ्चालन कर रहे हैं।

यह संस्था आपकी स्वर्ण जयन्ती पर हार्दिक शुभ कामना प्रकट करती हुई अपने को कृत-कृत्य समझ रही है।

निवेदकः—

पुष्करदत्त शर्मा



रमेश्वर प्रसाद जी
आयुर्वेदाचार्य



गुलराज जी गोस्वामी
आयुर्वेदाचार्य



डा० पी० एन० चोपर



वैद्य चन्द्रभानु जी शर्मा

पण्डित प्रवर डाक्टर हजारीप्रसाद जी द्विवेदी

साहित्याचार्य

अध्यक्ष—हिन्दी-विभाग, शान्तिनिकेतन, बोलपुर

हमारे देश की सहस्रों वर्ष व्यापी साधना का सुफल संस्कृत भाषा में संचित है। हमारी उपेक्षा के कारण इस भाषा के लिखे अनेक ग्रन्थरत्न नष्ट हो गये हैं। पिछली दो शताब्दी की पराधीनता ने हमारी स्वाधीन चिन्ता को बड़ा धक्का पहुँचाया है। हम अपनी स्वस्थ्य परम्परा से विछिन्न हो गये हैं। संस्कृत के साथ हमने संस्कृत के विद्वानों की भी उपेक्षा की है। ऐसे ही दुर्दिन में जिन लोगों ने ज्ञान के प्रदीप को जलते रखा है और अपने प्राणों की बाजी लगा कर उसकी रक्षा की है, वे सर्वथा अभिनन्दनीय हैं। सब ओर की उपेक्षा के भीतर से भी उन्होंने अपने प्रिय विषय की सेवा तन-मन-धन समझकर की है। ऐसे विद्वानों का मूल्य भारतवर्ष आज नहीं तो निकट भविष्य में अवश्य समझेगा। इन्हीं लोगों के तप से भारतवर्ष का सर्वोत्तम साहित्य नष्ट होने से बचा है। ऐसे विद्वानों में श्री राजस्थान संस्कृत पाठशाला, बारानगर के अध्यापक एवं संस्थापक पं० गोवर्द्धन प्रसादजी शास्त्री अन्यतम हैं। आज उनके मित्रों ने और शिष्यों ने उनका अभिनन्दन करने का निश्चय करके देश का उचित सम्मान किया है। इस अवसर पर मैं भी पंडितजी को भक्तिपूर्वक प्रणाम करता हूँ।

ह० द्विवेदी

राजनीति विशारद

श्रीमान् नानूराम जी सुराना

तारानगर (बीकानेर)

मान्यवर !

हम तारानगर निवासियों के लिए महान् सौभाग्य का विषय है कि इस नगर में एक ऐसी विभूति पैदा हुई, जिसकी आज स्वर्णजयन्ती मनायी जा रही है।

श्रद्धेय शास्त्री जी को मैं बाल्यावस्था से ही जानता हूं। आप सभी शास्त्रों के विद्वान् हैं और बड़े ही बुद्धिमान् सौम्यप्रकृतिहंसमुख एवं उदार हैं। आपने तारानगर की सभी सार्वजनिक संस्थाओं के उच्चतम पदों पर आसीन हो उनका सञ्चालन किया है। आप हमारे शहर के ही नहीं अपितु बृहद्राजस्थान के माने हुए विद्वान् हैं। आपके दोनों पुत्र अपने-अपने विषय आयुर्वेद और ज्योतिष् के होनहार हैं। श्री महावीर स्वामी आपको सपरिवार सुखी रखे यही मेरी शुभ-कामना है।

आपका

नानूराम सुराना

श्रीमान् सेठ कालूरामजी शारदा

राजस्थान प्रान्त में जब अज्ञानान्धकार की घनघोर घटाएँ छाई हुई थीं, उस समय पूज्य गुरुजी ने इस विशाल संस्था की नींव डाली थी। उस समय संवत् १९५६ में इधर-उधर बीस-बीस कोस तक कोई ऐसी शिक्षा संस्था नहीं थी। उस समय आप बनारस से अध्ययन कर के ही लौटे थे। स्थानीय शिक्षा-प्रेमियों की प्रेरणा से अन्यान्य स्थानों से बुलाहट होने पर भी मातृभूमि से स्नेह होने के नाते आपने यहीं रहकर कार्य किया। आपके ही परिश्रम का फल है कि आज यह संस्था इतनी उन्नति पर है।

आप हमारे गुरु हैं, प्रत्येक शास्त्र में पूर्ण प्रवेश रखते हैं। कर्मकाण्ड के तो आप सूर्य ही हैं। सारानगर की सभी संस्थाओं के आप सच्चे हितैषी हैं। अभी आपने एक ब्राह्मण पञ्चायत सभा स्थापित की है, जिसमें दरी, पलंग, बर्तन, आदि लोकोपकारी वस्तु प्रदत्त की गई हैं। सभा के भवन के लिए आपने १५०० वर्ग गज भूमि दी है। आप दयार्द्र हृदय एवं पूर्ण सन्तोषी हैं।

आपके दो पुत्र हैं, दोनों ही कर्मठ एवं विद्वान् हैं।

ईश्वर से प्रार्थना है कि ऐसे शिवस्वरूप गुरुदेव को चिर काल तक जीवित रखें जिससे संस्कृत साहित्य की अभिवृद्धि होती रहे।

—छाजूराम शारदा

राजनीति विशारद

श्रीमान् नानूराम जी सुराना

तारानगर (बीकानेर)

मान्यवर !

हम तारानगर निवासियों के लिए महान् सौभाग्य का विषय है कि इस नगर में एक ऐसी विभूति पैदा हुई, जिसकी आज स्वर्णजयन्ती मनायी जा रही है।

श्रद्धेय शास्त्री जी को मैं बाल्यावस्था से ही जानता हूं। आप सभी शास्त्रों के विद्वान् हैं और बड़े ही बुद्धिमान् सौम्यप्रकृतिहंसमुख एवं उदार हैं। आपने तारानगर की सभी सार्वजनिक संस्थाओं के उच्चतम पदों पर आसीन हो उनका सञ्चालन किया है। आप हमारे शहर के ही नहीं अपितु वृहद्राजस्थान के माने हुए विद्वान् हैं। आपके दोनों पुत्र अपने-अपने विषय आयुर्वेद और ज्योतिष् के होनहार हैं। श्री महावीर स्वामी आपको सपरिवार सुखी रखे यही मेरी शुभ-कामना है।

आपका

नानूराम सुराना

श्रीमान् सेठ कालूरामजी शारदा

राजस्थान प्रान्त में जब अज्ञानान्धकार की घनघोर घटाएँ छाई हुई थीं, उस समय पूज्य गुरूजी ने इस विशाल संस्था की नींव डाली थी। उस समय संवत् १९६३ में इधर-उधर बीस-बीस कोस तक कोई ऐसी शिक्षा संस्था नहीं थी। इस समय आप बनारस से अध्ययन कर के ही लौटे थे। स्थानीय शिक्षा-प्रेमियों की प्रेरणा से अन्यान्य स्थानों से बुलाहट होने पर भी मातृभूमि से स्नेह होने के नाते आपने यहीं रहकर कार्य किया। आपके ही परिश्रम का फल है कि आज यह संस्था इतनी उन्नति पर है।

आप हमारे गुरु हैं, प्रत्येक शास्त्र में पूर्ण प्रवेश रखते हैं। कर्मकाण्ड के तो आप सूर्य ही हैं। वारानगर की सभी संस्थाओं के आप सच्चे हितैषी हैं। अभी आपने एक ब्राह्मण पञ्चायत सभा स्थापित की है, जिसमें दरी, पलंग, बर्तन, आदि लोकोपकारी वस्तु एकत्र की गई हैं। सभा के भवन के लिए आपने २५०० दर गज भूमि दी है। आप दयार्द्र हृदय एवं पूर्ण सन्तोषी हैं।

आपके दो पुत्र हैं, दोनों ही कर्मठ एवं विद्वान् हैं।

ईश्वर से प्रार्थना है कि ऐसे शिवरूप गुरुदेव को चिर काल तक जीवित रखें जिससे संस्कृत साहित्य की अभिवृद्धि होती रहे।

—कालूराम शारदा

श्रीमान् पं० रावतमल शर्मा "कर्मकाण्डकोविदः"

तारानगर (बीकानेर)

क्वाहं गुरो ! प्रतिभया रहितो जडेन्द्र-
स्ते चापि कुत्र भुवनत्रयराजिकीर्तिः।
त्वामेव मे हृदि कृतस्थितिमावलम्ब्य
किञ्चित्प्रवक्तुमिह वत्सरता वहामि ॥१

अग्रेसरिन् ! मतिमतां गुणिनां गरिष्ठ !
वेदान्तिवादिपटलेऽपि च लब्धकीर्ते !
विद्वंस्तवैव शुभ एष महाप्रभावो
यन्मादृशोऽपि वहते निगमप्रवेशम् ॥२

एतां स्वर्णजयन्तीं पण्डितवंशावतंस ! शास्त्रज्ञ !
सफलां चरीकरीतात् सोमः शम्भुः सदाशिवो भगवान् ॥

श्रीमताम्—
रावतमल शर्मा

कविवर जयनारायण शर्मा

बेतिया (चम्पारन)

आज प्रातराश के पहले ही
प्रिय छात्रवृन्द का प्रेषित
एक लिफाफा
मिला !
चढ़ा चश्मा आंखों पर
मैंने
जल्दी से खोला।
वर्तुलाकार सुनहरे अक्षरों में
लाल स्याही से छपा हुआ।
गुरुभार जयन्ती का लेकर
था देवदूत सा बना हुआ !

* * * *

आई मुन्ने की माँ सहसा
दूर खड़ी पढ़ शीर्षक
बोली
किसकी नाथ ! जयन्ती है ?
गुरुकुल वाले गुरुदेव की
रेतों वाले महादेव की
हाँ ! हाँ !!
जिसने कर्मयोगी बन
मुक्त हस्त हो
अर्ध शताब्द तक
खूब लुटाया
निज प्यारा धन
अमर भारती लिया।

* * * *

आओ प्रेयसि !
शुद्ध हृदय हो
देवाधिदेवसे
करें प्रार्थना
चिर जीवो
गुरुदेव हमारे
कीर्ति रहे
अनवद्या

आपका शिष्य—
जयनारायण।

कविराज श्री गुलराज जी गोस्वामी

आयुर्वेदाचार्य भिषग्रत्न, वैद्यभूषण M. B. H. सरदार शहर

श्रीमान् पूज्यवर पण्डित प्रवर गुणागण्य श्री गोर्धन प्रसाद जी शास्त्री महोपदेशक, वेद वेदांग और दूसरे शास्त्रों के पारंगत होते हुए भी व्याकरण के दिग्गज विद्वान और महा यशस्वी नेता हैं! आज स्वतन्त्र भारत में आप से शिक्षा पाये हुए सैकड़ों अच्छे-अच्छे नामी धुरन्धर विद्वान पाये जाते हैं अतः आप गुरुओं गुरु हैं।

राजस्थान में सर्वोपरि संस्कृत साहित्य की तारानगर संस्कृत पाठशाला में निरंतर पचास वर्षों तक शिक्षा देकर प्रायः सब ही जातियों को और विशेषकर ब्राह्मण जाति को जो शिक्षा दान दिया है, और समय-समय पर ब्राह्मण सभाओं में योग देकर जो सामाजिक सेवा की है उसके लिये हम सब ही आपके ऋणी हैं, देश और ब्राह्मण जाति को आप पर गर्व है। गो-सेवा, लोक-सेवा, जाति-सेवा और साहित्य-सेवा आदि सम्पूर्ण गुणो में महोपदेशक जी ने उच्च कोटि का नाम पाया है। एतदर्थ मैं भक्तिपूर्वक शुद्ध हृदय से आपका अभिनन्दन करता हूं।

आपके ज्येष्ठ पुत्र हमारे सुहृद् प्रेमी पंडितप्रवर उमाशंकर जी आयुर्वेदाचार्य हैं, जो बड़े यशस्वी वैद्यराज और कांग्रेस के नामी नेताओं में हैं और हमारे शहर की आयुर्वेदादि सब संस्थाओं में आपका पूर्ण सहयोग रहता है। राजपूताना प्रान्तीय वैद्य सम्मेलन की कार्यकारिणी के आप सदस्य हैं। आप स्थानीय गोशाला के प्रधान मंत्री है, बड़ी लगन के साथ तन-मन-धन से गो-सेवा में तत्पर है। आपके कनिष्ठ पुत्र पं परमानन्द जी शास्त्री भी पूर्ण विद्वान् एवं योग्य व्यक्ति हैं। आपकी स्वर्ण जयन्ती होने से मुझे अत्यन्त हर्ष है।

मैं परब्रह्म परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि पुत्र-पौत्रादि परिवार सहित पूज्य पण्डित जी को दीर्घायु प्रदान करें।

भवदीय
गुलराज गोस्वामी

श्रीमान् पं० कुरुक्षेत्र शर्मा कविरत्न आयुर्वेदभिषक्

गान्धी (बीकानेर)

हे शीलपुञ्ज ! हे महापुरुष !
हे धर्मवीर ! हे हे वरिष्ठ !
हे विद्वानों में अग्रगण्य !
हे छात्रगणों के गुरु वसिष्ठ ॥१॥

पूर्ण हुई है बहुत दिनों से
आज हमारी मनः कामना,
अन्तः स्थल में झलकरही थी
वर्षों से जो शुभ भावना ॥२॥

जगती तलमे बच्चा-बच्चा
देव तुम्हारी करे आरती,
अप्रतिहत हो सदन-सदन में
रहे गूँजती देव भारती ॥३॥

चरण किङ्कर
कुरुक्षेत्र।

श्री दुर्गादत्त शर्मा अध्यापक

पूज्यवर गुरुदेव !

आपके गुण वर्णन का काम तो मुझ जैसे अबोध व्यक्ति की कल्पना शक्ति के भी बाहर की बात है, मैं तो आपके चरणों का ध्यान रख कर ही दो शब्द लिखने का साहस कर सकता हूं ।

तपस्विन् !

जब आप आसन पर बैठ कर हमें शास्त्र शिक्षा दिया करते थे उस दृश्य की स्मृति आते ही हृदय में आनन्द का पारावार उमड़ पड़ता है। जब आप शास्त्रीय विषयों को लेकर धारा प्रवाह रूप से भाषण दिया करते थे, उस समय आपके सिंहनाद को सुनकर नास्तिकों के हृदय में खलबली मच जाया करती थी।

कर्म योगिन् !

आप के ही परिश्रम का फल है कि तारानगर में आज इतनी लोकोपकारी संस्थायें विद्यमान हैं। आपके गुणों में इतनी शक्ति है कि वे राजाओं तक को अपनी ओर हठात् आकृष्ट कर लेते हैं महाराज गङ्गा सिंह जी एवं श्री शार्दूल सिंह जी बहादुर जब तारानगर पधारा करते थे तब आपके दर्शनों के लिये बहुत ही उत्कण्ठा रखा करते थे।

विद्वद्रत्न !

आपकी सुरभारती सेवा अनुकरणीय है, परम पिता परमात्मा से प्रार्थना है कि वह स्वर्ण जयन्ती महोत्सव को सफल करे तथा आपको सपरिवार प्रसन्न रखे ॥

—दुर्गादत्त शर्मा

सारानगर के प्रसिद्ध कवि एवं कुशल कहानी लेखक,
साहित्यालङ्कार एवं भविष्यद्वक्ता

श्रीयुत कविवर—"निर्भय"

मुकुलित हृदय सरोज आज विकसित होता है
प्रमद पुलक तारों में उठता है मृदु स्पन्दन !।
तम आकुल मस्तिष्कदरी भी चामीकर रुचि—
नव आलोक विभासित हो करती अभिनन्दन ॥१

आज हुई स्वच्छन्द लेखनी युग-युग बद्धा
जागरूक हो उठी प्रसुप्ता कवि-कविताएँ।
शतशताब्द पद पतित शृङ्खला छिन्न हुई है
हृद्-जलनिधि में हुई प्रवाहित रस-सरिताएँ ॥२

जिसकी सिन्धु गम्भीर गर्जना को सुन कर के
किल्बिषका कम्पित हो जाता है अन्तस्तल !।
धर्म--धारि—धौरेय--सुशोभित वसुन्धरा भी
मुदितमना होती चुम्बित कर जिसका पदतल ! ॥३

जिस कर्मठ के चरण युगल में झुक जाती हैं
श्रद्धा से, उत्तुङ्ग धरणि शासन मूर्धावलि !।
उसी महा महनीय धीर के चरणों में यह,
बाध और उच्छृङ्खल विलासिता का यहाँ भी आरम्भ हुआ। जहाँ समर्थ लोगों को अपने सुख और विलास की सामग्री जुटाने के लिए प्रयत्नशील बनना पड़ता था, वहाँ उनके अङ्ग-प्रत्यङ्ग बने हुए अन्य लोगों को भी उनसे कुछ कम चिन्ता नहीं थी। इसी समय केवल चाटुकार "केवल कवयः कपय" कहलाने वाले लोगों का प्रादुर्भाव हुआ जिन्होंने कुछ बीघों के भूस्वामियों की और सीधामात्र दे देने वाले धनियों की ऐसी-ऐसी स्तुतियाँ की हैं कि जिन्हें देखकर भगवती सरस्वती फूट-फूट कर रो पड़ती है। ज्ञान-विज्ञान और संस्कृति के घोर शत्रु इन लोगों ने जिस प्रकार सरस्वती के केश लुञ्चित किये हैं और जिस प्रकार के आघात सभ्यता एवं संस्कृति पर किये हैं, वे सिकन्दर, बाबर, चंगेज खां, तैमूरलंग और नादिरशाह के पाशविक अत्याचार से किसी प्रकार भी कम नहीं है।

संस्कृति पर आघात

चिकित्सा शास्त्र का यह सर्व-मान्य सिद्धान्त है कि प्रत्येक जीवन में एक रोग निवारिणी शक्ति होती है जिसे 'रोगक्षमता' या इम्यूनिटी कहते हैं। जब तक यह शक्ति विद्यमान रहती है तब तक कीटाणु अथवा अन्य बाहरी कारणों का शरीर पर कोई रोगारम्भक दुष्प्रभाव नहीं होने पाता। परन्तु जब इस 'क्षमताशक्ति' का अभाव हो जाता है तब कोई भी कीटाणु शरीरपर अपना प्रभाव कर देता है। शरीर की ही तरह यह बात समाज, देश, जाति के लिए भी लागू होती है। अपनी सभ्यता और संस्कृतिमें अपने देश और समाजमें जबतक हमारी अटूट श्रद्धा बनी रही तब तक हमारी उन्नति का प्रौढ प्रतापी प्रभाकर मध्याकाश में तपता रहा। परन्तु जब से पूर्वकथित केवल कवि-कपियों ने यहाँ चीत्कार मचाना शुरू किया और सभ्यता के अङ्गों में नखक्षत एवं दन्तक्षतों की बाढ़ शुरू की तब से ही हमारा समाज और देश पतनोन्मुख हो गया। वे वीर जो शेरों के जबड़े चीर देने की क्षमता रखते थे नीलोत्पल द्वंद से विनिःसृत शिव शरों से बिद्ध होने लगे। जो और कराल काल व्याल के फणों को पैरों से कुचल सकते थे वे कामिनियों की अलक नागिनियों से या वेणीपाश फणी से दुम दबाने लगे। केवल कवियों का अकाण्ड ताण्डव यहीं तक समाप्त हो जाता तो भी हमें कोई समालोचना का अवसर नहीं था। परन्तु जब हम इन भूकुंसों के इस भीषण आक्रमण को देखते हैं जिससे धर्म कर्म और आराध्यदेव शुद्ध नहीं बच सके, तब हमारी अन्तरात्मा बरबस तिलमिला उठती है। आप कहेंगे कि यह किस प्रकार कवियों को मुजरिम में खड़ा कर रहा है। क्या इस विषय में कोई प्रमाण भी दे सकता है? इसके

इन गाथाओं को वाग्देवतावतार भट्ट मम्मट ने व्यङ्ग्यार्थप्रधान उत्तम काव्य के उदाहरण रूप में रखा है। दूसरी गाथा का व्यङ्ग्यार्थ इन शब्दों में अभिव्यक्त किया है:—

—"अत्र हि हरेर्दक्षिणनयनस्य सूर्यात्मकता व्यज्यते, तन्निमीलनेन सूर्यास्तसमयः, तेन च पद्मस्य संकोचः, ततो ब्रह्मणः स्थगनं, तथा सति गोप्याङ्गस्यादर्शनेनानिर्यन्त्रणं निधुवन विलसितम्॥" संस्कृतज्ञ सज्जनों के सामने इन शब्दों का और अधिक भाव खोलने की आवश्यकता नहीं है। कितना फूहड़, कितना वीभत्स, कितना गंदा चित्रण है यह ? ऊपर से तुर्रा यह है कि साहित्य की उच्च पुस्तकों में भी ऐसे श्लोक उद्धृत हैं। हम कानून के भय से हमें परीक्षार्थी विद्यार्थियों को ऐसा गन्दा साहित्य पढ़ाना पड़ता है। यदि हमारा हृदय विद्रोह करने को उतावला हो उठता है तो हमें वाग्देवतावतार की दुहाई देकर बलात् विवश कर दिया जाता है।

क्या इस प्रकार स्वयं अपने आराध्य देव अपनी सभ्यता, संस्कृति एवं धर्म का उपहास करते हुए हम दूसरे लोगों और विधर्मियों के आक्षेपों और आक्रमणों का उत्तर दे सकते हैं ? कभी नहीं ! मैं तो यह समझता हूं कि धीरे-धीरे, नवीन नवीनतर और नवीनतम साहित्यस्रष्टाओं में जो अपनी संस्कृति के प्रति जो शिथिलता देखने को मिलती है उसका कारण इन्हीं आदर्श बने हुए गन्दे महारथियों की काली करतूतें हैं।

ब्रजभाषा

संस्कृत और प्राकृत के समान हमें वर्तमान हिन्दी की मूलभूत ब्रज भाषा से भी इतनी ही शिकायत है। ब्रजभाषा के लेखकों ने साहित्य में कम गन्दगी नहीं घुसेड़ी है। चराचरनायक-पवित्रपावन-विश्वभावन भगवान् श्री कृष्ण को इसी भाषा के लेखकों ने ही तो एक भ्रष्टचरित्र-कामुक के रूप में चित्रित कर भ्रष्ट-सभ्ट विष मारने के लिये लोगों का मन बढ़ाया है।

जब उनके सामने इस प्रकार की पोल और खुला मैदान पड़ा हुआ है तो फिर उनके आगे बढ़ने में रुकावट किस बात की है ? प्रगतिवाद, विनाशवाद, विध्वंसवाद, नष्ट-भ्रष्टवाद और कूड़ाकर्कटवाद आदि की दुहाई देते हुए यदि वे उत्पात करने के लिए प्रवृत्त होते हैं तो आश्चर्य क्या है ?

औचित्यरक्षा

हमारा यह आशय नहीं है कि शृङ्गाररसप्रधान रचनाओं का सर्वथा दूरी-

ललितकलाओं और कोमल साहित्य संगीत को सर्वा
"शृङ्गारः शुचिरुज्ज्वलः" इस सिद्धान्त को हम भी मान
. तक शुचिता और उज्ज्वलता है और प्रगतिवाद आदि
जहाँ तक अपनी संस्कृति और सभ्यता पर कुठाराघा
. बातें हमारे लिए सह्य हो सकती हैं। हमारे देखते
आते हैं, कई वाद उठते हैं और गिरते हैं। जब [illegible]
उनके द्वारा होनेवाले समाजहित का विश्वास हमें नहीं
इन सड़ने-घुनने और बिगड़नेवाली वस्तुओं को अपने
स्थान देने के लिये तैयार नहीं।

आधुनिक साहित्य

'हितेन सह वर्तत इति सहितः, सहितस्य भावः
ौटी पर कसना चाहते हैं। अपना देश, समाज
की हित भावना से प्रेरित महानुभाव की कृति को ही
तैयार हैं। किन्तु कई प्रकार की राजनीतिक उथल-
ों ने साहित्य के वास्तविक रूप को आज छिन्न-भिन्न
धाँधली और अव्यवस्था घुस पड़ी है। बेचारा
है :—

परिचिताः शब्दाः कियन्तः क्वचित्,
परिपदः शान्ताः स्वतन्त्रं जगत्।
वयं वयमिति प्रस्तावनाङ्कृति-
गर्जत वयं मौनव्रतालम्बिनः॥

स्वतन्त्र है, वह बिना हड्डी की मांसपेशी का प
जिसे चाहे जिधर घुमालो, लोगोंको सामयिक पत्र-
देखे-सुने गये कुछ शब्द भी याद हो गये हैं।
ों बातों पर कोई कण्ट्रोल (कण्ठरोध) ही नहीं
बांधकर चुप हो गई हैं। संसार के सब क्षेत्रों में
र से वह चली है। इसलिये हे भाई! अब तुम
हैं' इत्यादि बातों के लिए स्वच्छन्द होकर
करो, लो बाबा! हम तो चुप मार कर बैठ

कवि की उपर्युक्त प्राचीन उक्ति आज भी हमारे लिए हमारे साहित्य के लिए ज्यों की त्यों लागू हो रही है। आज जिसके जीमें आता है वही कलम कुठार लेकर साहित्य कल्पद्रुम की जड़ें काटने को तुल जाता है। बरसाती कीड़ों की तरह इन नवीन साहित्यिकों के झुण्ड के झुण्ड आपको नगर-नगर ग्राम-ग्राम में देखने को मिल जाएंगे। अजीब फैशन, अद्भुत रुचि, अनोखा आचरण, बेढंगी रफ्तार, बेतालों की सी धुन का-सा उत्पात। किसीका नाम 'अञ्चल' किसी का 'चञ्चल' किसीका 'चञ्चरीक' किसीका 'बेढब' किसीका 'कुन्तल' किसीका 'निरशङ्क'! क्या कहना है इन विभिन्न पुच्छधारी जीवों की बहार का! ये चले हैं अपनी कृतियों से भारती के भाण्डार को भरने और साहित्यपाथोधि में नई-नई रचना तरङ्गिणियाँ बहाने!

कोई अपनी कृति को 'लहरी' नाम देकर प्रकाशित करता है तो कोई 'तरङ्गिणी' कोई 'वीणा' कोई 'तन्त्री' कोई 'दिल के अरमान' निकालता है तो कोई दिल के फफोले फोड़ता है, कोई 'झंकार' प्रकाशित करता है तो कोई 'उद्गार'।

अभी क्या बिगड़ा है। अभी तो 'निट्टो' 'गीढ' 'सिंघाण' 'थुत्कार' खंखार, मलाव, उबार तक का प्रकाशन देखना हमारे बदनसीब में और बदा है। हम चुप-चाप सारी बातें देखते जाएंगे और खून के आंसू पीते जाएंगे। यह तो हमारी आदत ही है। परन्तु जोर भी क्या? आज शासन पराया, सभ्यता पराई, स्टेज पराया और प्रेस पराया। हमारे हाथ में है ही क्या? किसी सभा सोसाइटी में इन थोड़े कि जबरदस्ती चुप रहने को, बैठ जाने को और आवेश में कह गए हुए शब्दों को वापस लेने के लिए बाध्य कर दिये जाते हैं। लक्ष्यभ्रष्ट होकर कोई भी समाज या देश अपनी उन्नति नहीं कर सकता। जब से इन पुछपुछे 'षट्पदों' ने इन इधर-उधर की बातों में मस्त होकर असली मकरन्द का पान छुड़ा दिया है, तभी से साहित्य की वास्तविकता जाती रही और हमारा देश पतनोन्मुख हो गया। अन्तराष्ट्रिय परिस्थिति, समय का प्रवाह, दूसरे देशों की प्रगतियां, अपने देश की सामयिक आवश्यकताएं, इत्यादि बातों पर जब कलाकार या साहित्य का ध्यान नहीं जाता, तब तक वह समाज या अपने देश की सेवा नहीं कर सकता।

मध्ययुग के कुछ ऐय्याश और आराम तलब राजाओं या मौलवियों को प्रसन्न करने के लिए कुछ चापलुस-टुकड़ेल कवियों ने हमारे साहित्य के [illegible] को कामि-नियों के कुच-कच-वर्णन और [illegible] धांत [illegible] भी आपको [illegible] वहां के

महाराज अशोक जब युद्ध-विरत होकर पूर्ण अहिंसावादी हो गये थे, त
ड़ों आदेशों में से यह भी एक आदेश था कि जो कोई जीवित प्राण
चलायेगा, उसे प्राणदण्ड दिया जायगा। यह सत्य है कि इस आदेश
पोषण निमित्त हिंसा करने वालों का प्रतिरोध हो गया, परन्तु इसक
पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा। और इसके बाद उस विद्या का
समूलोच्छेद ही हो गया। भला किस चिकित्सक को पड़ी थी कि रोगी
शस्त्रप्रयोग कर प्राणदण्ड मोल ले। परन्तु शल्यचिकित्सा जैसी
लोग सर्वथा नहीं छोड़ना चाहते थे, छोड़ने से काम भी न चलता था।
का भय होनेके कारण कुछ मनुष्योंने अपनी जीविका के लिये शस्त्रों
में अनुशस्त्रों का प्रयोग करना आरम्भ किया। सुश्रुत ने अनुशस्त्रों में
, तुम्बी, अग्नि, क्षार, आदि कहे हैं। अनुशस्त्र यद्यपि शस्त्रों के सम
तो नहीं थे, परन्तु शस्त्रप्रयोग के सर्वथा अवरुद्ध होने पर यह मा
निकला। इधर राजकर्मचारी आदि इसके विरोधी थे, वे उस स
का दुरुपयोग कर रहे थे। अनुशस्त्रों के प्रयोग से भी उन्हें वि
राजा तथा प्रजा' इस उक्ति के अनुसार समाज का वातावरण
ों से घृणा करने लग गया था। उस कार्य को करनेवाले समाज
एवं पतित समझे जाते थे। इसीलिए इन अनुशस्त्र प्रयोक्ता
कित्सक' शब्द से सम्बोधित किया गया, धीरे-धीरे समाज ने
समझ लिया। यह शब्द कुचिकित्सक से बिगड़ते बिगड़ते 'कूँचिया'
। यह है 'कूँचिया' शब्द का इतिहास, जो आपको ऊँचे शब्दों में
भूतगाथा सुनाता है।

"बधना"

समाज में स्त्रियों की चूड़ियाँ टूटने की घटना अधिकांश
स्त्रियाँ इस टूटने के स्थान में जिस शब्द का प्रयोग करती हैं,
हमें विचार करना है तथा यह सिद्ध करना है कि हमारी
है, जिसका अब भी किसी-न-किसी रूप में व्यवहार होता है।
। चूड़ी खण्डित हो जाने पर स्त्रियाँ चूड़ी बध गई,
जाती हैं।

यहाँ भाई हो नहीं, आरम्भ में मैं भी इस शब्द के अर्थ में
भी कर लिया कि ...

नष्ट हो गई है, उसके लिए बध गई कहना सभी को खटकेगा। परन्तु जब मैंने इस शब्द पर ध्यान दिया और गहरा विचार किया तो मुझे स्त्रियाँ ठीक रास्ते पर मालूम हुईं। माङ्गलिक व्यवहार में हमारी यह सदा से प्रथा रही है, कि उसके अमाङ्गलिक अंशको मांगलिकपुट से बोला जाय। सौभाग्यचिह्न चूड़े के अमङ्गल-स्वरूप खण्डनके लिए उन्होंने 'बध गया' शब्द इसलिए रक्खा कि साधारण लोग तो इसे 'वृधुवृद्धौ' का माङ्गलिक रूप समझें पर उच्चारण करनेवाले का आशय 'वर्ध-छेदने 'चुरादि का है, देखिए 'बधना' शब्द कैसे साहित्यिक भाव का द्योतक है। हमारी भाषा का अतीत कितना सुन्दर है, इसका ज्ञान हमें इन्हीं शब्दों से हो जाता है।

'पधारना'

आने और जाने में हमारे यहाँ समान भाव से इस का प्राचुर्यतः प्रयोग होता है। प्रणयी के लिए उसकी गमन बेला में 'जाओ' शब्द एक तरह अमङ्गल-बाचक है। भला बीकानेरी साहित्यिक अपने प्रेमपात्र को जाओ, जैसा कठोर शब्द क्यों कर कह सकते हैं? उन्होने इसके लिए सरल एवं भावमय शब्द रखा, वह यह है, आप किधर 'पाद धारेंगे, आने के समय आप किधर से पाद धार रहे हैं। आजकल की मारवाड़ी भाषा में आदर के लिए पग धरो, पगलिया धरो इत्यादि वाक्यों का प्रयोग हो रहा है। यह पाद धारण है, पधारना हो गया है।

'साम्परना'

खास्यो (खादिष्यसि), जास्यो (यास्यसि), करस्यो (करिष्यसि) आदि मारवाड़ी शब्द संस्कृत के अतिनिकट हैं। साम्परना शब्द भी वैसा ही है। चक्की से आटा पीसने के बाद आटे को इकट्ठा करने में इस शब्द का प्रयोग होता है, यह सम्परण शब्द का अपभ्रंश है, जो साहित्यिको का प्रचलित शब्द है।

"छोरी"

हमलोगों पर एक ऐसा भयङ्कर समय बीत चुका है कि जिसमें हमारी संस्कृति, धर्मनिष्ठता, मर्यादा को ध्वस्त करनेवाले साम्राज्य का छत्र रहा। उसका नाम था यवन-साम्राज्य। उस समय सुन्दर कन्या का जन्म होना दारुण दुःख का विषय था; क्योंकि कन्यापहरण प्रेमी यवन नवयुवकों के ऐसे कुकृत्य प्रचुर मात्रा में होते थे। प्रधानतः क्षत्रिय वर्ग में सुन्दर कन्या का जन्म होना बहुत ही कष्टदायक था। प्रथम तो क्षत्रिय जाति स्वभावतः स्वाभिमानिनी होती

महाराज अशोक जब युद्ध-विरत होकर पूर्ण अहिंसावादी हो गये थे, सैकड़ों आदेशों में से यह भी एक आदेश था कि जो कोई जीवित प्र... चलायेगा, उसे प्राणदण्ड दिया जायगा। यह सत्य है कि इस आ... ...षण निमित्त हिंसा करने वालों का प्रतिरोध हो गया, परन्तु इ... ...त्सा पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा। और इसके बाद उस विद्या... से समूलोच्छेद हो हो गया। भला किस चिकित्सक को पड़ी थी कि ... शस्त्रप्रयोग कर प्राणदण्ड मोल ले। परन्तु शल्यचिकित्सा जै... को लोग सर्वथा नहीं छोड़ना चाहते थे, छोड़ने से काम भी न चलता थ... ...० का भय होनेके कारण कुछ मनुष्योंने अपनी जीविका के लिये शस्... में अनुशस्त्रों का प्रयोग करना आरम्भ किया। सुश्रुत ने अनुशस्त्रों ... तुम्बी, अग्नि, क्षार, आदि कहे हैं। अनुशस्त्र यद्यपि शस्त्रों के सम... ...न तो नहीं थे, परन्तु शस्त्रप्रयोग के सर्वथा अवरुद्ध होने पर यह का... निकला। इधर राजकर्मचारी आदि इसके विरोधी थे, वे उस सम... शब्द का दुरुपयोग कर रहे थे। अनुशस्त्रों के प्रयोग से भी उन्हें चि... 'यथा राजा तथा प्रजा' इस उक्ति के अनुसार समाज का वातावरण भी ...स्त्रों से घृणा करने लग गया था। उस कार्य को करनेवाले समाज में निन्दित एवं पतित समझे जाते थे। इसीलिए इन अनुशस्त्र प्रयोक्ताओं ...क' शब्द से सम्बोधित किया गया, धीरे-धीरे समाज ने अछूत उन्हें समझ लिया। यह शब्द कुचिकित्सक से बिगड़ते-बिगड़ते 'कूँचिया' ...। यह है 'कूँचिया' शब्द का इतिहास, जो आपको ऊँचे शब्दों में कुटिल भूतगाथा सुनाता है।

"बधना"

...रे समाज में स्त्रियों की चूड़ियाँ टूटने की घटना अधिकांश घटती ...। स्त्रियाँ इस टूटने के स्थान में जिस शब्द का प्रयोग करती हैं, उसी पर हमें विचार करना है तथा यह सिद्ध करना है कि हमारी आदिभाषा ... है, जिसका अब भी किसी-न-किसी रूप में व्यवहार होता है। वह ...। चूड़ी खण्डित हो जाने पर स्त्रियाँ चूड़ी बध गई, यह शब्द लाती हैं।

...रे कई भाई ही नहीं, आरम्भ में मैं भी इस शब्द के भ्रम में पड़ गया। ...स भी कर लिया कि स्त्रियाँ व्यर्थ असत्य भाषण करती हैं। जो चीज

नष्ट हो गई है, उसके लिए वध गई कहना सभी को खटकेगा। परन्तु जब मैंने इस शब्द पर ध्यान दिया और गहरा विचार किया तो मुझे स्त्रियाँ ठीक रास्ते पर मालूम हुईं। माङ्गलिक व्यवहार में हमारी यह सदा से प्रथा रही है, कि उसके अमाङ्गलिक अंशको माँगलिकपुट से बोला जाय। सौभाग्यचिह्न चूड़े के अमङ्गलस्वरूप खण्डनके लिए उन्होंने 'वध गया' शब्द इसलिए रक्खा कि साधारण लोग तो इसे 'वृधुवृद्धौ' का माङ्गलिक रूप समझें पर उच्चारण करनेवाले का आशय 'वर्धछेदने' चुरादि का है, देखिए 'वधना' शब्द कैसे साहित्यिक भाव का द्योतक है। हमारी भाषा का अतीत कितना सुन्दर है, इसका ज्ञान हमें इन्हीं शब्दों से हो जाता है।

'पधारना'

आने और जाने में हमारे यहाँ समान भाव से इस का प्राचुर्यतः प्रयोग होता है। प्रणयी के लिए उसकी गमन वेला में 'जाओ' शब्द एक तरह अमङ्गलवाचक है। भला बीकानेरी साहित्यिक अपने प्रेमपात्र को जाओ, जैसा कठोर शब्द क्यों कर कह सकते हैं? उन्होंने इसके लिए सरल एवं भावमय शब्द रखा, वह यह है, आप किधर 'पाद धारेंगे, आने के समय आप किधर से पाद धार रहे हैं। आजकल की मारवाड़ी भाषा में आदर के लिए पग धरो, पगलिया धरो इत्यादि वाक्यों का प्रयोग हो रहा है। यह पाद धारण है, पधारना हो गया है।

'साम्बरना'

खास्यो (खादिष्यसि), जास्यो (यास्यसि), करस्यो (करिष्यसि) आदि मारवाड़ी शब्द संस्कृत के अतिनिकट हैं। साम्बरना शब्द भी वैसा ही है। चक्की से आटा पीसने के बाद आटे को इकट्ठा करने में इस शब्द का प्रयोग होता है, यह सम्बरण शब्द का अपभ्रंश है, जो साहित्यिकों का प्रचलित शब्द है।

"छोरी"

हमलोगों पर एक ऐसा भयङ्कर समय बीत चुका है कि जिसमें हमारी संस्कृति, धर्मनिष्ठता, मर्यादा को ध्वस्त करनेवाले साम्राज्य का छत्र रहा। उसका नाम था यवन-साम्राज्य। उस समय सुन्दर कन्या का जन्म होना दारुण दुःख का विषय था; क्योंकि कन्यापहरण प्रेमी यवन नवयुवकों के ऐसे कुकृत्य प्रचुर मात्रा में होते थे। प्रधानतः क्षत्रिय वर्ग में सुन्दर कन्या का जन्म होना बहुत ही कष्टदायक था। प्रथम तो क्षत्रिय जाति स्वभावतः स्वाभिमानिनी होती

अपनी कन्या का किसी ओछे आदमी से विवाह करना भी अच्छा नहीं ..., ऐसा होना अपने लिए अपमानजनक बात समझती है। कन्या- तो फिर बहुत ही कलङ्कास्पद था। अतः उस समय, अपनी बेइज्जती होने ... होने से यह धारणा बन चुकी थी कि कन्या-जन्म से तो हमारी मूँछें हो गईं—या कट गईं। कभी-कभी ऐसा होता है कि किसी वस्तु को दिखलाने के लिए उसे बढ़ा कर कहा जाता है, जैसे अच्छे खिलाड़ी को हैं, 'अच्छा जानदार खिलाड़ी है, वस्तुतः जान तो सब में ही होती है, परन्तु दिखलाने के लिये जानदार विशेषण दिया गया है। वैसे ही कन्या- को कलह और कलङ्क का मूल समझ कर लोग कहते थे कि हमारी मूँछ ही ... अर्थात् मूँछ के एक आध बाल ही नहीं कटे, अपितु हमारी तो क्षौरी ही हो गई। क्षौर, जिसे भाषा में सुंवार कहते हैं उसका मूल है। अर्थात् क्या हुई हमारे कुल के लिए तो उस्तरे से तमाम बाल साफ कर देने क्रिया हो गई। उसी का अपभ्रंश छोरी है। छोरी स्त्रीलिङ्ग शब्द है। पुल्लिङ्ग छोरा है।

यद्यपि 'छोरा' में वह भाव नहीं है, जो 'छोरी' के अन्तस्तल में है तथापि स्त्रीलिङ्ग से पुल्लिङ्ग में और पुल्लिङ्ग से स्त्रीलिङ्ग में ऐसे शब्द आ जाया ।

यथा पुत्र शब्द का अर्थ संस्कृत में इस प्रकार है—पुं नाम्नोनरकात्त्रायत इति ... पुं नामक नरक से जो त्राण करे उसे पुत्र कहते हैं। यह पुत्र का ही धर्म ...द्ध और और्ध्वदेहिक कृत्य से अपने मातापिता को नरक से उबारे। पुत्री ... ऐसी शक्ति ही है और न उसे ऐसा करने का शास्त्रीय अधिकार है, परन्तु पुत्र शब्द का स्त्रीलिङ्ग करने के लिए उसे पुत्री कह देते हैं। उसी तरह ... का पुल्लिङ्ग छोरा है, छोरी शब्द की अर्थाभिव्यक्ति उसमें नहीं है।

गोधा

... अर्थ में प्रयुक्त होनेवाले शब्द निम्न हैं—

गोधा, साण्ड, यू० पी० में इसे बिजार कहते हैं, खेतड़ी (जयपुर) में इसे ... कहते हैं, ये भी संस्कृत के विशुद्ध शब्द हैं।

गोधा

...पु दधाति गर्भमिति गोधा। गौओं में गर्भाधान करनेवाला।

साण्ड

अण्डैः सहितः साण्डः। अण्डकोष सहित को सांढ कहते हैं। कुंये या गाड़ी में जुतनेवाले बैल के अण्डकोष बेकार कर दिये जाते हैं और इसके पूर्ण रहते हैं।

बिजार—(यू० पी०)

विशिष्टो जारः-बिजारः। जार शब्द का अर्थ स्पष्ट है, यह गो-जाति के लिए विशिष्ट जार है।

आङ्किल

क्योंकि इस पर राजकीय आज्ञा से अङ्क लगाये जाते हैं। इसलिए यह अङ्कित है, इसी का अपभ्रंश आंकिल है।

हणं

यह शब्द प्रचलित हिन्दीभाषा के अभी शब्द के अर्थ में प्रयुक्त होता है बीकानेरी इसे विशेषतया व्यवहार में लाते हैं। इसका मूल 'अधुना' है। बीकानेरी भाषा में न को ण तथा आदिम स्वर का लोप देखा जाता है। जैसे भणो, घण, आदि। अधुना शब्द ज्यादा घिसा हुआ हणं के रूप में है।

ऐसी ही अन्य शब्दावली

पीहर—पीयर=पितृगृह।

भाभी-भौजाई,=भ्रातृभार्या-भ्रातृजाया।

ससी=श्वश्रू।

बीन=विशिष्टं इनः=बीनः।

रण्डासा=रण्डासा, (रण्डानस्यति कृत्वेति)

खुरपा=क्षुरपाः, क्षुरपाद्।

झांझरका—यह अनुकरण शब्द है। प्रातः जिन दिनों प्रत्येक घर में भगवान् की आरती होती थी, और उसमें वाद्य-विशेष से जो 'झां-झां' शब्द प्रकट होता था, तब से यह नाम प्रातः ब्राह्ममुहूर्त के सूचक रूपमें पड़ा। झां-झां शब्दं इति-आरते असौ॥

डांगर—डांगं—यष्टिं राति आदत्तेऽसौ।

गुवाड़—गवाट, मकानों के आगे, गौओं के दूहने की जगह।

पाखाड़—पय.खाड। अर्धसंस्कृत शब्द है।

पप्पी—पूर्षिः।

जेठौ—जयिनी।

रन्दांवली—रन्धावली, आदि आदि।

संस्कृत-साहित्य का महत्व

ले०—कविराज सत्यनारायण प्रसाद शास्त्री
साहित्यालङ्कार, काव्यकलाधर, साहित्यायुर्वेदाचार्य,
राजगढ़ बीकानेर (वृहद्राजस्थान)

आज का युग विज्ञान का युग है। प्राचीन आदर्श पुरुषों एवं आप्तों के … को बिना ननु नच यथावद्रूपमें आदर से माननेवाला युग समाप्तप्राय हो … । संस्कृत के महत्त्व को यद्यपि सभी जानते हैं, परन्तु उसे भी आज प्रमाणों … करने की आवश्यकता है।

वर्तमान समय में जितनी भी भाषायें प्रचलित हैं, उन सब में संस्कृत ही … है—यह कथन अतिशयोक्ति नहीं है। मैं तो यह कहने में भी संकुचित नहीं … कि संस्कृत ही समस्त भाषाओं का उद्गमस्थान है। इन कथनों को आगे … सिद्ध किया जायगा।

संस्कृत शब्द 'सम्' पूर्वक 'कृ' धातु में 'क्त' प्रत्यय के जोड़ने से बनता है। … एवं 'परि' उपसर्ग जोड़ने से जब 'कृ' धातु का अर्थ 'भूषण' या 'संघात' होता … 'सुट्' प्रत्यय होने का नियम रहने से संस्कृत का अर्थ सुसंहत या परिष्कृत … ही होता है।

हमारे प्राचीन ग्रन्थों में संस्कृत भाषा का संस्कृत नाम बहुत कम मिलता है। … संस्कृत शब्द का प्रयोग वाल्मिकीय रामायण में उपलब्ध होता है। यथा—

"यदि वाचं प्रदास्यामि द्विजातिरिव संस्कृताम्।
रावणं मन्यमाना मां सीता भीता भविष्यति॥"

महर्षि यास्क और पाणिनि के ग्रन्थों को देखने से यह जाना जाता है कि … समय में समस्त लौकिक व्यवहार इसी भाषा से होता था। परन्तु इसे … न कहकर भाषा नाम से ही सम्बोधन किया जाता था। यथा—

भाषायामन्वध्यायश्च। निरुक्त १।४
भाषायां सदवसश्रुवः। अष्टाध्यायी। ३।२।१०८

समय की गति बड़ी विचित्र है। ज्यों-ज्यों इस भाषा का प्रयोग सर्व… में कम होने लगा, तथा इस सर्वगुण-सम्पन्न भारती के पुनीत पद पर … का अधिकार होने लगा, तब उस समय के विद्वान प्राकृत से इसका भेद … करने के लिए इसे संस्कृत भाषा के नाम से पुकारने लगे; क्योंकि प्राचीन

महाकवियों द्वारा यह भाषा अपनी कृतियों में प्रयुक्त की गई थी, तथा पाणिनि कुमारदास प्रभृति विद्वानों से परिष्कृत की गई थी।

संस्कृत नाम की यथार्थता

जो वस्तु पूर्णतया पकी न हो, उसे पूर्ण पक्व न कह कर पच्यमान ही कहा जायगा एवं जो वस्तु पक गई हो उसे पक्व ही कहेंगे। ठीक इसी प्रकार जो भाषा पूर्ण परिष्कृत न हो, उसके धीरे-धीरे संस्कार होते जा रहे हों उसे संक्रियमाणभाषा ही कहा जायगा; क्योंकि उसमें परिवर्तन को अवकाश रहता है। उदाहरण से इसे यों समझिए कि संसार में कोई ऐसी भाषा नहीं, जिसमें १-२ शतक के बाद परिवर्तन नहीं हुआ हो। संस्कृतेतर भाषा के रूप और शब्दों को तो दूर रखिए, व्याकरण में भी कुछ वर्षों में अन्तर आ जाता है। पर संस्कृत की ओर जब दृष्टिपात करते हैं, तब निर्विवाद यह कह सकते हैं कि 'पाणिनि', 'कात्यायन', पतञ्जलि' के द्वारा संस्कार करने पर इस भाषा में नाममात्र को भी परिवर्तन नहीं हुआ। अतः सिद्ध हुआ कि वास्तव में यही भाषा संस्कृत, अविकृत और परिष्कृत है।

यद्यपि लौकिक संस्कृत के लिए ही संस्कृत शब्द पहले रूढ हुआ था, परन्तु वैदिक संस्कृत को भी लौकिक संस्कृत की जन्मदात्री होने के कारण संस्कृत नाम से सम्बोधन किया जाने लगा।

प्राचीन वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत में भेद नहीं, यह नहीं कहा जा सकता, परन्तु इस कथन में कोई आपत्ति नहीं कि दोनों में उदाहरणों से यह स्पष्ट हो जाता है।

कुछ एक उदाहरणों से यह स्पष्ट हो जाता है।

(१) युष्मद् एवं अस्मद् की चतुर्थी तथा सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में युष्मे एवं अस्मे रूप होते हैं। यथाः—"अस्मे इन्द्रा बृहस्पती" "न युष्मे वाजबान्धव" इत्यादि।

(२) लोट् लकार के मध्यम पुरुष के बहुवचन में त, तन, थन, एवं तात् प्रत्यय होते हैं, यथाः—"शृणोत ग्रावाणः सुनुतन यविष्ठन कृणुतात्"।

(३) तुमुन प्रत्यय के अर्थ में 'ध्यै' 'से' आदि प्रत्यय होते हैं—यथाः— "पिबध्यै", "जीवसे" इत्यादि।

इस प्रकार के उदाहरणों की संहिता ग्रन्थों में अल्पता नहीं। इस प्रकार के और भी बहुत से प्रत्यय होते हैं, जो कि सिद्धान्तकौमुदी की स्वर वैदिकी प्रक्रिया अथवा प्रतिशाख्य के अध्ययन से जाने जा सकते हैं।

ऋक् संहिता के बहुत से प्रयोग आरण्यक, ब्राह्मण संहिता एवं उपनिषदों में मिलते, जिससे इनकी अर्वाचीनता स्पष्ट सिद्ध होती है। ऐतरेय एवं शतपथ देखने से भी यही प्रतीत होता है कि इनकी भाषा संहिताग्रन्थों के पश्चात् ।

परन्तु तो भी ऐसा नहीं कहा जा सकता कि शतपथ आदि की भाषा संस्कृत से पूर्ण साम्य रखती है। इस विषय के १-२ उदाहरण नीचे दिये हैं।

पृथिव्य (पृथिव्याः) राजा स्याः, सविता वै प्रसवानामीशे (ईष्टे) अक्षत वा अस्य दन्ताः)॥

इसी प्रकार वैदिक प्रत्ययों में शनैः शनैः परिवर्तन होने लगा। यास्क के में भी आर्षप्रयोग प्रचुर परिमाण में मिलते हैं। रामायण, महाभारत, एवं में भी पाणिनीय व्याकरण के विरुद्ध बहुत से उदाहरण मिलते हैं। पाणिनि, के बाद भी कुछ परिवर्तन हुआ, परन्तु महाभाष्य के पृथ्वी पर प्रचलित पश्चात् तो इस भाषा में परिवर्तन नहीं हुआ, यही कहना श्रेष्ठ होगा।

पाणिनि के काल में संस्कृत सर्वसाधारण की भाषा थी तथा इसे संस्कृत न केवल भाषा कहते थे। परन्तु महाभाष्य-प्रणयनकाल में यह भाषा सर्व की भाषा न रह कर शिष्टों की भाषा हो चुकी थी, महाभाष्य देखने से होता है। शिष्ट शब्द विद्वान् ब्राह्मणों के लिए ही रूढ था, परन्तु ब्राह्मणे भी जो विद्वान होते थे, इसका प्रयोग सुचारु रूप से कर सकते थे। किसी के साथ 'सूत' शब्द पर अश्वचालक का शास्त्रार्थ हुआ था, इस के कथानक से ऐसा सिद्ध होता है। शिष्टों के अतिरिक्त साधारण लोगों उस समय में संस्कृतेतर प्राकृत थी।

बौद्धों के त्रिपिटक एवं जैनों के सूत्र ग्रन्थों तथा अशोक के शिलालेखों से चलता है, कि उस समय साधारण लोगों की प्राकृत भाषा भी कई रूप कर चुकी थी। संस्कृत के सुप्रसिद्ध नाटक-ग्रन्थों में भी कई तरह की प्राकृत होता था। यह नाटक ग्रन्थों के अवलोकन से जाना जाता है।

संस्कृत की सर्वश्रेष्ठता

संसार को उपलब्ध भाषाओं में संस्कृत ही सर्वश्रेष्ठ है, यह पहले लिखा जा । संस्कृतेतर भाषाओं के या तो आधार ही गलत हैं, या उनके स्वरूप में है। अन्य भाषाओं में आज कल अंग्रेजी का ही बहुत प्रचार है, एवं

यही विश्व की समृद्ध तथा सर्वश्रेष्ठ भाषा बहुत से मनुष्यों द्वारा समझी जाती है परन्तु संस्कृत के साथ तुलना करने से ज्ञात होगा कि अंग्रेजी संस्कृत के सामने कुछ नहीं। पहले अंग्रेजी को लिपि पर ध्यान दीजिए। अंग्रेजी की लिपि में २६ अक्षर हैं, उससे हमारी लिपि के त-थ-द-ध-ण, का तो उच्चारण किसी हालत में भी नहीं हो सकता, तथा ङ-ञ आदि के उच्चारण में भी इसी कठिनता का सामना करना पड़ता है। घ-छ-झ आदि बहुत से अक्षर ऐसे हैं, जिन्हें बनाने के लिए अंग्रेजी के एकाधिक अक्षरों की शरण लेनी पड़ती है तथा उच्चारण में भी बहुत अन्तर पाया जाता है। संस्कृत में उस अक्षर का उच्चारण हर हालत में वही होता है, जो उसके लिए नियत किया गया है, परन्तु अंग्रेजी में ऐसा नियम नहीं। जिस शैली से एक शब्द का उच्चारण होता है, उसी शैली द्वारा वैसे शब्दों का उच्चारण वैसा नहीं होता। यथा :—But और Put.

तथा कहीं किसी अक्षर का उच्चारण नहीं होता, यथा—Knife, Pneumonia कहीं निरर्थक अक्षरों को रख दिया जाता है, यथा-Light, Thought, कहीं अक्षरों के अभाव में ही उस जैसा उच्चारण हो जाता है, जैसे, Pure station इस प्रकार के उदाहरणों की न्यूनता नहीं यहाँ तो केवल दिग्मात्र दिखलाया गया है। इस प्रकार की गड़बड़ी इङ्गलिश में विद्यमान है। संस्कृत की देवनागरी लिपि में कोई गड़बड़ी नहीं है। देवनागरी लिपि के द्वारा मानव जो भी व्यक्त उच्चारण कर पाता है वह लिखा जा सकता है, परन्तु अन्य भाषाओं में वह सौकर्य नहीं। उर्दू आदि भाषा भी इसके सामने कुछ नहीं, यह सभी जानते हैं। अब भाषा सौष्ठव के विषय में भी कुछ शब्द कह देना अनुपयुक्त नहीं होगा।

संस्कृत भाषा के पाणिनीय व्याकरण की प्रशंसा सभी भाषाओं के विद्वानों ने मुक्तकण्ठ से की है। इसके प्रत्यय-बाहुल्य, धातु-बाहुल्य, समास-रचना एवं उपसर्गों के प्रयोग तथा स्वरपद्धति आदि विषय अपनी तुलना नहीं रखते। इसके प्रत्यय-बाहुल्य एवं धातु-बाहुल्य द्वारा अपने मनोभावों को व्यक्त करने में जितनी सुविधा प्राप्त होती है उतनी अन्यत्र नहीं।

एक विशेषता इस भाषा की यह भी है कि उसमें वाक्य के शब्दों को उलट-पलट कर देने से भी कोई आपत्ति नहीं उठती जैसे "रामो रावणं हन्ति" इस वाक्य को "रावणं रामो हन्ति" "हन्ति रामो रावणम्" किसी तरह भी बदल दीजिए परन्तु अर्थ यही होगा कि 'राम रावण को मारता है।' इधर अंग्रेजी में "... father beats the son" इस वाक्य को [illegible]

दें तो अर्थ ही दूसरा होगा। तथा Beats the son the father दें तो अर्थ ही नहीं बैठेगा। करना चाहिए, इस अर्थ के वाचक 'कर्तव्यम्' के लिए "It is to be done" इन पांच शब्दों को मिलाना होगा। ... द्वारा अनेक शब्दों को संक्षिप्त करने की शैली इसी भाषा में पूर्णतया सकी है। यद्यपि अंग्रेजी में भी हमें ऐसा आभास मिलता है, परन्तु वह ... नहीं। पर्यायवाचक शब्दों की बहुलता इसी भाषा में विद्यमान ... भाषाओं में पर्यायवाचक शब्दों की बहुत न्यूनता है। इन्हीं शब्दों ... होने के कारण संस्कृत में भिन्न-भिन्न छन्दों में अनेक प्रकार की इतनी सरलता के साथ हो सकी है। इतर भाषाओं के कवियों को कविता करने में कितनी कठिनता का अनुभव करना होता होगा यह वे हैं।

संस्कृत ही सब भाषाओं का उद्गम स्थान है

... भाषा भारतीय भाषाओं की जननी है यह तो निर्विवाद ही है परन्तु देशों की भाषाएं भी संस्कृत से बहुत कुछ प्राप्त कर चुकी हैं। बंगाली, ...लम, तामिल आदि संस्कृत गर्भित हैं ही, मारवाड़ी, गुजराती, गुरुमुखी ... भी इसी की पुत्रियां हैं। वर्तमान हिन्दी का तो कहना ही क्या? भी बहुत से ऐसे शब्द हैं जो संस्कृत से निकले हैं, दिङ्मात्र यहां लिखा ... (त्रि), एट (अष्ट), डाटर (दुहितृ), फादर (पितृ), मदर (मातृ) ...), डोर (द्वार), कैम्फर (कर्पूर), रे (रश्मि) आदि आदि।

मृतभाषा के आरोप का सयौक्तिक खण्डन

. लोग लैटिन की तरह संस्कृत को भी मृतभाषा कहकर अपमानित करते विचार की कसौटी पर यह कथन असत्य एवं अनर्गल प्रलापमात्र होता है।

१) जिस भाषा के द्वारा हिन्दुओं के आजन्ममरण सभी संस्कार सम्पन्न ... भाषा में लिखित रामायण, महाभारत की कथा सुनकर कोटिशः ... को धन्य-धन्य मानतो हों, एवं जिसके पुनीत ग्रन्थों को पढ़कर ... अपने हृदय को आनन्द दे रहा हो उस भाषा को मृतभाषा कहना विडम्बना नहीं है?

२) जिस भाषा की अमूल्य सूक्तियां पढ़कर मानव समाज आनन्द के अपार पूर में डूब जाता हो, जिसके आदर्शों ने कार्यों के ... में ...

जोश की एक अपूर्व लहर दौड़ा दी हो, युद्ध में पराङ्मुख, परमुखापेक्षी नपुंसकों को जिस भाषा के वाक्यों ने शत्रुओं के हृदय कंपा देने वाले बना दिये हों; उस भाषा को मृतभाषा कहकर कलङ्कित करना क्या अन्याय का कदम नहीं है ?

(३) जिसके काव्यों की मधुर पदावली मानव हृत्तन्त्री के तारों में एक अपूर्व राग का सृजन करती हो, निजप्रेयोवियुक्त प्राणिमण्डल के तातप्यमान हृदय को कल्पना के सजीव आनन्दोपवन में घुमाती रहती हो, जो नश्वर जगती के शोकाकुल भावों से खिन्न हृदय-प्राणियों को शान्ति के उस निकेत की ओर ले जाने वाले ग्रंथों से भरी पड़ी हो, जिसमें कर्मयोग का सन्देश देनेवाले गीता जैसे अमूल्य रत्न हो, उसे मृतभाषा कहना क्या अपनी आत्मा की हत्या नहीं है ?

(४) जिस भाषा के पुनीत प्राङ्गण में भारत के महामहिम कवियों ने सोल्लास क्रीड़ा की, जिस भाषा के सुरभिमय उद्यान में भावुक रसिक-मण्डल ने सानन्द विहार किया, जिस भाषा की सकल्लोका कल्लोलिनी में शोकाकुल जगती ने सानन्द अवगाहन किया, जिस भाषा के उत्तुङ्ग हिमाचल पर लेखकवृन्द ने समोद विहार किया, उसी भाषा को मृतभाषा कहकर सम्बोधित करना क्या अपनी जिह्वा को कलंकित करने का झूठा प्रयास नहीं है ?

(५) जिसकी गोद में पलकर कालिदास ने संसार को एक नया सुर दिया जिसके प्रेम भरे आश्वासनों द्वारा उल्लसित श्री हर्ष ने संसार को नैषधीय चरित्र जैसी देन दी, जिसकी दुलारभरी थपकियाँ पाकर बाण ने गद्य-काव्य का आदर्श स्थापित किया, जिसके मधुर वचनो से आनन्दित माघ एवं भारवि ने संसार को अपने प्रति आकृष्ट किया जिसकी भव्य भावना से भावित भवभूति ने अपनी वाणी से जगती को आनन्दित किया, क्या उसी पुनीत भाषा को मृतभाषा जैसे गन्दे शब्द से पुकारना अपनी विज्ञता को तिलाञ्जलि देना नहीं है ?

(६) जिसमें वेद, पुराण, उपवेद, उपपुराण, इतिहास, स्मृति, वेदाङ्ग षड्-दर्शन, काव्य, नाटक, अलङ्कार शास्त्रोंके अपूर्व ग्रन्थ निधिरूप से विराजमान हों, उसे मृतभाषा की उपाधि देना क्या बौद्धिक दिवालियापन नहीं है। संस्कृत मृत-भाषा नहीं है ! कभी नहीं !! त्रिकाल में भी नहीं !!!

मृत भाषा के दो अर्थ होते हैं, एक तो मरे हुए प्राणियों की भाषा दूसरे मरी हुई भाषा। पहला अर्थ तो प्रत्येक भाषा के लिए घटित हो सकता है। क्या अंग्रेजी, उर्दू आदि मरे हुए प्राणियों की भाषा नहीं है ? दूसरा अर्थ तो किसी प्रकार से भी सिद्ध नहीं होता, क्योंकि भाषा कभी मरती नहीं। जो अमरों की

जो मृतप्रायों में जीवन का शङ्ख फूंकती हो, जो भीरुओं में वीरत्व … हो, जो प्राणिमण्डलके हृदय में ज्वालामुखी धधकाती हो उसे मृतभाषा … अन्याय है ! सर्वथा अनुचित है ! धोखा है ! पोल है !! वध … करने का घृणित प्रयास है !!!

साहित्य शब्दपर विचार

भाषा का महत्त्व, अर्थ, वैशिष्ट्य आदि बतला दिए गये हैं। अब … पर भी विचार कर देना अनुपयुक्त नहीं होगा। साहित्य शब्द … आगे (ष्यञ्) प्रत्यय लगाने पर बनता है। जिसका अर्थ हितैषीका है। यद्यपि साहित्य शब्द का लक्षण अभी तक नहीं मिल सका है, जो प्राचीनोंने किये हैं, या तो वे काव्यों पर घट जाते हैं, अथवा काव्य …ों के बोधक हो जाते हैं। फिर भी साहित्य शब्दकी व्युत्पत्ति को …नने में कोई आपत्ति नहीं। हमारे संस्कृत साहित्य में साहित्य शब्द … सङ्गीत कलाविहीनः” इस भर्तृहरि के तथा “साहित्यपाथोदधिमन्थनोत्थं … हे कवीन्द्राः” इस कल्हण के वचन से पहले नहीं मिलता है। सर्व… शब्द के स्थान में वाङ्मय शब्द तथा इसके बाद काव्य शब्द का … था। इसके बाद साहित्य शब्द को ही अधिक उपयुक्त समझा … शब्द के दो अर्थ होते हैं, एक संकुचित और दूसरा व्यापक। … में काव्य नाटक अलङ्कार का ही बोध होता है। व्यापक अर्थ में … का बोध होता है। प्रस्तुत लेख में इस व्यापक अर्थ को ही लिया …

संस्कृत साहित्य की अगाधता

… का अन्वेषण, संशोधक विद्वान् सैंकड़ों वर्षों से करते आ रहे … अगाध समुद्रके तल भाग का अभी पता नहीं लगा है। भला जिस … में सृष्टि से लेकर आजतक अगणित विद्वान् प्रयास करते रहे … की इयत्ता मालूम करना क्या दुःसाहस नहीं? यद्यपि इसका निर्माण रुका हुआ है, तो भी कोई साहित्य इसकी तुलना करने … रखता। संस्कृत साहित्य में चार वेद, चार उपवेद, छै वेदाङ्ग, … १८ उपपुराण, महाभारत, षड्दर्शन, धर्मशास्त्र, काव्य, नाटक … आदि भेद एवं इनके अवान्तर भेद निहित हैं। अब संस्कृत साहित्य … संक्षिप्त वर्णन करना अप्रासङ्गिक नहीं होगा।

वेद

संस्कृत-साहित्य में वेदों जैसी अपूर्व निधि विद्यमान है। वेद ही संस्कृत-साहित्य के सबसे प्राचीन ग्रन्थ हैं। संसार के ऐतिहासिक विद्वान् इस बात को एकमत से स्वीकार करते हैं, कि ऋग्वेद से पुराना ग्रन्थ कहीं किसी साहित्य में भी नहीं है। वेद अनादि एवं अपौरुषेय हैं, ऐसा हिन्दू-संसारका विश्वास है। वेद सचमुच सभ्य संसार के ज्वलन्त रत्न हैं। इनमें जितना आलोक है उतना कहीं भी नहीं। हिन्दू-संसार का कोई भी संस्कार बिना वेदमन्त्रों के सम्पन्न नहीं होता।

उपवेद

चारों वेदों के चार उपवेद भी होते हैं—यथा आयुर्वेद, धनुर्वेद, गान्धर्व वेद और अर्थशास्त्र। उपवेद भी मानव-समाज के अत्यन्त काम की वस्तु हैं।

आयुर्वेद

मानव-जीवन की ही नहीं, प्राणिमात्र की एकमात्र उपकारक विद्याका नाम आयुर्वेद है। स्वस्थ पुरुष के स्वास्थ्य-रक्षण एवं रुग्णकी व्याधि-निवारण के उपाय इस विद्यामें पूर्णतया समुल्लिखित हैं। इसके आठ अङ्ग हैं—१ शल्य, २ शालाक्य, ३ काय-चिकित्सा, ४ कौमार भृत्य, ५ अगदतन्त्र, ६ भूतविद्या, ७ रसायन, ८ वाजीकरणतन्त्र। इसके प्रत्येक अङ्गपर महर्षियों की पृथक्-पृथक् संहिताएं थीं। पहले पहल इस शास्त्र का उपदेश ब्रह्माजी ने किया। धीरे-धीरे समस्त भूमण्डलपर इसका प्रचार होता गया। प्राचीन कालमें इसके भिन्न-भिन्न अङ्गोंके भिन्न-भिन्न आचार्य होते थे। इस समय इस शास्त्रके कई अङ्ग विलुप्तप्राय हो चुके हैं। प्राचीन संहिताओं में केवल दो ही उपलब्ध हैं—पहली चरक तथा दूसरी सुश्रुत। आयुर्वेद हज़ारों वर्ष पहले भी पूर्ण विकसित था। इसके रसायन नामक अङ्गमें तो इतने आश्चर्यजनक आविष्कारोंका वर्णन है कि जिन्हें सुनकर आजके वैज्ञानिक हैरान हैं। इस शास्त्रमें चिकित्सा-पद्धति का जितना सुन्दर वर्णन है उतना संसार की किसी विद्या में नहीं। आज भी भारत की अधिकांश जनता का स्वास्थ्य आयुर्वेद पर ही अवलम्बित है। यह बड़ा ही गूढ़ शास्त्र है—केवल वात-पित्त-कफके सिद्धान्तपर अवलम्बित है। इतना संक्षेप किसी अन्य चिकित्सा-प्रणाली की कल्पना के भी बाहर है।

धनुर्वेद

प्राचीन भारतमें धनुर्वेदका प्रचुर प्रचार था, या यों कहिए कि समस्त सैन्यशक्ति इसकी इसीपर ही अवलम्बित थी। इसकी जितनी प्रशंसा की जाय थोड़ी ही है। महाभारतमें अद्भुत आविष्कारोंका वर्णन मिलता है, जिनके आगे आजके वैज्ञानिक

... मालूम होता है। नारायणास्त्र, पाशुपतास्त्र, ब्रह्मास्त्र, मोह जृम्भकास्त्र, आदि अपना अपूर्व प्रभाव रखते थे। शब्दवेधी, प्रमाणवेधी ... महत्त्व की वस्तु थीं। इस शास्त्रमें धनुष चलानेकी क्रिया एवं विविध ... वर्णन है। धनुर्वाणका प्रचार प्राचीन भारत में बहुत था। आजकल विशेष प्रयोग दृष्टिगोचर नहीं होता।

गान्धर्व वेद

यही सङ्गीतविद्याके नामसे प्रसिद्ध है। इसके प्राचीन आचार्य भरत ... यह शास्त्र इतने महत्त्व का है कि सृष्टि के आदि से अन्त तक चलता रहेगा ... राग, तान, लय, मूर्च्छना आदि का सूक्ष्म से सूक्ष्म वर्णन है। संसार ... भिन्न प्राणियों की भिन्न-भिन्न बोलियों को सात स्वरों में अन्तर्भूत कर ... क्या कम है? सङ्गीतज्ञ विद्वान् समस्त प्रकृति पर अपना अधिकार ... है। यथेच्छ वर्णन कराना इसके बायें हाथ का खेल है। बुझे हुए दीप जलाना साधारण काम है। किं बहुना? यदि संसार पर अधिकार ... है तो वह संगीतशास्त्र-वेत्ता ही है।

अर्थशास्त्र

यह नीति-शास्त्र का पर्यायवाचक शब्द है। इसके सन्धि आदि छ अं... सच है कि साहित्य और संगीत के बिना समाज जी सकता ... नीति-शास्त्र के बिना नहीं। संस्कृत में शुक्रनीति आदि प्राचीन ग्रन्थ हैं ... कौटिलीय अर्थशास्त्र बहुत प्रशंसनीय ग्रन्थ है। सभी भाषाओं ... में इसीका अनुवाद है, एवं वे सभी इसी पर अवलम्बित हैं।

वेदाङ्ग

ये छ हैं—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, ज्योतिष, एवं छन्द। ये सभी ... के उपकारक शास्त्र हैं।

शिक्षा

इसमें प्रातः, सायं एवं मध्याह्न में किस प्रकार अध्ययन करना चाहिए ... वर्णका किस प्रकार करना चाहिये, इसका सूक्ष्म वर्णन पाया जाता है। ग्रन्थ पाणिनीय शिक्षा आदि हैं। स्वरोच्चारण सूक्ष्मता को देखकर तो ... ही करना पड़ता है। अन्य भाषाओं में ऐसा विषय नहीं है।

कल्प

इसमें सम्यगधीत एवं परिज्ञान-छन्द का इस कर्म में प्रयोग होता है ... उल्लेख है)। यह भी असाधारण विषय है।

व्याकरण

यह संस्कृत-साहित्य का महत्त्वपूर्ण विषय है। व्याकरण बहुत से हैं, परन्तु पाणिनीय व्याकरण उच्च कोटि का है। इसके नियम एवं आठों अध्यायों का क्रम देख कर कानून के बड़े से बड़े विद्वान् को हैरान होना पड़ता है। इस व्याकरण की यह भी विशेषता है कि इस शब्द का अर्थ ऐसा क्यों होता है। भोजन का अर्थ भोजन क्यों होता है, यह पाणिनीय व्याकरण बतला सकता है, परन्तु 'फूड' का अर्थ भोजन क्यों हुआ, यह अंग्रेजी ग्रामर कभी नहीं बतला सकता। इसका विवेचन पहले भी कर दिया गया है।

निरुक्त

वेदार्थ जानने का साधन है। इसका सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ यास्क का निरुक्त है। व्याकरण द्वारा शब्द-लक्षण-परिज्ञान होता है। इसके द्वारा शब्दार्थ निर्वचन-परिज्ञान होता है। यह भी असाधारण विषय है।

ज्योतिष

विषय संस्कृत-साहित्य में अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है। संसार के भूत-भविष्य का ज्ञान प्रत्यक्षद्रष्टा की तरह करा देना ज्योतिष का ही काम है। फिर भी विशेषता यह है कि ९ ग्रह एवं १२ भाव में ही सब कुछ सीमित कर रखा है। फलित शास्त्र बड़ा ही महत्त्वपूर्ण है। सभी प्राणियों की कुण्डलियों में ९ ग्रह एवं १२ भाव विद्यमान होते हैं, परन्तु फल ज्योतिषी एक-सा नहीं बतलाते। इससे इसकी सूक्ष्मता का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। इसके गूढ़ अन्वेषण को देखकर संसार चकित है।

छन्द

यह भी सभी शास्त्रों से एक विलक्षण महत्त्व रखता है। इसे वेद का पाद कहा गया है। यह समस्त वाङ्मय का आधार माना जाता है। छन्दों के विषय में यों कहा गया है कि बिना छन्द के कोई वाणी नहीं निकलती। देवता मृत्यु से बचने के लिए वेदमन्त्रों में प्रविष्ट हुए तथा छन्दों ने उन्हें बचाया। ढकने से आच्छादित करने के कारण इसका नाम छन्द पड़ गया। यह छान्दोग्योपनिषद् का प्रमाण है। एक प्रसिद्ध वक्ता के भाषण में उतना आकर्षण नहीं होता, जितना कि एक साधारण गवैये के गान में होता है। यह छन्दों का ही महत्त्व है। छन्द विशेष कर श्रवण-प्रिय होते हैं। जिधर से गीत की ध्वनि आती है, उधर ही कान विशेष ध्यान देते हैं। मनोभावों को विशेष तरंगित करने

तियों में उल्लिखित हैं। मनुस्मृति भारत की ही नहीं, संसार की आदर्श वस्तु है। मनुस्मृति में जो विधान है, वही या उसका कुछ विकृत रूप संसार के विधान में है, हिन्दू-संसार को स्मृतियों की पग-पग पर आवश्यकता है। स्मृतियों के साथ-साथ सूत्र भी धर्मशास्त्र के अन्तर्गत हैं। पारस्करादि गृह्यसूत्र बहुत मान्य हैं।

काव्य

यह संसार की सजीव एवं रसमय वस्तु है। सृष्टि के चमत्कारों को देख कर मानव-हृदय में जिन तरङ्गों की उत्पत्ति होती है, उसे ही मनोहर शब्दों में व्यक्त करना काव्य का कार्य है। प्रत्येक प्राणी की प्रवृत्ति जन्म से ही सुखान्वेषण के लिए होती है। काव्य अनायास ही सुख देता है, अतः काव्य को ब्रह्मानन्द-सहोदर कहा गया है। ब्रह्मानन्द की प्राप्ति के लिए मनुष्य को बड़े-बड़े कष्टों का अनुभव करना होता है। अतीन्द्रिय ज्ञान के बाद ही ब्रह्मानन्द प्राप्त होता है, परन्तु काव्य बिना किसी कष्ट के एक अलौकिक सुख देता है। अतः काव्य के प्रति मानव की प्रवृत्ति सहज ही होती है। काव्य के कानों में पड़ते ही आनन्द की एक लहर हृदय-सागर में उमड़ पड़ती है। काव्य-स्वाद का अनुभव उसके श्रवण मात्र से हो जाता है। काव्य के अध्ययन से दुःखी से दुःखी प्राणी भी अपने दुःख को भुला सकता है। अन्य शास्त्रों की अपेक्षा काव्य में एक विशेष आनन्द रहता है, यह सभी मानते हैं।

संस्कृत-भाषा में जितने सुन्दर काव्य हैं, उतने संसार की किसी अन्य भाषा में नहीं—यह निर्विवाद है। जो सौन्दर्य श्री कालिदास एवं श्री हर्ष की भारती में है, वह सौन्दर्य संसार के किसी अन्य कवि की भारती में नहीं—यह सरलतया कहा जा सकता है। काव्य के एक-एक श्लोक में अपूर्व आनन्द एवं उपदेश रहता है। काव्य के दो भेद होते हैं—दृश्य एवं श्रव्य। श्रव्य में गद्य, पद्य और मिश्र—ये तीन भेद होते हैं। गद्य के भी कथा और आख्यायिका ये दो भेद हैं। पद्य के महाकाव्य, खण्डकाव्य एवं कोश-काव्य ये तीन भेद हैं। मिश्र काव्य के चम्पू, विरुद एवं करम्भक—ये तीन भेद होते हैं। संस्कृत में गद्यकाव्य पद्य [illegible] अपेक्षा बहुत ही कम हैं। काव्य-सौन्दर्य के २-४ उदाहरण नीचे दिये

[१] [illegible] दास

[illegible]

)

[२] स्रगियं यदि जीवितापहा हृदये किं निहिता न हन्ति माम् ।
विषमप्यमृतं क्वचिद्भवेदमृतं वा विषमीश्वरेच्छया ॥

(रघुवंश महाकाव्यम्)

[३] [illegible] कर्माणि ।
[illegible] गुणकीर्तिसंहतिः ॥

(किरातार्जुनीयम्)

[४] [illegible] यदि ।
[illegible] परामवः ॥

[५] [illegible] ।
न [illegible] ॥

(अभिनवं भारतदिग्दर्शनमहाकाव्यम्)

[illegible] कितना मार्मिक चित्रण है ! क्या ऐसा वर्णन अन्य भाषा में हो [illegible] ! इन श्लोकों को सुनते ही रोमाञ्च हो उठता है, हृदय फड़कता है, [illegible] विशेष सिहरन हो उठती है। काव्य में ही ऐसी शक्ति है, जो कि समय [illegible] सकती है। विदुला की ओजस्विनी उक्ति किसे उत्साहपूर्ण नहीं करती ? संस्कृत-साहित्य के काव्यों की समता कहीं नहीं हो सकती !

नाटक

[illegible] दृश्य काव्यों को कहते हैं। दृश्य काव्य में भूतपूर्व घटनाओं का केवल [illegible] है, परन्तु नाटक में घटना-वर्णन के साथ-साथ एक आनन्ददायक [illegible] रहता है। इस प्रकार के अभिनय में भूतपूर्व घटनाओं का वर्तमान [illegible] करने की चेष्टा रहती है। नाटक में पाण्डित्य का उतना ध्यान नहीं [illegible], जितना कि दर्शकों को आनन्द प्राप्त कराने का। संस्कृत-साहित्य में [illegible] स्थान बहुत ऊँचा है। नाटक में एक विलक्षण चमत्कार रहता है। [illegible] । वृद्ध, मूर्ख या विद्वान्, स्त्री हो या पुरुष—नाटक सब को एक सा आनन्द [illegible] इसमें मानव-मात्र को अपनी ओर आकृष्ट करने की शक्ति रहती है। [illegible] बार-बार सुनने पर भी उपस्थित नहीं रहता, उसे रंगभूमि में एक बार [illegible] उसका यथार्थ ज्ञान हो जाता है। जितने सुन्दर नाटक संस्कृत-साहित्य [illegible] अन्यत्र नहीं। शकुन्तला नाटक संसार का सर्वश्रेष्ठ नाटक है। इसकी [illegible] वाला नाटक संसार में न हुआ, न होगा। "काव्येषु नाटकं श्रेष्ठं [illegible]" यह वचन वास्तव में यथार्थ ही है। इस नाटक का सब [illegible] में अनुवाद होना ही इसकी सर्वश्रेष्ठता का प्रमाण है।

अलङ्कार शास्त्र

इसका भी संस्कृत-साहित्य में विशेष स्थान है। यह बड़े महत्त्व का विषय है। वेदों से लेकर साधारण ग्रन्थों तक का यह महान उपकारक है। राजशेखर ने इसका इतना महत्त्व देख कर ही इसे सप्तम वेदाङ्ग कहा है। भाषा का प्रयोग सभी कर सकते हैं, परन्तु उसमें सौन्दर्य एवं चमत्कार अलङ्कारशास्त्र का विज्ञ ही कर सकता है। भाषा चाहे गद्यमयी हो या पद्यमयी, उसे आनन्ददायिनी और मनोरञ्जिनी बनाना अलङ्कारशास्त्र का ही कार्य है। अलङ्कार शास्त्र का प्राचीन ग्रन्थ भारत का नाट्य शास्त्र ही उपलब्ध होता है। काव्य को सजाने का साधन ही अलङ्कार शास्त्र है। काव्य की आत्मा के विषय में आलङ्कारिकों में बड़ा मत-भेद है। अधिकांश आलङ्कारिक रस को ही काव्य की आत्मा मानते हैं। नायक-नायिका आदि का सूक्ष्म भेद जितना संस्कृत-साहित्य के अलङ्कार-ग्रन्थों में है, उतना अन्यत्र नहीं।

कोश

यह भी महत्त्वपूर्ण विषय है। संसार की कोई भी भाषा बिना कोश-ग्रन्थों के जीवित नहीं रह सकती। इस परिवर्तनशील संसार में भाषा का परिवर्तन भी आवश्यक है। प्राचीन वेदों में प्रयुक्त होनेवाले सहस्रों शब्दों का प्रयोग अब नहीं हो रहा है। यदि वैदिक निघण्टु नहीं होता तो आज हम वेदों का अर्थ समझ ही नहीं सकते। शब्दार्थ का बोध कराना व्याकरण के साथ-साथ कोश का भी कार्य है। संस्कृत में विश्वकोश, शब्दकल्पद्रुम कोश आदि महत्त्वपूर्ण कोश विद्यमान हैं।

उपसंहार

इस प्रकार सर्वाङ्गपूर्ण इस पुनीत भारती को छोड़कर हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा के पद पर आसीन देखने का स्वप्न जो आज भारत के महापुरुष ले रहे हैं, वास्तव में स्वप्न ही है। यदि भारतीय मानव-समाज का उपकार हो सकता है तो, इसी भाषा से, अन्य से नहीं।

वस्तुतः यही भाषा राष्ट्रभाषा के योग्य है। भारतवर्ष में संस्कृतज्ञों की संख्या कम नहीं, यदि आज हम एक सूत्र में आबद्ध होकर आवाज बुलन्द करें, तो किसी में कोई शक्ति नहीं कि इसे राष्ट्रभाषा होने से रोक सके।
